आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 244 | उज्जैन, बुधवार 16 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### दिल्ली-दुबई स्पाइसजेट की 2 फ्लाइट 24 घंटे लेट

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट की दिल्ली से दुबई जाने वाली दो फ्लाइट 24 घंटे से ज्यादा लेट हो गईं। देरी से परेशान करीब 200 यात्रियों ने मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 के अंदर जमीन पर बैठकर प्रदर्शन किया। एयरलाइन चोर है के नारे लगाए। यात्री सोमवार से अपने फ्लाइट का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, बिना कोई स्पष्ट कारण बताए दोनों फ्लाइट का शेड्यूल बार-बार बदला गया। दोनों फ्लाइट मंगलवार दोपहर तक उड़ान नहीं भर सकीं। इनमें पहली फ्लाइट, एसजी 5111 को सोमवार सुबह 8.30 बजे दिल्ली से उड़ना था और 11.15 बजे दुबई पहुंचना था। वहीं, एसजी 5105 को रात 10.10 बजे उड़ान भरनी थी और 12.55 बजे दुबई पहुंचना था।

### 2 हजार तक यूपीआई पेमेंट फ्री रहेगा इससे ज्यादा पर फीस अभी तय नहीं

**नई दिल्ली।** यूपीआई से 2 हजार रु. तक पेमेंट करने पर ग्राहक से किसी तरह की फीस नहीं ली जा सकती। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर यह स्थिति साफ कर दी। अब 2 हजार रुपये तक के यूपीआई पेमेंट पर बैंक या पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर कोई डायरेक्ट या इनडायरेक्ट चार्ज नहीं लगा सकेंगे। रुपे डेबिट कार्ड से होने वाले पेमेंट को भी इस छूट में शामिल किया गया है। दरअसल, अगस्त में संसद से टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) एक्ट, 2026 पास होने के बाद यूपीआई पेमेंट पर चार्ज को लेकर चर्चा शुरू हुई थी। आशंका थी कि 2 हजार रुपये से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट लगाया जा सकता है।

### न्यूयॉर्क में भारतीय मूल की महिला ट्रेन से कटी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक हादसे में भारतीय मूल की महिला और उसके नेपाली मूल के दोस्त की मौत हो गई। दोनों की उम्र 24 साल थी। वे लोअर मैनहट्टन में एक सबवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर बैठे थे। इसी दौरान दोनों वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गए। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो सामने आया। वीडियो में दोनों ट्रेन आने से कुछ सेकंड पहले ट्रैक पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रेन ऑपरेटर (ड्राइवर) ने बताया कि उसने महिला को हटाने का इशारा देते हुए देखा था। वह दोस्त को अपनी तरफ खींच रही थी। यह घटना स्प्रिंग स्ट्रीट सबवे स्टेशन की है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के मुताबिक, न्यू जर्सी के डेटन की रहने वाली मलाइका चित्रे और सेरेविल के रहने वाले नवम कौल शनिवार देर रात करीब 3.15 बजे ट्रैक पर थे।

### चेक बाउंस मामला

### राजपाल यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत



रकम जमा करने के लिए मिला 2 हफ्ते का समय

**मुंबई।** चेक बाउंस मामले में कानूनी उलझनों का सामना कर रहे बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को देश की शीर्ष अदालत से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता की याचिका पर सुनवाई करते हुए अभिनेता को बकाया राशि जमा करने के लिए 2 सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया है। हालांकि, अदालत ने सख्त लहजे में साफ कर दिया है कि यह उनके लिए अंतिम मौका है। सुप्रीम कोर्ट ने राजपाल यादव को कम से कम 2 करोड़ रुपये तुरंत जमा करने और शेष राशि के लिए गारंटी (श्योरिटी) पेश करने का निर्देश दिया है। अदालत ने सुरक्षा के लिहाज से अभिनेता को अपना पासपोर्ट जमा कराने के आदेश दिए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 10 जुलाई को चेक बाउंस मामले में सुनवाई करते हुए राजपाल यादव को 3 महीने की जेल की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ अभिनेता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इससे पहले 8 सितंबर को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री में 5 करोड़ रुपये जमा कराने की शर्त पर ही सरेंडर से छूट देने की बात कही थी। अदालत ने स्पष्ट किया था कि बिना पैसे जमा किए उन्हें राहत मिलना संभव नहीं है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब राजपाल यादव से कर्ज न चुका पाने पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ पैसों की नहीं बल्कि सिद्धांतों की है।

### नैनो न्यूज

- **मुंबई :** स्टॉक मार्केट में भारी गिरावट, सेंसेक्स 778 अंक टूटकर 74,003 पर बंद, निफ्टी 280 अंक फिसला।
- **कोलकाता :** सुभेंदु अधिकारी के पीए की मां नंदीग्राम से उम्मीदवार, बंगाल चुनाव नतीजे के 2 दिन बाद चंद्रनाथ रथ की हत्या हुई थी।
- **नई दिल्ली :** केदारनाथ यात्रा फिर शुरू, बिना हेलमेट एंट्री नहीं, यूपी-राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश का अलर्ट, बिहार में 5 नदियां खतरे के निशान के ऊपर।
- **स्कॉटलैंड-वेल्स** और नॉर्दर्न आयरलैंड ने ब्रिटेन से आजादी मांगी, अलग होने पर पहली बार तीनों नेताओं की मीटिंग, कहा-लंदन हमें नहीं रोक सकता।
- **हूती विद्रोहियों** की पसंदीदा गाड़ी बनी टोयोटा हिलक्स, इस पर मशीनगन-रॉकेट लॉन्चर लगाना आसान, 45 साल से दुनियाभर के आतंकियों की पहचान बनी।
- एनडीए के 3 सहयोगी दलों ने यूसीसी का समर्थन किया, बिहार में जेडीयू का विरोध, शाह बोले थे- 2029 तक 21 राज्यों में यूसीसी लागू होगा।

प्रदेश के खरगोन जिले के टांडा बरुड़ में हरतालिका तीज पर

# रबड़ी खाते ही 37 लोग बीमार, 4 बच्चों समेत 8 जिला अस्पताल में भर्ती

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खरगोन

मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के टांडा बरुड़ में हरतालिका तीज पर रबड़ी खाने के बाद करीब 37 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। इनमें महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल हैं। सोमवार रात उपवास के चलते लोगों ने बस स्टैंड स्थित कैलाश होटल से रबड़ी खरीदकर खाई थी। देर रात एक के बाद एक लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

सिविल सर्जन डॉ. राजकुमारी देवड़ा के अनुसार, खरगोन में 17 मरीज अस्पताल पहुंचे हैं। इनमें 4 बच्चों समेत 8 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। कुछ मरीजों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। वहीं, करीब 20 मरीजों का इलाज टांडा बरुड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सभी मरीजों की स्थिति स्थिर है और उपचार के बाद उनमें सुधार हो रहा है। बीमार लोगों में अकिला समेत एक मुस्लिम परिवार के पांच सदस्य भी शामिल हैं। रबड़ी खाने के बाद उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



#### जांच रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा बीमारी का कारण

प्रशासन के अनुसार, शुरुआती तौर पर रबड़ी खाने के बाद फूड पॉइजनिंग की आशंका है। हालांकि इसकी वास्तविक वजह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। पुलिस भी घटना से जुड़े तथ्यों और होटल से संबंधित जानकारी जुटा रही है। बीमार लोगों में मदन कुमरावत, सुनीता भावसार, मोनिका कुंदन राठौर, संजय कुमरावत, प्रतीक्षा कमल, गायत्री कमल, मनीषा दिनेश, मदन छगन, निकिता मंडलोई, राधा मंडलोई सहित अन्य लोग शामिल हैं।

#### रबड़ी के सैंपल लिए

घटना की सूचना मिलने के बाद मंगलवार सुबह एसडीएम सत्येंद्र बैरवा अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मरीजों की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद बरुड़ पुलिस ने कैलाश होटल पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल से रबड़ी के सैंपल लिए हैं। इन्हें जांच के लिए भेजा गया है। एसडीएम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# प्रमुख सचिव और सागर कलेक्टर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

## हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी— प्रशासन ने अवमानना मामलों में पूर्ण निष्क्रियता अपना ली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उच्च न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दो आईएएस अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन ने अवमानना प्रकरण की सुनवाई के दौरान अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि उनका कृत्य राज्य सरकार के प्रशासन में एक बहुत ही दयनीय स्थिति को दर्शाता है।

मामला सागर कलेक्टर कार्यालय में अनुभाग अधिकारी के पद पर पदस्थ शीला सेन के नियमितीकरण से जुड़ा है। शीला सेन ने अपनी सेवा को अस्थायी/संविदा/दैनिक वेतन से नियमित किए जाने की मांग को लेकर पूर्व में हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। इस पर 19 मार्च 2025 को न्यायालय ने राज्य शासन के प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग और कलेक्टर सागर को उनके नियमितीकरण के दावे का 90 दिन के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए थे।

निर्धारित 90 दिन की अवधि जून 2025 में समाप्त हो गई, लेकिन इसके बावजूद आदेश का पालन नहीं हुआ। न तो नियमितीकरण के दावे पर निर्णय लिया गया और न ही न्यायालय को पालन की स्थिति से अवगत कराया गया। इसके बाद शीला सेन की ओर से अधिवक्ता कविता गुप्ता एवं विद्या प्रसाद के माध्यम से अवमानना याचिका दायर की गई।



#### नोटिस मिला, फिर भी कोर्ट में नहीं पहुंचे

अवमानना मामले में तत्कालीन प्रमुख सचिव राजस्व विभाग विवेक पोरवाल और तत्कालीन सागर कलेक्टर संदीप जी.आर. को अनावेदक बनाया गया। न्यायालय के रिकॉर्ड के अनुसार दोनों अधिकारियों को सितंबर 2025 में नोटिस तामील हो चुके थे। रजिस्ट्री जे-1 की 9 दिसंबर 2025 की रिपोर्ट में भी इसका उल्लेख किया गया। वहीं, सागर कलेक्टर कार्यालय की ओर से 3 दिसंबर 2025 को हाईकोर्ट की रजिस्ट्री को पत्र भेजकर तहसीलदार, सागर सिटी को इस मामले के लिए कॉन्टैक्ट ऑफिसर नियुक्त किए जाने की जानकारी दी गई। लेकिन इसके बाद भी अधिकारियों की ओर से न्यायालय के समक्ष न तो कोई अधिवक्ता उपस्थित हुआ और न ही पालन प्रतिवेदन दाखिल किया गया। दोनों अधिकारी स्वयं भी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।

#### अनावेदक अवमानना याचिका से पूरी तरह अवगत

न्यायमूर्ति विवेक जैन ने इस रवैये को लेकर बेहद सख्त टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि दोनों अनावेदक अवमानना याचिका के लंबित होने से पूरी तरह अवगत हैं। उन्होंने रजिस्ट्री को पत्र तक भेजा, लेकिन इसके बाद न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने अथवा आदेश के पालन की रिपोर्ट दाखिल करने की जरूरत तक नहीं समझी। कोर्ट ने इसे एब्सल्यूट इनर्शिया यानी पूर्ण निष्क्रियता करार देते हुए कहा कि यह स्थिति राज्य सरकार के प्रशासन में एक बेहद दयनीय स्थिति को दर्शाती है।

#### गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अलावा विकल्प नहीं

न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसी स्थिति में उसके पास दोनों अनावेदकों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। कोर्ट के आदेश के अनुसार अनावेदक क्रमांक-1 के खिलाफ जारी वारंट का निष्पादन पुलिस आयुक्त, भोपाल तथा अनावेदक क्रमांक-2 के खिलाफ वारंट का निष्पादन पुलिस अधीक्षक, सागर करेंगे। दोनों अधिकारियों को 21 सितंबर 2026 को हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले को अगली सुनवाई के लिए 21 सितंबर को सूचीबद्ध किया गया है। प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर हाईकोर्ट की यह टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई और अवमानना याचिका दायर होने के बाद भी संबंधित अधिकारियों की ओर से प्रभावी न्यायिक पैरवी या अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई।

ममता बनर्जी से अलग हुए

# 17 सांसदों को बीजेपी ने भी एंट्री देने से किया साफ इनकार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल की राजनीति में उस वक्त जबरदस्त सियासी भूचाल आ गया, जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से बगावत करने वाले एक सांसद ने दावा कर दिया कि 17 बागी सांसद जल्द ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थामने जा रहे हैं। हालांकि, बंगाल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए बागी नेताओं की एंट्री पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने साफ लफ्जों में कह दिया है कि भाजपा केवल इसलिए किसी को पार्टी में जगह नहीं देगी क्योंकि वह इसमें शामिल होना चाहता है।

राज्य में भाजपा की कमान संभाल रहे प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने बागी सांसद जगदीशचंद्र बासुनिया के बयानों को हवा-हवाई करार देते हुए तंज कसा कि बासुनिया जिस भाजपा की बात कर रहे हैं, क्या वह मंगल ग्रह वाली भाजपा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तृणमूल कांग्रेस या नवगठित एनसीपीआई से किसी भी सांसद को पार्टी में शामिल करने की कोई योजना नहीं है। भट्टाचार्य ने जोर देकर कहा कि बंगाल की जनता भूली नहीं है कि टीएमसी शासन के दौरान इन नेताओं और सांसदों ने आम लोगों पर किस तरह के अत्याचार किए थे, ऐसे में पार्टी अपनी विचारधारा से कोई समझौता नहीं करेगी। दरअसल, यह पूरा विवाद बागी सांसद जगदीशचंद्र बासुनिया के उस बयान के बाद गहराया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि दुर्गा पूजा से पहले या बाद में 17 सांसद भाजपा में शामिल होने वाले हैं।

# पीथमपुर में नाइट्रोजन टैंक में विस्फोट, 3 मजदूर घायल



दैनिक अवन्तिका ▶▶ पीथमपुर

प्रदेश के धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर सेक्टर-3 स्थित इंडोरामा क्षेत्र की मित्तल कंपनी में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे तेज धमाका हुआ। कंपनी में नाइट्रोजन गैस के रिसीवर टैंक का निचला हिस्सा फट गया। धमाके की आवाज से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में तीन मजदूर घायल हुए हैं। स्थानीय कर्मचारियों और राहत दल ने घायलों को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद सभी को श्रीनाथ प्राइवेट हॉस्पिटल भेजा गया। इनमें दो मजदूरों की हालत नाजुक बताई जा रही है। विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य चलाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

अमेरिका ने पहली बार माना

# स्पेस में हथियार तैनात किए

#### कौन से वेपन, कब भेजे गए अभी सीक्रेट

#### अंतरिक्ष में युद्ध का खतरा बढ़ा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन डीसी

अमेरिका ने पहली बार माना है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक ने सोमवार इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास ऑर्बिट में ऐसे हथियार हैं, जिनका इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए किया जा सकता है।

अमेरिकी अधिकारी ने यह नहीं कहा कि ये हथियार आखिर किस तरह के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया था। अमेरिका का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में अपनी ताकत बढ़ाने की होड़ चल रही है। इससे अंतरिक्ष में हथियारों की दौड़ और तेज होने की आशंका भी बढ़ गई है।

#### नुकसान भी संभव

अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की बढ़ती अंतरिक्ष सैन्य ताकत को लेकर चिंता जताता रहा है। आज के युद्ध में सैटेलाइट बहुत जरूरी हो गए हैं। सेनाएं इनका इस्तेमाल आपस में संपर्क करने, रास्ता पता करने, खुफिया जानकारी जुटाने और मिसाइलों पर नजर रखने जैसे कामों में करती हैं। ऐसे में अगर किसी देश के सैटेलाइट पर हमला होता है तो उसकी सैन्य ताकत कमजोर हो सकती है।

# इंसानी नस्ल खत्म कर देगा एआई : गूगल रिसर्चर

## खतरा टालने के लिए बहुत कम समय, 4 साल में मामूली से हैकर बने एआई एजेंट्स

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

गूगल डीपमाइंड के एक पूर्व वैज्ञानिक बिलाल चुगताई ने चेतावनी दी है कि एआई पूरी मानव जाति को खत्म कर सकती है। उन्होंने ये भी कहा कि इसे रोकने के लिए समय बहुत कम बचा है। उन्होंने इस्तीफा देने के बाद दुनिया को एआई के इस छिपे खतरे से आगाह किया है।

इससे पहले एंथ्रोपिक के रिसर्चर जैकब कॉक्सन ने भी इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एआई के खतरे को लेकर कहा था कि एआई बनाने वाले डेवलपर्स खुद मानते हैं कि 2030 तक यह तकनीक इंसानों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। गूगल डीपमाइंड से इस्तीफा देने के बाद बिलाल चुगताई ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि एआई में पूरी इंसानियत को खत्म करने की ताकत है और इस खतरे को रोकने के लिए समय बहुत कम बचा है।



**कंट्रोल खोने का डर:** अभी तक हम मशीनों को जैसा आदेश देते हैं, वे वैसा ही काम करती हैं। लेकिन आने वाले समय में ऐसी मशीनें बन जाएंगी जो इंसान के दिमाग से भी ज्यादा चालाक और समझदार होंगी। इसे एजीआई कहते हैं। जब मशीनें इंसानों से ज्यादा बुद्धिमान हो जाएंगी, तो वह हमारे आदेश मानना बंद कर सकती हैं।

**स्वायत्त हथियार:** ये ऐसे डिजिटल हथियार या ड्रोन होंगे जिन्हें चलाने के लिए किसी इंसान की जरूरत नहीं होगी। ये मशीनें खुद तय करेंगी कि किस पर हमला करना है या मारना है।

भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता 19 अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद

# 15 साल में 1.9 लाख करोड़ निवेश करेगा न्यूजीलैंड

## भारत से न्यूजीलैंड पहुंचने वाले सामान पर न्यूजीलैंड कोई इम्पोर्ट ड्यूटी नहीं लेगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी एफटीए 19 अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने 15 सितंबर को यह जानकारी दी।

दोनों देशों ने 27 अप्रैल को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसका मकसद वस्तुओं और सेवाओं के कारोबार और निवेश को बढ़ावा देना है।

इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड ने भारत के 100% निर्यात को टैक्स फ्री करने की बात भी कही है। यानी भारत से न्यूजीलैंड पहुंचने वाले सामान पर न्यूजीलैंड कोई इम्पोर्ट ड्यूटी नहीं लेगा। दोनों देशों ने निवेश को बढ़ावा देने पर भी सहमति जताई है। एग्रीमेंट के तहत न्यूजीलैंड से अगले 15 साल में भारत में 20 बिलियन डॉलर यानी करीब 1.9 लाख करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है।

- **समझौते से भारतीय उत्पादों को फायदा-** फिलहाल न्यूजीलैंड, भारत के प्रमुख उत्पादों पर अधिकतम 10% तक शुल्क लगाता है। इनमें सिरेमिक, कालीन, ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट शामिल हैं। एफटीए लागू होने के बाद इन उत्पादों समेत भारत के सभी निर्यात को न्यूजीलैंड में टैक्स फ्री पहुंच मिलेगी।
- **5 हजार भारतीय प्रोफेशनल्स को वर्किंग वीजा मिलेगा-** सर्विस सेक्टर में भारत ने आईटी, शिक्षा, फाइनेंशियल सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और टूरिज्म जैसे हाई-वैल्यू सेक्टरों में बाजार पहुंच हासिल की है। समझौते के तहत आयुष, योग इंस्ट्रक्टर्स, इंडियन शेफ और म्यूजिक टीचर्स के लिए भी रास्ते खुलेंगे। एफटीए में एक नया टेम्परेरी एम्प्लॉयमेंट एंट्री वीजा का रास्ता बनाया गया है। इसके तहत हर साल 5,000 भारतीय स्किल्ड प्रोफेशनल्स न्यूजीलैंड में 3 साल तक काम कर सकेंगे। इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर और एजुकेशन सेक्टर में खासतौर पर मौके होंगे। इसके अलावा भारतीय वाइन और स्पिरिट्स को भी न्यूजीलैंड के बाजार में ड्यूटी फ्री एक्सेस मिलेगा।

#### न्यूजीलैंड को कृषि उत्पादों पर रियायत, डेयरी पर छूट नहीं



एग्रीमेंट में न्यूजीलैंड को भारतीय बाजार में पहुंच देने के लिए भारत ने अपनी 70% टैरिफ लाइन्स खोल दी हैं। इसमें सेब, कीवीफ्रूट और मनुका हनी जैसे कृषि उत्पादों पर टैरिफ रियायतें दी गई हैं, लेकिन ये कोटा लिमिट और मिनिमम इम्पोर्ट प्राइस की शर्तों के साथ होंगी। इसके अलावा न्यूजीलैंड को भारत में अपने 54% से ज्यादा एक्सपोर्ट पर तुरंत शून्य ड्यूटी मिलेगी।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### मौसम बेईमान, दीप दीपन पर बादल छाए रहेंगे

एक बार फिर से मोक्ष दायिनी मां के तट पर दीप दीपन से उसे पूरी तरह से जगमग करने की योजना पर अमल किया जा रहा है। इसके लिए तैयारी पूर्ण हो चुकी है और पूर्ववत इसे अंजाम देने के लिए सभी बातों का ख्याल रखा जा रहा है। जोन, सेक्टर बनाए गए हैं वालेंटियर भी तय कर दिए गए हैं। उनकी संख्या के मान से व्यवस्था को जुटाया जा रहा है लाखों दीप से मां का आंचल सजाया जाना है। इस सब के बीच में मौसम की बेईमानी का ख्याल आना वाजिब ही कहा जाएगा। वैसे तैयारी से पूर्व इसे लेकर भी पूरी जानकारी हासिल की ही गई होगी और उसी मान से अमल भी किया जा रहा होगा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के आधार पर 15 सितंबर तक ही बारिश के पक्के आसार की जानकारी प्रारंभिक रूप से सामने आ रही है। अभी 17 सितंबर को लेकर स्पष्ट स्थिति सार्वजनिक रूप से सामने नहीं है फिर भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की स्थिति में शहर में मानसून की सक्रियता सामने आ रही है। इस दौरान तापमान 30 से 23 डिग्री तक बताया जा रहा है और आंशिक बादल के साथ धूल भरी आंधी और गरज के साथ बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। मां के आंचल के क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी एवं 12-14 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाओं की स्थिति बताई जा रही है। 15 सितंबर तक अच्छी बारिश के दौर के कारण संभावना है कि वहां कीचड़ की स्थिति बनी रह सकती है। वैसे इस बार अलनीनों का असर काफी रहा है और उसके चलते दीपदीपन में किसी भी स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता है। वैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता की स्थिति राजसी सवारी के दौरान गड़बड़ा गई थी और बारिश का दौर बताया था लेकिन उस दौरान सवारी में मात्र कुछ देर की बूंदा बांदी ही रही थी। खुसूर-फुसूर है कि दीप दीपन की योजना मानसून रवानगी के कुछ दिनों पूर्व अंजाम दी जा रही है। ऐसे में देखना है कि दीप में तेल और बाती आंचल को जगमग करते हुए नजर आते हैं या फिर मोक्षदायिनी में दीप दान हो जाता है। वैसे इस बार अब तक मां को चुनरी ओढाने की स्थिति सामने नहीं आई है।

## नैनो न्यूज

- **महाराष्ट्र समाज** उज्जैन में चारों वेदों की वसंत पूजाह्व संपन्न, श्री गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में सोमवार को क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर में चारों वेदों की वसंत पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में 12 वैदिक ब्राह्मणों का शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।
- **ई-केवाईसी** और पंजीयन कार्यों से अलग रखने का किया आग्रह, सरकार द्वारा लागू की गई स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना में व्यक्तिगत दायित्व से मुक्त रखने की मांग को लेकर पटवारियों ने मोर्चा खोल दिया है।
- **श्री वीर तेजाजी** महाराज के चैतन्य स्थल श्री तेजाजी महाराज मंदिर, हनुमंत बाग, भेरूपुरा, बड़नगर रोड़ उज्जैन पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तेजादशमी पर्व के उपलक्ष्य में 2 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- **मध्यप्रदेश पटवारी** संघ जिला,उज्जैन प्रांत के आव्हान पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन, मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला उज्जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पटवारी कोठी पैलेस पर एकत्रित हुए। यहां अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराने के बाद सभी पटवारी रैली के रूप में कोठी रोड से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।
- **डॉ. विश्वेश्वरैया** की जयंती पर इंजीनियरिंग कॉलेज में मना 59वां अभियंता दिवस, आधुनिक भारत के विश्वकर्मा और भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर 15 सितंबर को उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज में 59वां अभियंता दिवस मनाया गया।
- **वैश्य महासम्मेलन** के संभागीय सम्मेलन में संगठन मजबूती पर जोर, वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश का उज्जैन संभागीय सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में संभाग भर के पांच जिलों के अध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया और कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर अहम निर्णय लिए गए।

## ट्रेंडिंग




गणपति बाबा मोरिया के जय घोष से गूंज रही महाकाल नगरी, वातावरण पूरी तरह से भक्ति मय बना

# शाम ढलते ही गणेश जी की प्रतिमाओं के दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालु



अन्नपूर्णा नगर




कॉसमॉस मॉल- रुद्राक्ष सेवा समिति



कॉसमॉस मॉल- ब्रह्मास्त्र संस्था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इस समय शहर में चारों ओर गणेश उत्सव की धूम नजर आ रही है। उज्जैन में यह उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है. शहर में जगह-जगह पर विभिन्न झांकियों और पांडाल में गणेश जी की अलग-अलग मनभावन प्रतिमाएं देखी जा सकती हैं।

### अन्नपूर्णा नगर में लाल बाग के राजा के स्वरूप में विराजे भगवान गणेश

नानाखेड़ा क्षेत्र के अन्नपूर्णा नगर में अन्नपूर्णा भक्त मंडल द्वारा ढाई लाख रुपए कीमत की सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश जी की प्रतिमा विराजित कर क्षेत्र में गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह गणेश प्रतिमा महाराष्ट्र के भुसावल से विशेष रूप से तैयार करवाई गई है तथा गणेश जी की यह प्रतिमा लाल बाग के राजा के स्वरूप बनवाई गई है जोकि क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और बड़ी संख्या में लोग गणेश जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं आयोजकों ने आगे बताया कि आने वाले दिनों में महा आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा ।



काजीपुरा में गंगानगर

### कॉसमॉस मॉल चौराहे पर विराजे नानाखेड़ा के राजा

नानाखेड़ा क्षेत्र में कॉसमॉस मॉल चौराहे पर रुद्राक्ष सेवा समिति द्वारा 18 फीट ऊंची सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। यहां विराजित गणेश जी की प्रतिमा लालबाग के राजा के पैटर्न में बनी हुई है एक लाख रुपए कीमत की यह प्रतिमा क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और बड़ी संख्या में लोग गणेश जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं आयोजकों ने बताया कि गणेश पंडाल में 21 सितंबर को खाटू श्याम की भजन संध्या होगी इसके अलावा 22 सितंबर को महा आरती व 56 भोग का आयोजन भी किया जाएगा, साथ ही प्रतिदिन आरती के पश्चात खिचड़ी का वितरण किया जा रहा है।

### शिवजी की गोद में विराजमान भगवान गणेश

नानाखेड़ा क्षेत्र के कॉसमॉस मॉल चौराहे पर ब्रह्मास्त्र संस्था द्वारा गणेश जी की सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश जी की प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है पिछले 12 वर्षों से ब्रह्मास्त्र संस्था क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना करते आ रही हैं इस बार भी 70 हजार रुपए कीमत की गणेश प्रतिमा विराजित की गई है यहां विराजित गणेश जी शिव जी की गोद में विराजमान है तथा गणेश मंडल में 2028 कास्ट की भी झांकी सजाई गई है साथी उज्जैन के 84 महादेव का भी दृश्य झांकी में दशार्या गया है बड़ी संख्या में लोग गणेश जी की प्रतिमा और झांकी को देखने के लिए पहुंच रहे हैं आयोजकों ने आगे बताया कि 15 सितंबर को महा आरती व 22 सितंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### काजीपुरा क्षेत्र में विराजे गंगानगर के युवराज

काजीपुरा में कब्रिस्तान वाली गली के समीप गंगानगर में हीरा मित्र मंडल द्वारा डेढ़ लाख रुपए कीमत की आकर्षक व सुंदर दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ने बताया कि यहां विराजित गणेश प्रतिमा लाल बाग के राजा के पैटर्न पर बनवाकर विराजित की गई है तथा अध्यक्ष ठाकुर ने आगे बताया कि क्षेत्र में इस वर्ष से ही गणेश जी की स्थापना की शुरूआत की गई है तथा प्रतिदिन सुबह शाम आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया जा रहा है तथा गणेश पंडाल में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है।

गणेशोत्सव विशेष : भगवान गणेश के छह प्राचीन और चमत्कारी मंदिर

# संतान सुख के लिए पूजे जाते मोदक प्रिय गणेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकालेश्वर की पावन नगरी उज्जैन में भगवान गणेश के छह प्राचीन और चमत्कारी मंदिर हैं, जिन्हें प्रसिद्ध छह विनायकों के रूप में जाना जाता है। इन्हीं में से एक हैं शिप्रा तट स्थित मोदक प्रिय गणेश। योगीपुरा में गुरु अच्युतानंद अखाड़े के समीप स्थित छोटे से मंदिर में मोदक प्रिय गणेश विराजित हैं। पाषाण से निर्मित भगवान गणेश की मनोहारी प्रतिमा अत्यंत प्राचीन मानी जाती है।

**वनवास काल में श्रीराम ने की थी आराधना-** पौराणिक ग्रंथ स्कंदपुराण के अवंतिखंड में भगवान श्रीराम के वनवास काल में अवंतिका नगरी आने का उल्लेख मिलता है। मान्यता है कि इस दौरान श्रीराम ने माता जानकी और भ्राता लक्ष्मण के साथ यहां भगवान गणेश की आराधना की थी। शिप्रा तट पर भगवान श्रीराम ने सपत्नीक मोदक प्रिय गणेश की विधि-विधान से पूजा की थी। मोदक प्रिय गणेश की प्रतिमा अत्यंत सुंदर और मनोहारी है। श्रद्धालुओं का मानना है कि प्रतिमा में अद्भुत चैतन्यता है। भगवान गणेश की प्रसन्न मुद्रा भक्तों को सहज ही आकर्षित करती है और उनके दर्शन मात्र से मन को शांति व श्रद्धा का अनुभव होता है।






**बुधवार को उमड़ते हैं श्रद्धालु-** मोदक प्रिय गणेश के मंदिर में प्रत्येक बुधवार को दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं। गणेशोत्सव के दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं। प्रतिदिन भगवान गणेश का दुग्धाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। गणेशोत्सव के दिनों में मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण बना रहता है।

**छह विनायकों की दर्शन यात्रा का विशेष महत्व-** महाकाल की नगरी उज्जैन में भगवान शिव के साथ उनके पुत्र गणेश के प्राचीन मंदिर भी धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। छह विनायक मंदिरों का पौराणिक और धार्मिक महत्व माना जाता है। श्रद्धालु छह विनायकों की दर्शन यात्रा को भी विशेष पुण्यदायी मानते हैं और अपनी मनोकामना लेकर इन मंदिरों में पहुंचते हैं। मोदक प्रिय गणेश का मंदिर भी इसी धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां गणेशोत्सव ही नहीं, वर्षभर श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी रहती है।

### संतान सुख की कृपा बरसाते हैं मोदक प्रिय

मंदिर के पुजारी पं. आर्यन विशाल शुक्ल ने चर्चा में बताया कि अतिप्राचीन मोदक प्रिय गणेश की प्रतिमा अत्यंत चैतन्य है। श्रद्धा और विश्वास के साथ यहां पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता है। उन्होंने बताया कि मोदक का एक अर्थ लड्डू तो दूसरा अर्थ बालक भी माना गया है। भगवान गणेश स्वयं मंगलकारी और विघ्नहर्ता देव हैं। मान्यता है कि मोदक प्रिय गणेश निःसंतान दंपत्तियों के जीवन में संतान सुख और खुशियां लेकर आते हैं। श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान गणेश की आराधना करते हैं तथा संतान प्राप्ति की कामना करते हैं। मनोरथ पूर्ण होने पर भक्त भगवान को सिंदूर का चोला चढ़ाने के साथ मोदक का नैवेद्य अर्पित करते हैं।

# डॉ. राजेन्द्र नागर का राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस प्रतियोगिता के लिए चयन




दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विगत दिनों जिला पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस प्रतियोगिता कुश्ती एरीना में आयोजित की गई थी जिसमें पवनपुत्र जिम ,उज्जैन के डॉ. राजेन्द्र नागर ने मास्टर ग्रुप में विशेष मेडल जीतने के बाद उनका राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. राजेन्द्र नागर ने वर्ष 2024 में स्वर्ण व रजत पदक जीता था और 2025 में भी 3 स्वर्ण व रजत पदक जीतने पर पावर लिफ्टिंग का खिताब जीता था तथा राज्य स्तर पर पदक जीतने के बाद राष्ट्रीय स्तर का चयन हो गया था।

# एआई+ स्मार्टफोन का सर्विस नेटवर्क 1,000+ टच पॉइंट्स तक पहुंचेगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

एआई+ स्मार्टफोन भारत में अपने ग्राहकों को बेहतर आफ्टर-सेल्स सर्विस देने के लिए देशभर में अपने सर्विस नेटवर्क को 1,000+ सर्विस सेंटर तक बढ़ाने की योजना बना रहा है। इसके साथ ही, इस दिवाली दिल्ली में अपना पहला एक्सक्लूसिव एआई+ सर्विस सेंटर भी शुरू करेगा। अपने फिजिकल सर्विस नेटवर्क के विस्तार के साथ, ब्रांड एआई+ असिस्टेंस ऐप भी पेश कर रहा है। यह एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा, जहाँ



डिवाइस सपोर्ट, सर्विस बुकिंग, टिकट ट्रैकिंग और डिवाइस में आने वाली समस्याओं को दूर करने से जुड़ी मदद जैसी सभी सुविधाएँ एक ही जगह मिलेंगी।

एनएचएआई की सड़कों पर बढ़ा दुर्घटनाओं का ग्राफ

# ब्लैक स्पॉट घटे 20 ही शेष, फिर भी हुए 1388 सड़क हादसे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिले में सड़क हादसों की तस्वीर अब ब्लैक स्पॉट तक सीमित नहीं रह गई खतरनाक माने जाने वाले ब्लैक स्पॉट की संख्या घटकर आधे के करीब हो गई है, इसके बावजूद जिले में 1388 सड़क दुर्घटनाएं पिछले 8 माह में दर्ज की गई हैं। खास यह है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की सड़कों पर दुर्घटनाओं का ग्राफ इस दौरान बढ़ा है।

कभी जिले में स्टेट हाईवे की संख्या खासी थी और उन पर ब्लैक स्पाट की संख्या भी। अब ये ब्लैक स्पॉट की संख्या घटकर आधी से कम हो गई है और स्टेट हाईवे के स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई की सड़कें बढ़ गई हैं। पिछले साल तक ही ब्लैक स्पॉट की संख्या करीब 40 के लगभग सामने आती थी। इसे लेकर पुलिस ने यांत्रिकी टीम के साथ मैदान में उतरकर ब्लैक स्पॉट को सही करवाया था और उससे उक्त स्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण भी हुआ है।

**बीते 8 माह में जिले में 271 लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत, 1301 घायल**




### एनएचएआई मार्गों पर अभी से परेशानी

इधर सामने आ रहा है कि एनएचएआई मार्ग निर्माण को लेकर भी आपत्तियां सामने आ रही है। हाल ही में बने मार्गों की स्थिति को लेकर सवालिया निशान लगने लगे हैं। हाल ही में सांसद अनिल फिरोजिया ने भी इसे लेकर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी तक को अवगत करवाया है।

### गरोठ, देवास-बदनावर सहित अन्य मार्ग प्रमुख

वर्तमान में जिले में दुर्घटनाओं की स्थिति एनएचएआई के मार्गों पर निरंतर सामने आ रही है। इनमें गरोठ हाईवे, देवास-बदनावर, इंदौर रोड, उन्हेल मार्ग ही सबसे खतरनाक स्थिति में देखे जा रहे हैं। सामने आ रहे 1388 दुर्घटनाओं के आंकडों में भी इन्हीं मार्गों पर गंभीर दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। 20 ब्लैक स्पॉट को लेकर भी वर्तमान स्थिति में इन्हीं मार्गों पर ज्यादा सामने आ रही है।

### हेलमेट को लेकर नहीं जागरुकता...

जिले में सड़क हादसों में जिस गति से बढ़ोतरी हो रही है। उस गति से जागरूक होकर वाहन नहीं चलाए जा रहे है। यातायात विभाग के अधिकारियों की माने तो बाइक चालकों के करीष 60 से 65 फीसदी सड़क हादसे होते हैं। ज्यादातर हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं। जिससे सिर पर चोट आती है और मौत हो जाती है। जिससे मौत के आंकड़ों में लगातार वृद्धि हो रही है। हेलमेट लगाने से मौत के आंकड़े बहुत हद तक कम हो सकते हैं। कई वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हैं। जिससे हादसे हो रहे हैं।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 16 सितंबर, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### हॉस्टल में अचानक गिरा छज्जा, कारों के कांच फूटे

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बायज हॉस्टल परिसर की ब्लाक-3 की बिल्डिंग का बाहरी छज्जे का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के समय जूनियर डॉक्टरों की कारें नीचे पार्क थीं। छज्जा गिरने से कारों के कांच फूट गए और वाहनों को नुकसान पहुंचा। बिल्डिंग के लैंटर्न पर लगे एसी का एक कंप्रेसर भी टूट गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त कारों के आसपास कोई नहीं था। अन्यथा यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। जिन छात्रों की गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है, उन्होंने हादसे और वाहनों को हुए नुकसान की जानकारी डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया को लिखित में दी है।

### इंदौर में छात्रों की गूंज पर झांकी निकालेगी कांग्रेस

**इंदौर।** राहुल गांधी के कार्यक्रम ह्यछात्रों की गूंजह्न को लेकर कांग्रेस अब अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में झांकी निकालना चाहती है। जिला कांग्रेस ने इसी विषय पर झांकी की अनुमति के लिए प्रशासन को पत्र लिखा है। झांकी गैर राजनीतिक होने का दावा भी किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कलेक्टर के नाम पत्र में कहा कि अनंत चतुर्दशी की झांकियां इंदौर की गौरवशाली परंपरा है। यह केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार, देशभक्ति और सामयिक विषयों को भी प्रस्तुत करती हैं। वर्तमान में युवाओं की आवाज, अधिकार, आकांक्षाएं और देश के भविष्य में उनकी भूमिका प्रमुख विषय है। इसी भावना को लेकर छात्रों की गूंज विषय पर झांकी निकालने की इच्छा है।

### डॉ. भटनागर फैकल्टी और पैनलिस्ट के तौर पर आमंत्रित

**उज्जैन।** डॉ. आयुष भटनागर (कंसल्टेंट आर्थोप्लास्टी और आर्थोस्कोपी सर्जन, उज्जैन) को मेरी एकेडमी वापी में वीकेंड संपन्न हुए 27वें मेरिल मास्टर-कोर्स में मुख्य फैकल्टी और पैनलिस्ट के तौर पर आमंत्रित किया गया था।इस समिट में 9 देशों के 500 से ज्यादा आर्थोप्लास्टी सर्जन शामिल हुए, जिन्होंने ऑर्थोपेडिक्स और जटिल जॉइंट रिकंस्ट्रक्शन के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। उनके सेशन की रोबोटिक आर्थोप्लास्टी री-लाइव सर्जरी, एकेडमिक मॉडरेशन, रिविजन आर्थोप्लास्टी पर गहन कामःफेल हो चुकी आर्थोप्लास्टी, इम्प्लांट निकालने और इन्फेक्शन जैसे गंभीर मामलों पर गहन क्लिनिकल चर्चा का नेतृत्व करना। यह सारे अध्ययन तथा चर्चा से निकलने वाले नतीजे आने वाले समय में मरीजों के लिए बेहतर नतीजे उपलब्ध कराएगे।

### सजग युवा और निर्भीक मीडिया ही मजबूत लोकतंत्र की रीढ़



**इंदौर।** शहर की प्रतिष्ठित वैचारिक संस्था अभ्यास मंडल का 68वां स्थापना दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। संस्था की 68 वर्षों की गौरवमयी यात्रा के प्रतीक स्वरूप 68 दीप प्रज्वलित किए गए। समारोह के मुख्य वक्ता देश के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार श्री सुमित अवस्थी थे। उन्होंने ₹आज का युवा, मीडिया और लोकतंत्र₹ विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सजग युवा और निर्भीक मीडिया ही किसी भी जीवंत लोकतंत्र की वास्तविक रीढ़ होते हैं। जब युवा सही दिशा में सवाल पूछना शुरू करता है, तभी लोकतांत्रिक मूल्य और अधिक मजबूत होते हैं। श्री अवस्थी ने कहा कि आज सूचनाओं की बाढ़ के दौर में युवा पीढ़ी के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही और गलत सूचना के बीच अंतर करने की है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि ₹रील नहीं, रीयल बनने पर विश्वास रखें। वायरल होना सच होने की गारंटी नहीं है।₹ सोशल मीडिया पर मिलने वाली हर सूचना को सच मान लेने के बजाय अपने विवेक का प्रयोग करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के भी अब 'सोशल' होने पर सवाल उठने लगे हैं, इसलिए आवश्यक है कि युवा किसी सूचना को आगे बढ़ाने से पहले उसकी विश्वसनीयता पर विचार करें। उन्होंने कहा कि न्यूज और व्यूज के बीच अंतर करना आज बेहद आवश्यक हो गया है।

## नैनो न्यूज

- **देवास – बारिश से फसलों को राहत-** पश्चिमी मध्यप्रदेश में बारिश का दौर तेज है। देवास में भी मौसम सक्रिय रहने से खरीफ फसलों और किसानों को राहत की उम्मीद है।
- **शाजापुर – कुएं में मिले 13 हिरण-** शाजापुर जिले में खेत के कुएं से 13 काले हिरण और एक कुत्ते के शव मिले। वन विभाग ने जांच शुरू की।
- **सुसनेर – नगर परिषद चुनाव पर फैसला-** मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय उपचुनाव स्थगित किए गए हैं, लेकिन सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव इससे अलग रखा गया है।
- **आगर – बारिश का असर बरकरार-** आगर-मालवा समेत पश्चिमी मध्यप्रदेश में सक्रिय मौसम प्रणाली के कारण बारिश जारी है। प्रशासन और किसानों की नजर मौसम के अगले दौर पर है।
- **रतलाम – तेज बारिश का अलर्ट-** पश्चिमी मध्यप्रदेश में भारी बारिश के अलर्ट के बीच रतलाम भी प्रभावित जिलों में है। किसानों और प्रशासन को सतर्क रहने की जरूरत है।
- **मंदसौर – गरोठ एक्सप्रेसवे हादसे में तीन मौतें-** मंदसौर के गरोठ में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में तीन युवकों की मौत हुई।

महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल सबसे बड़ा सहारा

# देशभर से उज्जैन पहुंचती हैं ट्रेनें, प्रमुख शहरों से है सीधा रेल संपर्क

## दिल्ली-मुंबई-जयपुर-प्रयागराज सहित कई शहरों से सीधी कनेक्टिविटी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बाबा महाकाल के दर्शन और धार्मिक पर्यटन के लिए देशभर से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की पहली पसंद रेल यात्रा बनी हुई है। उज्जैन जंक्शन पश्चिम रेलवे का महत्वपूर्ण स्टेशन है और यहां देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाली लंबी दूरी की एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और दैनिक ट्रेनों का ठहराव है। स्टेशन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही होती है।

उज्जैन पहुंचने वाली ट्रेनों में दिल्ली, मुंबई, जयपुर, अजमेर, कोटा, भोपाल, इंदौर, नागदा, रतलाम, अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, प्रयागराज, ग्वालियर, झांसी, वाराणसी, पटना, जयपुर और दक्षिण भारत के कई शहरों से आने-जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं।

अवंतिका एक्सप्रेस मुंबई और इंदौर के बीच चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में शामिल है और उज्जैन से मुंबई क्षेत्र के यात्रियों को सुविधा देती है। उज्जैन स्टेशन पर प्लेटफॉर्म व्यवस्था में बदलाव के बाद अवंतिका एक्सप्रेस सहित कुछ प्रमुख ट्रेनों को प्लेटफॉर्म नंबर 8 से संचालित किया जा रहा है। मालवा एक्सप्रेस दिल्ली क्षेत्र और इंदौर के बीच चलती है तथा उज्जैन को उत्तर भारत से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन है। इसके अलावा रंथंभौर सुपरफास्ट, इंदौर-नई दिल्ली एक्सप्रेस, बरेली-इंदौर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें उज्जैन से होकर गुजरती हैं। बरेली-इंदौर एक्सप्रेस के मार्ग में उज्जैन प्रमुख ठहराव है।

### प्रयागराज से भी सीधी सुविधा

श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज से उज्जैन की रेल कनेक्टिविटी भी महत्वपूर्ण है। 2026 में सूबेदारगंज-इंदौर विशेष ट्रेन की घोषणा की गई थी, जो फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना और मक्सी होते हुए उज्जैन पहुंचती है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ट्रेन के उज्जैन पहुंचने का समय रात करीब 3:10 बजे था।

### इंदौर से सबसे ज्यादा स्थानीय कनेक्टिविटी

उज्जैन और इंदौर के बीच दिनभर कई ट्रेनें संचालित होती हैं। इससे इंदौर एयरपोर्ट या इंदौर आने वाले यात्रियों के लिए भी महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचना आसान होता है। उपलब्ध ट्रेन शेड्यूल में इंदौर-उज्जैन के बीच दैनिक सेवाओं के साथ एक्सप्रेस और वंदे भारत जैसी ट्रेनें भी दिखाई देती हैं।

### सिंहस्थ को देखते हुए बढ़ेगी रेल की भूमिका

आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए उज्जैन की रेल कनेक्टिविटी और महत्वपूर्ण होने वाली है। करोड़ों श्रद्धालुओं के संभावित आगमन को देखते हुए रेलवे स्तर पर नई सेवाओं, स्टेशन सुविधाओं और कनेक्टिविटी को मजबूत करने की तैयारियां चल रही हैं। उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल नेटवर्क सबसे महत्वपूर्ण परिवहन साधनों में से एक है। देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली ट्रेनों के कारण महाकाल दर्शन, सिंहस्थ और धार्मिक पर्यटन के लिए उज्जैन की पहुंच लगातार आसान हो रही है।

विभागों के बीच सामंजस्य की कमी से अटका काम, तीन साल से खामियाजा भुगत रही जनता

# कहीं लाइन तो कहीं डायवर्शन की खींचतान में अटके ब्रिज

## इंदौर के रेडिसन चौराहे पर भी फ्लाईओवर की योजना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर शहर में यातायात का दबाव कम करने के लिए बनाए जा रहे रेलवे ओवर ब्रिज और फ्लाईओवर खुद विभागीय असमन्वय के शिकार हो गए हैं। कहीं नगर निगम की पानी-सीवरेज लाइन नहीं हट रही, कहीं रेलवे के हिस्से का निर्माण अटका है तो कहीं ट्रैफिक डायवर्शन के लिए प्रशासनिक मंजूरी का इंतजार है।

नतीजा यह कि कई प्रोजेक्ट तय समय सीमा पार कर चुके हैं, लेकिन निर्माण की गति बढ़ने के बजाय बाधाएं लगातार बढ़ रही हैं। जनता को तीन साल से जाम और डायवर्शन झेलना पड़ रहा है। शहर में आईडीए, पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी द्वारा सात आरओबी और छह फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। दो प्रोजेक्ट टेंडर के बाद भी शुरू नहीं हुए। रिंग रोड के



रोबोट और रेडिसन चौराहे पर भी फ्लाईओवर की योजना बन रही है।

सभी का काम धीमी गति से चल रहा है और आधी प्रगति के बाद भी बाधाएं नहीं हटीं। संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार ने हाल ही में सभी एजेंसियों की बैठक लेकर आपसी सामंजस्य से काम पूरा करने और बाधाएं हटाने के लिए लगातार समीक्षा के निर्देश दिए थे, लेकिन जमीन पर स्थिति जस की तस है।

### लाइन शिफ्टिंग बनी रोड़ा

राजेंद्र नगर आरओबी के लिए नगर निगम की पेयजल लाइन स्थानांतरित होना है। बाणगंगा और माल गोदाम आरओबी में भी लाइन शिफ्टिंग की समस्या से काम लटका है। मांगलिया आरओबी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र को जोड़ने वाला अहम प्रोजेक्ट है, लेकिन यहां रेलवे और पीडब्ल्यूडी के बीच तालमेल नहीं बन पा रहा। रेलवे हिस्से का काम देरी से होने के कारण पूरा प्रोजेक्ट प्रभावित हो रहा है।

### योजना बनी, काम अटका

बड़ा गणपति चौराहा पर फ्लाईओवर की योजना दो साल पहले बनी थी, लेकिन लाइन शिफ्टिंग में देरी से काम आगे नहीं बढ़ा। चंदन नगर में भी बिजली-पानी की लाइन के कारण निर्माण रुका है। आइडीए और नगर निगम के बीच देरी से सामंजस्य बनने से बड़ा

### जरूरत छह की, तीन लेन में उलझा प्रोजेक्ट

कैलाद हाला क्रासिंग पर एमआर-12 को देखते हुए छह लेन आरओबी की जरूरत है। आइडीए ने छह लेन का प्रस्ताव दिया, लेकिन पीडब्ल्यूडी ने पहले ही तीन लेन प्रस्तावित कर दिए। अब आइडीए भी तीन लेन बनाएगा, पर पीडब्ल्यूडी का काम पूरा न होने से शुरूआत नहीं हो पा रही। तीनों एजेंसियों की अलग-अलग प्लानिंग से इस व्यस्त क्रासिंग पर रोज लंबा जाम लग रहा है।

### यहां पर भी समस्याएं कायम

**केसरबाग आरओबी** : निर्माण अतिक्रमण के कारण प्रभावित है। बाधाएं हटाने में देरी का सीधा असर प्रोजेक्ट की गति पर पड़ रहा है।

**देवास नाका** : देवास नाका फ्लाईओवर में चौराहे और देवास नाका की ओर निर्माण पूरा करने के लिए यातायात डायवर्ट करना जरूरी है। प्रशासन स्तर पर प्रक्रिया लंबित होने से काम प्रभावित है।

**मूसाखेड़ी** : मूसाखेड़ी चौराहे के निर्माण में भी बाधाओं के कारण गति नहीं बढ़ सकी। सर्विस रोड पर आ रहा मंदिर हाल ही में हटाया गया।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर चीतों के दूसरे घर गांधी सागर भेजी जा सकती है एक और मादा चीता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन और चीता प्रोजेक्ट के चार साल पूरे होने के अवसर पर 17 सितंबर को कूनो नेशनल पार्क से एक और मादा चीता को चीतों के दूसरे घर गांधी सागर राष्ट्रीय अभयारण्य में शिफ्ट किया जा सकता है। हालांकि अभी सीएम डा. मोहन यादव से अनुमति मिलने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। किस मादा चीता को शिफ्ट किया जाए, यह भी अभी तय नहीं है।चीता परियोजना से जुड़े अधिकारी चाहते हैं कि कूनो नेशनल पार्क की तरह ही गांधीसागर अभयारण्य में भी चीतों की वंशवृद्धि हो। बता दें कि 17 सितंबर 2022 को अपने जन्मदिन पर प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण अफ्रीका से लाए गए आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा था। चीता पुनर्वास परियोजना के दूसरे चरण में अफ्रीकी देश नामीबिया से 12 और चीते लाकर यहां छोड़े गए थे।

इसके बाद चीतों के दूसरे रहवास की तलाश गांधीसागर अभयारण्य में पूरी हुई। 20 अप्रैल 2025 को कूनो नेशनल पार्क से दो नर चीतों को गांधीसागर अभयारण्य में शिफ्ट किया गया। इसके बाद वंशवृद्धि के लिए मादा चीता धीरा को 17 सितंबर 2025 को यहां छोड़ा गया। अब एक और मादा चीता को यहां लाए जाने की योजना है।

बाबा महाकाल की सवारी में अनधिकृत मुखौटों को लेकर बवाल

# पुजारी ने दर्ज कराई शिकायत, कार्रवाई की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की अंतिम राजसी सवारी में परंपराओं की अनदेखी और कथित अनधिकृत झांकी निकाले जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। महाकाल सेना के राष्ट्रीय प्रमुख एवं मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने उज्जैन प्रशासन को लिखित शिकायत देकर मामले में कड़ा विरोध जताया है।

महेश पुजारी के अनुसार सवारी के दौरान एक व्यक्ति द्वारा बाबा महाकाल के पांच अनधिकृत मुखौटों की झांकी निकाली गई। उनका आरोप है कि इससे श्रद्धालुओं के बीच भ्रम की स्थिति बनी और मंदिर की पारंपरिक व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हुए। उनका कहना है कि श्रावण-भाद्रपद मास की सवारी में निर्धारित संख्या में अधिकृत मुखौटे ही निकाले जाने की परंपरा रही है। उनके मुताबिक सवारी में कुल 10 मुखौटे दिखाई देने के कारण परंपरा और धार्मिक मान्यताओं को लेकर सवाल उठे हैं। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि पंचम मुखौटों का पूजन महाशिवरात्रि के अवसर पर किया जाता है और श्रावण मास की सवारी में उनका प्रदर्शन परंपरा के अनुरूप नहीं है।

### अनधिकृत प्रतिमाएं स्थापित करवाकर पैसे वसूलने के आरोप भी लगाए गए

महाकाल सेना की शिकायत में संबंधित व्यक्ति पर निजी स्वार्थ के लिए धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल करने और कथित तौर पर लोगों के घरों में अनधिकृत प्रतिमाएं स्थापित करवाकर पैसे वसूलने के आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति मंदिर की प्रतिमाओं पर रंगरोगन से जुड़े कार्यों के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करता है और इसके जरिए खुद को अधिकृत साबित करने का प्रयास करता है। बहरहाल इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। महाकाल सेना और पंडित महेश शर्मा ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कराने की मांग की है। शिकायत में सवारी में शामिल किए गए पांच कथित अनधिकृत मुखौटों को जब्त करने तथा धार्मिक परंपराओं के उल्लंघन और श्रद्धालुओं को कथित तौर पर भ्रमित करने के मामले में जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

सती की तरह अपने पति के प्राण बचाए

# द्वारिका के दरवाजे पर शिवम ने बरसाई खुशियां

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

आपको सुनकर और देखकर हैरानी होगी कि कोई सती की तरह ही अपने पति की जान मात्र एक कलेक्टर की जनसुनवाई में कैसे बचा पाई। आंसुओं से भरी आंखे, बेसहारा से कदम और पति की किडनी की बीमारी ने एक परिवार को ऐसा तोड़ा मानो प्रकृति ने न्याय नहीं किया हो, परन्तु कहते है ना जिसका कोई नहीं होता है उसका भगवान होता है। ऐसा की कुछ द्वारिका प्रजापत और उसके पति के साथ हुआ। द्वारिका ने पिछली जनसुनवाई में पति के डायलिसिस के साथ बेरोजगारी की समस्या बताई।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने तत्काल प्रभाव से पति के इलाज शुरू करवाया, तो वहीं मात्र 8 दिन के अंदर ही द्वारिका को स्वयं के रोजगार से भी जोड़ दिया। उन्हें एक देवगुड़िया बायपास पर खान पान की दुकान डलवा दी, जिससे रोज के उक्त महिला 2 से 3 हजार रुपए पराठे और अन्य खाद्य सामान की दुकान खुलवा दी। जिसका पूरा खर्च कलेक्टर ने रेड क्रॉस के माध्यम से उठाया। आज जनसुनवाई में द्वारिका हंसते हुए आई और मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ कलेक्टर शिवम वर्मा को धन्यवाद के साथ स्वयं भजिए बनाकर खिला भी गई।

त्योहारों के साथ उज्जैन के प्रमुख देवालयों में विशेष पूजा-अर्चना, अलग-अलग पर्वों पर अलग है धार्मिक महत्व

# उज्जैन में महाकाल के अलावा इन मंदिरों में भी उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल की नगरी उज्जैन में धार्मिक पर्व केवल महाकालेश्वर मंदिर तक सीमित नहीं हैं। शहर के अलग-अलग प्राचीन मंदिरों की अपनी विशिष्ट धार्मिक परंपरा और पौराणिक मान्यता है। वर्षभर श्रद्धालु इन मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन नवरात्रि, गणेश उत्सव, दशहरा, दीपावली, धनतेरस, जन्माष्टमी और अन्य पर्वों पर इन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन होते हैं। जिला प्रशासन की धार्मिक स्थलों की सूची में भी हरसिद्धि, कालभैरव, मंगलनाथ, गढ़कालिका, चिंतामण गणेश, गोपाल मंदिर, सिद्धवट और अन्य प्रमुख देवस्थलों का उल्लेख है।

हरसिद्धि माता मंदिर नवरात्रि, चैत्र नवरात्रि शक्तिपूजा का प्रमुख केंद्र। शिवपुराण की मान्यता के अनुसार यहां सती की कोहनी गिरी थी। नवरात्रि में दीपस्तंभों पर दीप प्रज्ज्वलित करने की परंपरा विशेष आकर्षण रहती है।

गढ़कालिका माता मंदिर नवरात्रि, अष्टमी-नवमी प्राचीन शक्तिस्थल। कालिका माता की आराधना से जुड़ा मंदिर, जहां नवरात्रि में विशेष पूजा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। कालभैरव मंदिर भैरव अष्टमी, शिव पर्व भगवान शिव के अष्ट भैरवों में प्रमुख कालभैरव की आराधना। यहां परंपरागत रूप से मदिरा को भोग के रूप में अर्पित किया जाता है।

चिंतामण गणेश मंदिर गणेश चतुर्थी, बुधवार प्राचीन स्वयंभू गणेश प्रतिमा की मान्यता। मनोकामना और चिंता दूर करने वाले गणेश के रूप में पूजा होती है। विवाह के लिए पहला निमंत्रण देने की परंपरा भी प्रसिद्ध है। बड़े गणेश मंदिर गणेश चतुर्थी महाकाल क्षेत्र के निकट विशाल गणेश प्रतिमा के कारण विशेष पहचान। गणेशोत्सव में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती है। मंगलनाथ मंदिर मंगलवार, अंगारक चतुर्थी आदि मत्स्य पुराण से जुड़ी मान्यता के अनुसार मंगल ग्रह का जन्मस्थान माना जाता है। मंगल दोष और मंगल ग्रह से जुड़े अनुष्ठानों के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। गोपाल मंदिर जन्माष्टमी, वैकुंठ चतुर्दशी, दीपावली काल भगवान कृष्ण का प्रमुख मंदिर। वैकुंठ चतुर्दशी पर महाकाल की सवारी यहां पहुंचने और हरिहर मिलन की परंपरा उज्जैन की विशिष्ट धार्मिक परंपरा है। सिद्धवट पितृपक्ष, श्राद्ध पितृकर्म, पिंडदान, तर्पण और त्रिपिंडी श्राद्ध के लिए विशेष महत्व।

इसे पापमोचन तीर्थ के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। सांदीपनि आश्रम कृष्ण जन्माष्टमी मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण, बलराम और सुदामा ने यहां गुरु सांदीपनि से शिक्षा प्राप्त की थी। जन्माष्टमी पर इसका विशेष धार्मिक महत्व रहता है। नवग्रह शनि मंदिर, त्रिवेणी शनिवार, शनि अमावस्या शनि आराधना और ग्रह संबंधी पूजा के लिए श्रद्धालुओं का आगमन होता है। रामघाट के प्राचीन देवालय पूर्णिमा, अमावस्या, पर्व स्नान शिप्रा स्नान के साथ पूजा-अर्चना और दीपदान की परंपरा।

### नवरात्रि में हरसिद्धि और गढ़कालिका बनेंगे आस्था के केंद्र

नवरात्रि के दौरान उज्जैन में हरसिद्धि माता और गढ़कालिका माता मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र रहते हैं। हरसिद्धि मंदिर में देवी अन्नपूर्णा की प्रतिमा के साथ महालक्ष्मी और महासरस्वती की प्रतिमाएं विराजित हैं तथा श्री यंत्र भी स्थापित है। मंदिर के दीपस्तंभों पर नवरात्रि में जलते दीप श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बनते हैं। गढ़कालिका मंदिर भी प्राचीन शक्तिस्थलों में माना जाता है। जिला प्रशासन के अनुसार यहां नवरात्रि के दोनों अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु विशेष पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।

### गणेशोत्सव में चिंतामण से बड़े गणेश तक आस्था

गणेश चतुर्थी के दौरान चिंतामण गणेश, बड़े गणेश और शहर के अन्य गणेश मंदिरों में विशेष पूजा होती है। चिंतामण गणेश की प्राचीन प्रतिमा को स्वयंभू माना जाता है। यहां भगवान को चिंता दूर करने वाला और मनोकामना पूर्ण करने वाला गणेश माना जाता है। विवाह के लिए पहला निमंत्रण पत्र चिंतामण गणेश को देने की परंपरा भी उज्जैन की विशेष धार्मिक परंपराओं में शामिल है।

### पितृपक्ष में सिद्धवट का बढ़ता महत्व

पितृपक्ष के दौरान सिद्धवट का महत्व विशेष रूप से बढ़ जाता है। यहां श्राद्ध, पिंडदान, तर्पण और त्रिपिंडी श्राद्ध जैसे कर्म किए जाते हैं। जिला प्रशासन के अनुसार पुराणों में सिद्धवट को पापमोचन तीर्थ के रूप में वर्णित किया गया है और इसे अन्य प्रसिद्ध वट तीर्थों के समान महत्वपूर्ण माना जाता है।

### गोपाल मंदिर और सांदीपनि आश्रम

भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी उज्जैन की परंपरा भी विशेष है। गोपाल मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व विशेष रूप से मनाया जाता है, जबकि सांदीपनि आश्रम को भगवान कृष्ण की शिक्षा स्थली माना जाता है। वहीं वैकुंठ चतुर्दशी पर महाकाल और गोपाल मंदिर के बीच होने वाला हरिहर मिलन उज्जैन की सबसे विशिष्ट धार्मिक परंपराओं में से एक है। आधी रात महाकाल की सवारी गोपाल मंदिर पहुंचती है और इसके बाद भगवान गोपाल की सवारी महाकाल मंदिर जाती है।

## न्यूज कालम



### सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर सांसद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**आलीराजपुर।** सेवा संकल्प अभियान-2026 की तैयारियों के संबंध में सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान की अध्यक्षता में कलेक्टर भवन में स्थित वीसी कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने अभियान की तैयारियों एवं प्रस्तावित गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में सेवा संकल्प अभियान का आयोजन 17 सितंबर से किया जाएगा। सांसद श्रीमती चौहान ने अभियान को प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। साथ ही आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से अभियान के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान शासन की जनसेवा की भावना को धरातल पर पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास ,समस्त अनुविभागीय अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि श्री विशाल रावत , श्री मोंटू शाह समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित थे ।

### भगवान बलराम जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय किसान संघ ने मनाया ज्ञापन दिवस



**मनावर।** भारतीय किसान संघ अखिल भारतीय गैर-राजनीतिक एवं राष्ट्रवादी संगठन है, जो किसानों के हित संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करता है। किसानों की वर्तमान ज्वलंत समस्याओं एवं विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ द्वारा भगवान बलराम जयंती के उपलक्ष्य में ज्ञापन दिवस मनाया गया। इसी क्रम में पूरे प्रदेश एवं मालवा प्रांत की प्रत्येक तहसील में ज्ञापन दिवस आयोजित किया गया। मनावर तहसील में भी भारतीय किसान संघ के कार्यकताओं द्वारा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन सौंपने से पूर्व सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ के संभागीय सदस्य सुरेंद्र ठाकुर ने किसानों की वर्तमान समस्याओं, कृषि क्षेत्र की चुनौतियों तथा किसान हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना और उनके समाधान के लिए सतत प्रयास करना भारतीय किसान संघ की प्राथमिकता है। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं के समाधान एवं किसान हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई।

### एक पैर पर खड़े 21 फीट के मातापुर के राजा, क्रेन-जेसीबी से फूलों की बारिश

**नेपानगर।** नेपानगर में रविवार को गणपति बप्पा का ऐसा आगमन हुआ



कि पूरा शहर देखने उमड़ पड़ा। मातापुर के राजा की २१ फीट ऊंची विशाल प्रतिमा जब अंबेडकर चौराहे पहुंची तो हर कोई देखता ही रह गया। इस बार की प्रतिमा सबसे खास है। ये मुंबई पैटर्न पर एक पैर पर खड़ी मुद्रा में है, जिसे विशेष रूप से भुसावल से लाया गया है। भव्य स्वरूप और अनोखी मुद्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। आगमन समारोह को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। दुर्गा शक्ति छ्छ्, तात्या बिच्छू, लाइट शो, ढोल और फायर शो ने समां बांध दिया। वहीं विठ्ठल मंदिर समिति के कीर्तन ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। सबसे खास नजारा तब था जब क्रेन और छ्ष्टक्क से गणपति बप्पा पर पुष्प वर्षा की गई। फूलों की बारिश और "गणपति बप्पा मोरया" के जयकारों से पूरा चौराहा गूंज उठा। इस दौरान प्रमोद सेन, टीटू, अनुराग चौहान, दीपांशु चौहान, सचिन ठाकुर, नीलेश कटारिया, गजेंद्र सिंह चौहान, रुद्रेश शाह, संदीप चावला, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश चौहान सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 17 सितंबर को हर घर जलाया जाएगा आशीर्वाद का दीया



**नेपानगर।** कुशाभाऊ मंडल एवं नेपानगर मंडल की संयुक्त बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में मंडल प्रभारी और पार्टी कार्यकताओं के साथ सेवा संकल्प अभियान के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक मनोज टंडन ने अभियान की रूपरेखा और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसके बाद "आशीर्वाद का दीया" के जिला प्रभारी सुनील वाघे ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर हर घर एक दीया जलाकर उन्हें आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी जाएं।

## कलेक्टर ने कार्य में लापरवाही बरतने एवं समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक जनसुनवाई कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कृषि, जनजातीय कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, खाद्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों एवं आवेदनों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



कलेक्टर श्रीमती माथुर ने समग्र पंजीयन अपील के लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायत सोंडवा एवं उदयगढ़ में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों दो दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ करावाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों में समूहों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता एवं वितरण व्यवस्था की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भोजन वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित समूह को हटाने के साथ ही सीडीपीओ एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्रम विभाग की समीक्षा में अनुग्रह सहायता के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए प्रस्तावित स्थलों पर अतिक्रमण की स्थिति की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल समस्?याओं की समीक्षा करते हुए पीएचई विभाग को जिले के समस्त क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कार्यों में लापरवाही बरतने पर मुख?य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोण्डवा एवं उदयगढ़ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । साथ ही जिला आपूर्ति अधिकारी के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर दो दिवस का वेतन काटने तथा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश, अनुविभागीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## न्यू श्रीराम गरबा मंडल के 32 वें गरबा महोत्सव के प्रशिक्षण का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

नवरात्रि के अवसर पर बड़वानी नगर के झंडा चौक में प्रतिवर्ष गरबा महोत्सव का आयोजन करने वाले न्यू श्रीराम गरबा मंडल द्वारा इस वर्ष आयोजित होने वाले ३२वें गरबा महोत्सव के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राठौड़ धर्मशाला, महावीर नगर कॉलोनी में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा माता के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। नगरपालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद प्रतिनिधि अमित उपाध्याय एवं राठौड़ समाज के सदस्य एवं पत्रकार राजेश राठौड़ ने विधिवत माता जी का पूजन कर माल्यार्पण किया। पूजन के पश्चात मंडल की बालिकाओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर माता दुर्गा की आराधना की। गरबा के पारंपरिक संगीत एवं नृत्य से कार्यक्रम स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक गरबा के विभिन्न चरणों का अभ्यास किया।मंडल अध्यक्ष मोती सुल्ताने ने बताया कि न्यू श्रीराम गरबा मंडल द्वारा लगातार 32 वर्षों से नवरात्रि के अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ युवाओं एवं बालिकाओं को भारतीय संस्कृति और पारंपरिक गरबा नृत्य से जोड़ना है।

कार्यक्रम में रितेश श्रीवास, राहुल, रितिक एवं सुनील मार्टिन सहित मंडल की बालिकाएं उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के शुभारंभ के साथ ही आगामी नवरात्रि गरबा महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल नजर आया। मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में बालिकाओं को नियमित रूप से गरबा नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## आशीर्वाद का दिया दीपोत्सव को लेकर विधायक राजकुमार मेव ने लिया तैयारियों का जायजा

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को आयोजित होने वाले आशीर्वाद का दिया दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने महेश्वर एवं मंडलेश्वर स्थित नर्मदा घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक राजकुमार मेव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ घाटों का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने दीपोत्सव के दौरान घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, विद्युत व्यवस्था तथा आमजन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित आशीर्वाद का दिया दीपोत्सव सेवा, संस्कार और जनभागीदारी का संदेश देने वाला आयोजन है। नर्मदा तट पर होने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अमला पूरी जिम्मेदारी के साथ जुटें और कार्यक्रम में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण एवं बैठक के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल महेश्वर, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार मंडलेश्वर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, समाजसेवी नितिन पाटीदार, एल्डरमैन अनिरुद्ध हलवे, युवा नेता विक्की पाटीदार, अंकित जैन आदि उपस्थित थे।

## आजीविका मिशन की समूह महिलाओं ने तैयार की गोबर एवं मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला बड़वानी से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गाय के गोबर एवं प्राकृतिक मिट्टी से भगवान श्री गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। महिलाओं द्वारा तैयार की गई इन प्रतिमाओं में आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और महिला स्वावलंबन का संदेश भी दिखाई देता है। समूह की महिलाओं ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध गाय के गोबर और प्राकृतिक मिट्टी का उपयोग करते हुए गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। इन प्रतिमाओं को आकर्षक एवं पारंपरिक रूप देने के लिए प्राकृतिक सामग्री और रंगों का उपयोग किया गया है।

गाय के गोबर से बनी गणेश प्रतिमा पर्यावरण के अनुकूल होती है। विसर्जन के बाद यह प्राकृतिक रूप से मिट्टी में मिल जाती है तथा इससे जल प्रदूषण की समस्या अपेक्षाकृत कम होती है। गोबर का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जाता है। प्राकृतिक मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा भी पर्यावरण-अनुकूल विकल्प है। ऐसी प्रतिमाएं पानी में आसानी से घुलकर मिट्टी में वापस मिल सकती हैं। इसके विपरीत प्लास्टर ऑफ पेरिस एवं रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाओं के विसर्जन से जलस्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए प्राकृतिक मिट्टी की प्रतिमाओं को अपनाना स्वच्छ एवं हरित गणेशोत्सव की दिशा में एक बेहतर पहल है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गणेश प्रतिमाओं का निर्माण केवल धार्मिक एवं पर्यावरणीय पहल ही नहीं, बल्कि महिला आर्थिक सशक्तिकरण का भी उदाहरण है।

## घर-घर और पंडालों में विराजे गणपति बप्पा

**सनावद।** प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की आराधना का महापर्व गणेशोत्सव सोमवार से उत्साह के साथ शुरू हुआ। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी पर शहर के चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों और ग्रामीण अंचलों में विधि-विधान से गणपति प्रतिमाओं की स्थापना की गई। पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बप्पा को विराजित कर श्रद्धालुओं ने मोदक व लड्डुओं का भोग लगाया और महाआरती की। गणेशोत्सव को लेकर शहर में सुबह से ही उत्साह नजर आया। प्रमुख बाजारों में पर्व की रौनक रही, वहीं श्रद्धालुओं में पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी जागरूकता दिखाई दी। बाजारों में मिट्टी से निर्मित ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की मांग रही। शहर में इस बार करीब 30 से अधिक छोटे-बड़े आकर्षक गणेश पंडाल सजाए गए हैं।




## साक्षरता से बढ़ती है जागरूकता, सजग नागरिक ही मजबूत समाज की नींव

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस सप्ताह के अंतर्गत न्यायालय परिसर सनावद में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति सनावद के निर्देश पर आयोजित शिविर में न्यायाधीश मो. असलम देहलवी, योगेश चालीसा एवं आकांक्षा गर्ग ने साक्षरता और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। न्यायाधीशों ने कहा कि पढ़ना-लिखना व्यक्ति को जागरूक और अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाता है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाली शक्ति है। साक्षरता से जागरूकता बढ़ती है और समाज के विकास को गति मिलती है। उन्होंने लोगों से स्वयं साक्षर रहने के साथ दूसरों को भी साक्षर बनने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। शिविर में न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविंद्र अम्बिया एवं उदय पंवार सहित अन्य उपस्थित रहे।



## संवत्सरी पर गूंजा क्षमा का संदेश, तप-साधना में जुटा जैन समाज

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

श्वेतांबर जैन समाज के पर्युषण पर्व का आठवां और अंतिम दिन संवत्सरी पर्व के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्थानक में दिनभर धार्मिक गतिविधियां हुईं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता की। स्वाध्यायी सुरेंद्र पितलिया एवं सुरेंद्र कड़ावत ने अंतगड़ सूत्र वाचन की पूर्णाहुति करते हुए क्षमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को क्रोध पर नियंत्रण रखते हुए समझशक्ति और सहनशक्ति विकसित करनी चाहिए। जहां समझ होती है, वहां समाधान का रास्ता भी निकलता है। क्षमावाणी केवल लौकिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आत्मकल्याण का पर्व है। संवत्सरी पर समाजजनों ने तप-साधना के विभिन्न प्रत्याख्यान लिए। करीब 15 उपवास, 6 एकासन और 3 बेले के प्रत्याख्यान हुए। प्रेमचंद लोढा, महिमा डोसी, भूपेंद्र-मीना लाठिया ने तेले (लगातार तीन उपवास) तथा पूरव पारेख ने नौवें उपवास का प्रत्याख्यान लिया। बुधवार को स्थानक में सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम होगा।



## आयशर में हो रहा था गौवंश परिवहन, पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहन जब्त किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

गोगावां थानाक्षेत्र में आयशर वाहन से किए जा रहे अवैध गौवंश परिवहन को उजागर करते हुए पुलिस ने वाहन जब्त किया है। यह कार्रवाई अहिरखेड़ा पुलिस चौकी पर की गई, जहां पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहन को रोका, तलाशी के दौरान इसमें क्रुरतापूर्वक बांधे गए ८ गौवंश पाए गए। पुलिस ने गौवंशी तस्करी कर रहे वाहन चालक सहित खरीददार को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 14 सितंबर को अहिरखेड़ा चौकी के सामने सघन वाहन चेकिंग जारी थी। मुखबिर से सूचना पर नाकाबंदी कर आयशर वाहन एमपी 43जी 2835 को रोका गया। चालक ने अपना नाम युवक सद्दाम निवासी ग्राम मोहम्मदपुर गोगांवा बताया। वाहन की तलाशी लेने पर 8 गौवंश मिले। आयशर वाहन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। सद्दाम ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि गौवंश ग्राम कालबेलिया बैड़ी गोगांवा के युवक वीरेन्द्र के लिए खरीदे थे। पुलिस ने विरेन्द्र को भी आरोपी बनाया है।

### पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छात्र करण ने जीते मेडल

**बड़वानी ।** शासकीय आईटीआई बडवानी के व्यवसाय फिटर द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थी करण पाटीदार ने धार जिले में आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में डेड लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल स्कॉट लिफ्टिंग में सिल्वर मेडल, एवं बेंचप्रेस लिफ्टिंग में ब्रॉन्च मेडल प्राप्त कर संस्था को गौरान्वित किया। प्रशिक्षणार्थी कि इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्री केतन मालवीया एवं समस्त स्टाफ द्वारा प्रशिक्षणार्थी को शुभकामनाएँ देकर उज्जवल भविष्य कि कामना कि गई।

**मास्टर ट्रेनरो का प्रशिक्षण होगा 16 सितम्बर को**

**बड़वानी ।** पंचायतों के उप निर्वाचन पूर्वार्द्ध की कार्यवाही सुचारू रूप से संपन्न कराने एवं ईव्हीएम कमीशनिंग हेतु विकासखण्डवार मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये गये है।

## विहिप/ बजरंग दल ने गरबा इंवेट पर रोक की मांग, दी विरोध की चेतावनी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान होने वाले गरबा इंवेट पर रोक लगाने की मांग को लेकर विरोध तेज हो गया है। हाल ही में सकल हिंदू समाज ने एसपी से ऐसे आयोजनों को अनुमति नही दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। ऐसी ही मांग को लेकर विहिप- बजरंग दल ने मंगलवार को आवाज बुलंद की। विहिप ने कहा कि धार्मिक आस्था के प्रतीक गरबा आयोजन को व्यवसाय का रुप देने की होड़ मचने लगी है, इस पर रोक लगना जरुरी है। संगठन ने चेतावनी दी है की यदि शासन-प्रशासन इवेंट गरबा पर रोक नही लगाता है तो, कार्यकर्ता स्वयं गरबा पंडालों के बाहर खड़े होने को मजबूर होंगे। ऐसी स्थिति में कानून.व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन और आयोजकों की होगी।

बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता श्रीकृष्ण चौराहे से रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां जिला संयोजक हर्ष गुप्ता ने ज्ञापन का वाचन किया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने कहा कि सनातन परंपरा में नवरात्रि और गरबा मां दुर्गा की आराधना से जुड़ा धार्मिक आयोजन है, लेकिन कुछ आयोजनों में धार्मिक स्वरूप के बजाय व्यावसायिक गतिविधियां बढने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से सख्त व्यवस्था की मांग की गई। बजरंग दल ने मांग की कि माता की प्रतिमा की विधि.विधान से स्थापना वाले पंडालों को ही गरबा आयोजन की अनुमति दी जाए। इसके साथ ही गरबा पंडाल में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के पहचान-पत्र की जांच की व्यवस्था करने की मांग रखी गई।

## रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक नही किया जा सकेगा ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने पंचायत उप निर्वाचन के मद्देनजर जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों जनपद पंचायत निवाली, वार्ड क्रमांक 8 के जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत चिचली, मेणीमाता, मालूराणा, नागलवाड़ी बुजुर्ग, आछली, सोनखेड़ी, मेहदगांव, मालवन, लवाणी, मेंदलियापानी, क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-18 के अंतर्गत जिले के समस्त रिटर्निंग अधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत किया है।

सभाओं की अनुमति में दिनांक, सभा का स्थल एवं समय का स्पष्ट उल्लेख किया जावे तथा सभा के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग धीमी आवाज से करने के निर्देश दिए जायें। निर्वाचन आयेग के निदेशार्नुसार सभाए आयोजित करने की अनुमति प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 के मध्य होगी। जुलूस एवं रैली की अनुमति में जुलूस किस समय व किस स्थान से प्रारंभ होगा व कौन-कौन से मार्ग से गुजरेगा तथा किस स्थान व समय पर समाप्त होगा, उसका स्पष्ट उल्लेख किया जाये।

सभा एवं जुलूस की अनुमति देते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे कि दो अभ्यर्थी / निर्वाचन लडने वाले प्रत्याशियों को एक ही समय में एक ही स्थान पर सभा की अनुमति नहीं दी जावे। साथ ही आयोजित सभाओं के बीच कम से कम दो घंटे का अंतर रखा जाये, जिससे कोई अप्रिय। स्थिति निर्मित न हो। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाये कि किसी शासकीय/अशासकीय स्कूल के खेल मैदान / परिसर में सभा की अनुमति नहीं दिया जाना है।

## शस्त्र लायसेंस निलम्बित

**बड़वानी ।** जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने पंचायत उप निर्वाचन के मद्देनजर जिले के शस्त्र लायसेंस धारियो के लायसेंस आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 (3)(बी) के अंतर्गत पंचायत उप निर्वाचन के परिणाम घोषित होने तक के लिए निलम्बित कर दिये है। दण्डाधिकारी की इस कार्रवाई के कारण अब शस्त्र धारियो को अपने शस्त्र क्षेत्र के थाने में अनिवार्य रूप से जमा कराने होंगे। थाने में जमा शस्त्र को लायसेंसधारी पुनः 6 जून के पश्चात प्राप्त कर सकेंगे। थाने में शस्त्र जमा नही करवाने वालो के विरूद्ध भारतीय दण्ड विधान एवं शस्त्र अधिनियम में निहित प्रावधानो के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जायेगी। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिन शस्त्र धारकों को अपनी सुरक्षा हेतु आवश्यकता होने से शस्त्र अपने पास रखे।

## न्यूज -कॉलम

### तैराकी प्रतियोगिता में ईओडब्ल्यू निरीक्षक ने जीते 3 मेडल



**उज्जैन।** ईओडब्ल्यू ईकाई उज्जैन में पदस्थ निरीक्षक सोनल सिसौदिया ने 11 से 13 सितंबर तक हरियाणा में आयोजित 22 वीं मास्टर्स एक्वेटिक चैंपियनशिप तैराकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की ओर से भागीदारी की थी। प्रतियोगिता में निरीक्षक ने राष्ट्रीय स्तर पर 100 मीटर, 50 मीटर में 2 रजत पदक और 200 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त कर मध्यप्रदेश ईओडब्ल्यू के साथ उज्जैन ईकाई का नाम रोशन किया। उनके उज्जैन लौटने पर ईओडब्ल्यू स्टॉफ द्वारा बधाई दी गई।

### पड़ोसियों ने किया पथराव, 85 साल की वृद्धा घायल

**उज्जैन।** दीवार बनाने की बात पर उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम पगारा में 2 परिवारों के बीच विवाद हो गया। एक परिवार ने पथराव कर दिया। घटना में 85 साल की बसंताबाई पति मायाराम आंजना घायल हो गई। पोते अर्जुन और पंचायत मंत्री अशोक को भी चोंट आई। पुलिस ने मामले में भैरूसिंह आंजना उसके पुत्र अर्जुन, राहुल और संजय के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्हेल पुलिस के अनुसार दोनों परिवार एक ही समाज के है। पदमसिंह आंजना अपने घर के पीछे दीवार बना रहा था। भैरूसिंह ने विरोध किया और दीवार बनाने से मना करने लगा। उसके द्वारा गाली-गलौच शुरू कर दी गई। पदमसिंह ने सरपंच दशरथ और पंचायत मंत्री अशोक को बुलाया और बताया कि दीवार अपनी जमीन पर बना रहा है। सरपंच-मंत्री ने भी मामला सही पाया। लेकिन भैरूसिंह ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर पथराव कर दिया। जिसमें पदमसिंह की वृद्ध मां, पुत्र और पंचायत मंत्री घायल हो गया। वृद्ध बसंताबाई को गंभीर चोंट होने पर उन्हेल से डॉक्टरों ने उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया है। पुलिस ने भैरूसिंह और उसके तीनों पुत्रों को हिरासत में ले लिया है।

### एमआर-4 मार्ग पर युवक पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के एमआर-4 मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात पैदल घर लौट रहे नवीन पिता प्रेमनारायण निवासी विश्वबैंक कालोनी पर क्षेत्र के बदमाश अमन सेन ने चाकू से हमला कर दिया। घायल हालत में नवीन चिमनगंज थाने पहुंचा। पुलिस ने उसे उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया और बयान दर्ज किये। नवीन ने बताया कि अमन ने उससे शराब पीने के रूपये मांगे थे, मना करने पर चाकू से हमला किया है। पुलिस के अनुसार अमन की तलाश की जा रही है, वह अपराधिक प्रवृति का है।

### हरदा का युवक उज्जैन में बेच रहा था कच्ची शराब

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना पुलिस ने वाकणकर ब्रिज के पास से दाऊदखेड़ी की ओर जाने वाले मार्ग से हरदा के रहने वाले विजय पिता रामाधार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कच्ची जहरीली शराब से भरी पांच लीटर की केन बरामद की गई। एसआई भूपेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि आरोपी मजदूरी के लिये उज्जैन आया था लेकिन अवैध करोबार में लिप्त हो गया। वह नानाखेड़ा बस स्टेंड पर रात गुजारता था। उसका अपराधिक रिकार्ड पता करने पर हरदा में चोरी, मारपीट के प्रकरण दर्ज होना पाये गये। शराब मिलने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### पुत्री- दामाद की प्रताड़ना से तंग आकर लगाई थी फांसी

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के मानपुरा में रहने वाले जीवन पिता तेजूराम 50 साल ने 15 मार्च को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने उसके पास से सुसाइड नोट बरामद किया था। जिसमें लिखा था कि बड़ी बेटी रेखा, दामाद लाखन और भूरीबाई की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर रहा हूं। वह छोटी बेटी आरती और पुत्र अरविंद की कक्षा 10 वीं की परीक्षा खत्म होने इंतजार कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। परिजनों के बयान और सुसाइड नोट के आधार पर सामने आया कि बड़ी बेटी रेखा ने लाखन से प्रेम विवाह कर लिया था। जीवन ने विरोध किया था, जिसके बाद से बेटी-दामाद और भूरीबाई उसे प्रताड़ित करने लगे थे। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि मामले में बेटी-दामाद और महिला के खिलाफ आत्महत्या के उकसाने का मामला दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 348-5 | 800-8 |
| मेन बाजार | 224-8 | 490-3 |
| कल्याण नाइट | 235-0 | 170-8 |
| मिलन डे | | |
| मिलन नाइट | | |
| मधुर डे | 369-8 | 788-3 |
| मधुर नाइट | 147-2 | 170-8 |
| शुभांक | 6 1 | 9 |

## महाराष्ट्र की गैंग से 69 ग्राम सोने के कंगन बरामद....

# वृद्ध महिला यात्रियों को निशाना बनाते थे बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय वृद्ध महिला यात्रियों के साथ कंगन चोरी करने वाली गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जीआरपी ने 69 ग्राम के कंगन बरामद किये है। चारों को बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

जीआरपी थाना निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले 15 दिनों में काचीगुडा एक्सप्रेस, इंदौर-खडकी एक्सप्रेस, नर्मदा एक्सप्रेस और नागदा इंदौर पेसेंजर टे:न में उज्जैन स्टेशन प्लेटफार्म पर चढ़ते समय सोने के कंगन चोरी होने के मामले सामने आया थे। लगातार हुई वारदात के बाद बदमाशों का पता लगाने के लिये आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव के साथ प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और एसआई बचानीलाल तिवारी, प्रधान आरक्षक वीर भूपेन्द्रसिंह, संतोषसिंह, करतार यादव, मनोजसिंह परिहार, आरपीएफ प्रधान आरक्षक बुद्धसिंह हाड़ा, मनीराम मीना, आरक्षक लाखन सैनी और नंदसिंह की टीम गठित की गई। फुटेज में कुछ संदिग्ध दिखाई दिये। जिनकी तलाश तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शुरू की गई। पता चला कि उक्त बदमाश वारदात के फिराक में आये है।





तकनीकी लोकेशन के आधार पर चार बदमाशों अभिजीत उर्फ अभि पिता जीतू पंवार, कुणाल पिता सुनील गायकवाड, नरेश पिता विनायक गायकवाड और हुसैन पिता इब्राहिम शेख अंबरनाथ थाना अंबरनाथ जिला ठाणे (महाराष्ट्र) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में चारों ने कंगन चोरी करने की वारदात कबूल कर ली। थाना प्रभारी सुनील गुप्ता के अनुसार बदमाशों की निशानदेही पर 69 ग्राम के कटे कंगन बरामद किये गये है। बदमाशों से चार कटर भी जप्त किये गये है। जिसके माध्यम से वारदात को अंजाम देते थे। चारों से पूछताछ जारी है। बुधवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

### वृद्ध महिलाओं से मदद के बहाने वारदात

पुलिस पूछताछ में पता चला कि बदमाश महाराष्ट्र से ट्रेन में सवार होकर आते थे। प्लेटफार्म पर भीड़भाड के दौरान वह वृद्ध महिलाओं की रैकी करते थे और ट्रेन में चढ़ने के दौरान मदद के बहाने पहुंचते थे और कटर से कंगन काटकर भीड में वापस निकल जाते थे। जीआरपी को उनके गिरोह में कुछ ओर सदस्यों के शामिल होने की जानकारी मिली है, जिनका पता लगाने के प्रयास जारी है। चारों बदमाशों से बरामद 69 ग्राम वजनी सोने के कंगन का मूल्य 10 लाख के करीब सामने आया है।

### धार्मिक नगरी के स्टेशनों पर करते थे वारदात

बताया जा रहा है कि चारों बदमाशों के खिलाफ चोरी के कई अपराधिक मामले अन्य राज्यों में होना सामने आया है। बदमाशों की गैंग धार्मिक नगरी में बडे धार्मिक आयोजनों के दौरान पहुंचतती थी और चोरी को अंजाम देती थी। वारदतों के बाद ट्रेन से वापस महाराष्ट्र लौट जाते थे। प्रारंभिक पूछताछ में उज्जैन स्टेशन पर की गई चार वारदातों का खुलासा हुआ है।

# नाकाबंदी में पकड़ाये भैंस चोरी करने वाले बदमाश

### पुलिस देख पिकअप छोड़ भागे थे, 2 रिमांड पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भैंस चोरी में शामिल बदमाशों को पकडने के लिये नाकाबंदी की गई। पुलिस को देख पिकअप छोड़कर 2 बदमाश भागने का प्रयास करने लगे। दोनों को घेराबंदी कर पकडा गया। पुलिस ने 3 भैंस और एक पाडी के साथ चोरी में प्रयुक्त पिकअप जप्त की है।

खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि कस्बे में रहने वाले गोवर्धनलाल पाटीदार ने बताया कि ग्राम थडोदा मार्ग पर टीनशेड के बाडे में बंधी भैंस और पाडी अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये है। बदमाशों ने रेलवे लाइन के पास पर्वतसिंह की 2 भैंस भी चोरी की है। बदमाश लोडिंग वाहन से आये थे। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया और कस्बे के साथ रतलाम मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें लोडिंग पिकअप दिखाई दी।



बदमाशों का पता लगाने के लिये तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली गई। पता चला कि चोरी में देवीसिंह कटारा की गैंग शामिल है। जिसकी लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया गया। 13-14 सितंबर की रात उसके खाचरौद की ओर आने की जानकारी मिलते ही रानीसिंग रावटी स्टेशन रोड पर नाकाबंदी की गई। हरे रंग का पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 45 झेड के 0783 आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार 2 लोग कूदकर भाग निकले। जिन्हे पकडने के लिये घेराबंदी की गई और देवीसिंह उर्फ देवला पिता झीतू 28 वर्ष, निवासी ग्राम बडी संगत थाना थांदला जिला झाबुआ और पिकअप चालक नरेश पिता भूरसिंह 27 वर्ष निवासी ग्राम झपादरा, थाना काकनवानी झाबुआ को हिरासत में लिया गया। दोनों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर 3 भैंस और 1 पाडी बरामद की गई। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। भैंस चोरी गैंग का सरगना देवीसिंह होना सामने आया है। रिमांड अवधि में उसकी गैंग के साथियों का पता लगाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।



**उज्जैन।** लक्कडगंज मालीपुरा में विराजे गणपति की भव्य प्रतिमा के दर्शन हेतु अनेक भक्त प्रतिदिन पहुंच रहे है।

## देवास-उज्जैन हाइवे पर कंटेनर-पिकअप की भिड़ंत

### ताजपुर के युवक की मौत, दूसरा चालक घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास-उज्जैन हाइवे पर सोमवार-मंगलवार रात कंटेनर और पिकअप की भिड़त हो गई। दुर्घटना में पिकअप चालक की मौत होना सामने आया है। कंटेनर का चालक भी घायल है, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मक्सीरोड ग्राम ताजपुर में रहने वाला श्रीपाल पिता दिलीप कुमवात 40 साल पिकअप चालक था। रात में वह लहसून की उपज लेकर इंदौर जा रहा था। देवास-उज्जैन हाइवे नरवर थाना क्षेत्र के एमआईटी कॉलेज के पास पिकअप को पीछे से तेजगति में आये कंटेनर ने टक्कर मार दी। भिड़ंत होते ही पिकअप पलटी खा गई और श्रीपाल की दबने से मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर नरवर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। पिकअप चालक की उसके पास मिले दस्तावेजों से पहचान की गई। शव को देवास शासकीय अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन रात में देवास पहुंच गये थे। देवास पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया। नरवर पुलिस के अनुसार कंटेनर का चालक भी घायल हुआ है। जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वह कंटेनर लेकर हरियाणा से इंदौर जा रहा था।

**दुर्घटना का मार्ग बना उज्जैन-देवास हाइवे-** पिछले कुछ समय से उज्जैन-देवास हाइवे दुर्घटना का मार्ग बना हुआ है। रविवार सुबह भी कार-बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई थी। आये दिन होती दुर्घटना को लेकर मुजाखेडी, बोलासा और आसपास के ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया था। उनका कहना था कि हाइवे बनने के बाद से चार पहिया और छह पहिया वाहन तेजगति से दौड़ते है और छोटे वाहन चालकों को टक्कर मारकर भाग निकलते है। इस वर्ष 50 से अधिक दुर्घटना हो चुकी है, लेकिन दुर्घटना रोकने के प्रयास पुलिस और प्रशासन नहीं कर पा रहा है।

## नौकरी के नाम पर ऑनलाइन धोखाधडी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

घर बैठे ऑनलाइन ट्युटर की नौकरी दिलाने के नाम पर युवती के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। साइबर हेल्प लाइन पर हुई शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि बी ब्लॉक बद्री फ्लैट में रहने वाली अलेफिया पिता इकबाल ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर ऑनलाइन 42 हजार से अधिक की धोखाधडी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। हेल्पलाइन से मामला पुलिस के पास पहुंचा। शिकायत दर्ज कराने वाली युवती अलेफिया के बयान दर्ज किये गये। उसने बताया कि इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन ट्युटर टीचर की नौकरी का विज्ञापन देखा था। जिसमें वेतन 30 हजार बताया गया था। विज्ञापन में दिये नम्बर पर कॉल करने पर बताया गया कि रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 15 सौ रूपये जमा कराने होगें। रजिस्ट्रेशन शुल्क के लिये दूसरे नम्बर से क्यूआर कोड भेजा गया। 15 सौ रूपये का ट्रांजेक्शन करने के बाद लेपटॉप, जीएसटी आईडी, और सामग्री भेजने के लिये 40 हजार 779 रूपये जमा कराये गये। उसके बाद भी उस पर रूपये देने का दबाव बनाया जाने लगा। नौकरी नहीं देने पर जमा किये रूपये वापस लौटाने की बात कहीं तो नम्बर बंद कर लिया गया। पुलिस के अनुसार बयान दर्ज कर मामले में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## दरवाजा तोड़कर स्पोर्ट्स दुकान में चोरों का धावा

**उज्जैन।** रात के अंधेरे में स्पोर्ट्स दुकान का दरवाजा तोडकर बदमाशों ने धावा बोला और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की है। खाराकुआ थाना क्षेत्र स्थित बडा सराफा क्षेत्र में चैलेंजर्स स्पोर्ट्स की दुकान में रात के समय अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला और ऊपरी मंजिल का दरवाजा तोडकर प्रवेश किया। बदमाशों ने दुकान से पूजा के 5 चांदी के सिक्के, टीशर्ट, एलईडी, रेडियों सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह चोरी का पता चलने पर दुकान संचालक अजय पिता गोपालकृष्ण गर्ग निवासी गीता कालोनी ने खाराकुआ थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच के बाद देर रात मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये है। बताया जा रहा है कि बदमाश करीब 1 लाख के लगभग का सामान चुराकर ले गये है।

# ऋषि पंचमी पर गयाकोठा में उमड़ी श्रद्धालु महिलाओं की भीड़

**प्राचीन सप्तऋषि विग्रह का पूजन कर महिलाओं ने की क्षमा याचना, प्रायश्चित और सुख-समृद्धि की कामना**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ऋषि पंचमी के अवसर पर गयाकोठा स्थित प्राचीन सप्तऋषियों के विग्रह के दर्शन-पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ तड़के से ही मंदिर पहुंचना शुरू हो गई थी। सूर्योदय के साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालु महिलाओं की लंबी कतार लग गई। महिलाओं ने सप्तऋषियों का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर जाने-अनजाने में हुए दोषों के लिए क्षमा याचना की तथा प्रायश्चित करते हुए परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

पुत्री की पीड़ा देखकर ऋषि उत्तंग ने अपने योगबल से उसके दुखों के कारण का पता लगाया। मान्यता के अनुसार उन्हें ज्ञात हुआ कि पूर्वजन्म में उनकी पुत्री ने रजस्वला होने के दौरान धार्मिक नियमों का पालन नहीं किया था। उसने पवित्र बर्तनों को स्पर्श किया था तथा ऋषि पंचमी के व्रत के महत्व को जानते हुए भी उसका उपहास किया था। इसी दोष के कारण उसे जीवन में कष्ट भोगने पड़े।

### सूर्योदय से ही लगी कतार

मंदिर के पुजारी पं. विप्लव व्यास ने बताया कि सूर्योदय काल से ही बड़ी संख्या में महिलाएं सप्तऋषियों के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचने लगी थीं। श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार सप्तऋषियों का पूजन किया तथा व्रत एवं प्रायश्चित के माध्यम से आत्मशुद्धि का संकल्प लिया। दिनभर मंदिर में धार्मिक वातावरण बना रहा।



### ऋषि उत्तंग की पुत्री से जुड़ी है पौराणिक कथा

ऋषि पंचमी से जुड़ी पौराणिक मान्यता में ऋषि उत्तंग की पुत्री का उल्लेख मिलता है। कथा के अनुसार उनकी पुत्री ने जीवन में अनेक कष्ट झेले और कम उम्र में ही विधवा हो गई। विधवा होने के बाद वह अपने पिता के आश्रम में आ गई, लेकिन यहां भी उसके कष्ट कम नहीं हुए।

### प्रायश्चित और तप से मिला सुख

कथा के अनुसार ऋषि उत्तंग ने अपनी पुत्री को प्रायश्चित का मार्ग बताया। पुत्री ने श्रद्धापूर्वक ऋषि पंचमी का व्रत किया और कठोर तप-साधना के माध्यम से अपने दोषों का प्रायश्चित किया। इसके बाद उसे कष्टों से मुक्ति मिली और जीवन में सुख की प्राप्ति हुई। इसी मान्यता के कारण ऋषि पंचमी को आत्मशुद्धि, क्षमा याचना और प्रायश्चित का पर्व माना जाता है।

### ज्ञान और पवित्रता की परंपरा को नमन

ऋषि पंचमी केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय ऋषि परंपरा, ज्ञान, तप, संयम और पवित्रता की विरासत को स्मरण करने का अवसर भी है। सप्तऋषियों की उपासना के माध्यम से श्रद्धालु भारतीय संस्कृति में ऋषियों के योगदान और उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं।

## पूर्व होटल संचालक और दूध व्यवसायी के बीच विवाद

**उज्जैन।** पूर्व होटल संचालक और दूध व्यवसायी के बीच मंगलवार शाम शहर के प्रतिष्ठित माधव क्लब परिसर में विवाद हो गया। दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पूर्व होटल संचालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

सुदामानगर में रहने वाले पूर्व होटल संचालक शेखर श्रीवास शाम को माधव क्लब पहुंचे थे, इस दौरान फ्रीगंज में दूध का व्यवसाय करने नरेश वासवानी निवासी गीता कालोनी क्लब से बाहर निकल रहे थे। दोनों के बीच पुराना विवाद चला आ रहा है। क्लब परिसर में आमना-सामना होने पर उनके बीच घूराघूरी शुरू हो गई और मामला मारपीट में बदल गया। नरेश वासवानी घायल होने पर उपचार के लिये क्लब के समीप निजी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हे उपचार के लिये भर्ती किया गया। वहीं शेखर श्रीवास घायल होने के बावजूद नीलगंगा थाने पहुंचे और नरेश वासवानी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि शेखर श्रीवास को मेडिकल परीक्षण के लिय अस्पताल भेजा गया। मामले में जांच की जा रही है। नरेश वासवानी की ओर से शिकायत नहीं मिली थी, अगर शिकायत करते है तो उनकी ओर से भी मामला विवेचना में लिया जायेगा। विदित हो कि शेखर श्रीवास भाजपा पार्षद सुशील श्रीवास के पिता है। उनकी नानाखेडा पर होटल शांति पैलेस थी, जिसकी शिकायत मोहन वासवानी द्वारा की गई थी। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद होटल शांति पैलेस को ब्लास्ट कर तोड़ दिया गया था। उससे पहले भी दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

# चिंतन क्यों अनिवार्य



एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा गया है कि सब कुछ परिवर्तनशील है, यह जानते हुए भी मनुष्य चिंतित क्यों होता है? मनुष्य अपनी तमाम कमियों, कमजोरियों और भूलों के बावजूद मूलतः एक दिव्य प्राणी है। जीवन में क्षणिक दुर्बलता के कारण कभी-कभी उससे गलतियां हो जाती हैं, लेकिन इन गलतियों से उसकी मूल प्रकृति नहीं बदल जाती। वह ईश्वर की ही अभिव्यक्ति है। हर मनुष्य के भीतर पूर्णता की संभावना छिपी हुई है और वह उसे प्राप्त कर सकता है।

हम आज जैसे हैं, वह हमारे बीते हुए विचारों और कर्मों का परिणाम है। इसी तरह, हमारा आने वाला जीवन इस बात से तय होगा कि हम आज क्या सोचते और करते हैं? हमारे अतीत के कर्मों ने वर्तमान को आकार दिया है और वर्तमान के विचार व कर्म हमारे भविष्य का निर्माण करेंगे। इसलिए अतीत को लेकर निराश होने के बजाय हमें वर्तमान को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। हम सब अदृश्य दिव्य स्रोत से आए हैं और एक निश्चित समय के बाद उसी अदृश्य स्रोत में लौट जाएंगे। संसार की कोई वस्तु, कोई संबंध और कोई व्यक्ति हमेशा के लिए हमारा नहीं है। इसलिए किसी के चले जाने या किसी वस्तु के हाथ से निकल जाने पर अत्यधिक शोक करना भी उचित नहीं है। जब किसी का अस्तित्व ही स्थायी नहीं है, तो उसके लिए शोक क्यों किया जाए?

इसीलिए विवेकशील मनुष्य यह समझते-समझाते हैं कि मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य ब्रह्म की प्राप्ति है। धन, पद, प्रतिष्ठा, भौतिक सुख और सांसारिक उपलब्धियां जीवन की आवश्यकताएं हो सकती हैं, अंतिम लक्ष्य नहीं। जब मनुष्य मन की प्रवृत्तियों को निरंतर बाहरी और भौतिक वस्तुओं से हटाकर ब्रह्म की ओर मोड़ता है, तब उसके भीतर एक अलग आनंद जन्म लेता है। ईश्वर का निरंतर चिंतन मनुष्य को ऐसी आध्यात्मिक अनुभूति तक ले जाता है, जहां सांसारिक सुख फीके लगने लगते हैं। वैष्णव दर्शन में आध्यात्मिक आनंद की इन अवस्थाओं को दशा, भाव और महाभाव जैसे शब्दों से व्यक्त किया गया है।

क्या आध्यात्मिक अनुभूति केवल उन लोगों के लिए है, जिनका अतीत पवित्र रहा हो? ऐसा बिल्कुल नहीं है। साधक का अतीत चाहे कितना भी कलुषित क्यों न रहा हो, वह आध्यात्मिक साधना और ईश्वर-प्राप्ति का अधिकारी है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में रत्नाकर और अंगुलिमाल जैसे उदाहरण मिलते हैं। उनका अतीत अपराधों से भरा था, पर बाद में उनका जीवन बदल गया। वे ईश्वर के महान भक्त और समाज के लिए प्रेरणा बन गए। इससे यह संदेश मिलता है कि मनुष्य के भीतर परिवर्तन की संभावना कभी समाप्त नहीं होती। ईश्वर की ओर बढ़ने का मार्ग उसके लिए हमेशा खुला है।



## सम्पादकीय

# फिर खेल से खिलवाड़

फिर एक बार भारत ने क्रिकेट एशिया कप जीत लिया, पर विजेता ट्रॉफी का हाथ न आना बहुत दुखद और चिंताजनक है। मैदान में क्रिकेट की जीत हुई, पर उसे एशियाई क्रिकेट परिषद ने अपने व्यवहार से हरा दिया। एक वर्ष पहले भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की शिकायत को नजरअंदाज किया गया था और अब महिला क्रिकेट टीम की इच्छा का अनादर किया गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस बार विजेता टीम की ट्रॉफी लेकर नहीं भागे, पर उनके अड़ियल व बेशर्म रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। नकवी सिर्फ क्रिकेट प्रशासक ही नहीं, पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। भारत के प्रति उनकी दुश्मनी किसी से छिपी नहीं है, लेकिन तब भी वह विजेता भारतीय टीम को अपने हाथों से ट्रॉफी देने के लिए मंच पर जा चढ़ते हैं। कायदा यही बोलता है कि आप खिलाड़ियों की भावना का सम्मान करें, पर नकवी इसे नाक का सवाल बना लेते हैं। यह नाक पिछले वर्ष भी कटी थी, इस वर्ष भी कटी है।

नकवी और पाकिस्तानी क्रिकेट की हठधर्मिता शर्मनाक है। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की टी-20 एशिया कप फाइनल में श्रीलंकाई टीम पर शानदार जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों को जश्न मनाने का पूरा हक था, लेकिन नकवी को भारतीयों की खुशी मंजूर नहीं है। नकवी जैसे असंवेदनशील क्रिकेट प्रशासकों का इलाज भारतीय क्रिकेट बोर्ड को ही नहीं, विश्व क्रिकेट बोर्ड को भी सोचना चाहिए। ऐसी भारतीय टीम और भारतीय दर्शकों को निराश किया जा रहा है, जिनसे विश्व क्रिकेट को 80 प्रतिशत से ज्यादा कमाई होती है। इतना ही नहीं, विश्व क्रिकेट से पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड को अपने कुल बजट का 50 प्रतिशत से ज्यादा हासिल होता है। यह बात खुद पाकिस्तानी खिलाड़ी स्वीकार चुके हैं कि अगर भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहे, तो पाकिस्तान में क्रिकेट पर मुश्किलें मंडराने लगेंगी। ऐसे में, पाकिस्तान को शुक्र मनाना चाहिए, भारत कम से कम बहुदेशीय मुकाबलों में पाकिस्तान के साथ भाग ले रहा है, वरना भारत में इस बात के लिए भारी दबाव है कि पाकिस्तान के विरुद्ध क्रिकेट का बहिष्कार करना चाहिए। फिर भी, भारतीय भलमनसाहत को समझने की कोशिश पाकिस्तान कर रहा हो, ऐसा लगता नहीं है। अतः इस बढ़ती समस्या का हल खोजना होगा। दरअसल, इस पूरी समस्या के पीछे पाकिस्तान की जिद है। वह सुधरना नहीं चाहता। पाकिस्तानी साजिश की ताजा मिसाल देखिए।

## जन्मदिन पर विशेष

# संकल्प से सिद्धि तक : नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा यात्रा

नये भारत के शिल्पकार नरेन्द्र मोदी अपनी अनवरत जनसेवा व राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूरे करने जा रहे हैं। यह यात्रा 7 अक्टूबर, 2001 को शुरू हुई थी, जब उन्होंने 12 वर्ष 7 माह तक गुजरात के सफल मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। नरेन्द्र मोदी ने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री के रूप में प्रथम बार शपथ ली। तब से लेकर आज तक उन्होंने जनसेवा से राष्ट्रसेवा के मंत्र को जी कर दिखाया है और उनकी इस यात्रा की गति न धीमी हुई और न रूकी, बल्कि कीर्तिमान स्थापित करते हुये सतत जारी है।


सुरेश पचौरी
(दैनिक अवन्तिका)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितम्बर, 2026 को अपने जीवन के 75 वर्ष पूरे करने जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी उनके जन्म दिवस पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' प्रारंभ करने जा रही है, जब उनके सुशासन के 25 वर्ष पूरे होंगे। 12 वर्ष 7 माह तक गुजरात के मुख्यमंत्री और कमोबेश इतनी ही अवधि के उनके प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि उन्होंने जनसेवा का कीर्तिमान और प्रतिमान रच दिया।

गुजरात के मेहसाणा जिले के एक छोटे से गांव बड़नगर से शुरू हुई उनकी जीवन यात्रा में आए तमाम उतार-चढ़ाव के बीच लगन, निष्ठा, परिश्रम, त्याग, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रप्रेम के चलते वे भारतीय राजनीति के शलाका पुरुष बन चुके हैं। वे आज सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री के रूप में ही नहीं जाने-पहचाने जाते, वरन आज वे विश्व के अग्रणी शीर्ष नेताओं में शुमार हो चुके हैं। नरेन्द्र मोदी को 36 देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया है। वे ऐसे तपे-तपाए जननेता हैं, जिनमें कुंदन की कठोरता भी है और चंदन की शीतलता भी विद्यमान है। उनके चिंतन में राष्ट्र, राष्ट्रबोध एवं राष्ट्रहित सर्वोपरि है और इसी उदात्त भावना से ओतप्रोत होकर उन्होंने किशोरावस्था में अपना घर-द्वार छोड़कर जनसेवा की ओर जो कदम बढ़ाए, वे आज तक नहीं रुके।

उन्होंने दशकों से लंबित फैसलों को पूरा किया - चाहे धारा 370 की समाप्ति हो, भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हो या सीमाओं की अभेद्य सुरक्षा हो। विज्ञान के क्षेत्र में चंद्रयान-3 की सफलता से लेकर मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत तक, उनके हर कदम ने भारत को सशक्त बनाया है। स्वच्छ भारत से जल जीवन मिशन तक, उज्जवला योजना से आयुष्मान भारत तक, किसान सम्मान निधि से लखपति दीदियों की आत्मनिर्भरता तक - हर योजना का एक ही ध्येय रहा है कि सबका जीवन बेहतर हो, भारत समर्थ बने। ये 25 वर्ष सिर्फ सत्ता के नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के विश्वास और एक दूरदर्शी नेता के तप, त्याग और नेतृत्व की गाथा है।

प्रधानमंत्री के रूप में विगत लगभग साढ़े बारह वर्षों के दौरान मोदी जी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन कार्ययोजनाओं को अमली जामा पहनाया, जिसका भाजपा ने चुनाव घोषणा पत्र में वादा किया गया था। चाहे वह सामाजिक-आर्थिक बदलाव हों, चाहे प्राकृतिक संसाधनों, खनिजों, सांस्कृतिक धरोहरों आदि का संरक्षण हो या फिर देश के किसानों के कल्याण के लिए कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था हो, सब पर विशेष ध्यान दिया गया। मोदी जी के मार्गदर्शन में युवाओं में नवाचार और आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ाने के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया और डिजिटल स्किल इंडिया जैसी योजनाओं का सूत्रपात हुआ है।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्रगति की रफ्तार दिन-ब-दिन बढ़ती नजर आ रही है। आम आदमी के जीवन में खुशहाली आई, समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के जीवन में सुधार आया, दुनिया में भारत के मान-सम्मान में वृद्धि हुई, पड़ोसी देश पाकिस्तान को ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान मुंह की खानी पड़ी। मोदी देश हित में इतने दृढ़प्रतिज्ञ हैं कि दुनिया की कोई ताकत आज तक उन्हें अपने सिद्धांतों से न तो डिगा सकी है और न ही झुका सकी है। उनका यह आत्मबल न सिर्फ करोड़ों भारतवासियों बल्कि विश्व के दीगर मुल्कों में रहने वाले भारतवासियों को संबल प्रदान करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हमारी जीडीपी वृद्धि दर भी 7.8% है। रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। देश विरोधियों और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति परिणाममूलक है।

प्रधानमंत्री ने सरकार की योजनाओं के केन्द्र बिन्दु में हमेशा आम आदमी को रखा। इस सोच के साथ गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मसलन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के करोड़ों परिवारों को पक्के घर दिए गये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों शौचालयों का खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कराया गया। उज्जवला योजना के माध्यम से गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान कर उनके स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा की गई। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के मद्देनजर आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई, जिससे लगभग 60 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य बीमा का सुरक्षा कवच मिला। जल जीवन मिशन से हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। आधारभूत संरचना की बात की जाये तो प्रधानमंत्री ने इसे राष्ट्र की रीढ़ मानते हुए इसमें भारी निवेश किया। सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और डिजिटलीकरण में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है। ग्रामीण भारत में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में मेट्रो और स्मार्ट सिटी जैसी योजनाएं मूर्तरूप ले रही हैं।

कर्मयोगी नरेन्द्र मोदी ने अपना जीवन 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के भाव को चरितार्थ करते हुए राष्ट्र को समर्पित कर दिया है। वे 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं। मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का सिद्धांत है- रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म। प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की गई।

## मिट्टी का घड़ा

ज़िला उद्योग केंद्र के मुख्य सभागार के सामने लगे बरगद के चबूतरे पर बहत्तर साल के बिहारी लाल हर इतवार सुबह ठीक दस बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में कच्ची लाल मिट्टी का बना एक छोटा सा तराशा हुआ घड़ा होता था जिसके गले पर नीले रंग के धागे से एक सरकारी मुहर बंधी थी। आज तीस अगस्त को राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस के भव्य समारोह के मौके पर जब सुरक्षा गार्ड ने उन्हें गेट पर बैठा देखा तो अपनी मूंछों पर ताव देते हुए ठहाका लगाकर बोला कि ₹बाबा जब आज पूरे प्रदेश में कुटीर उद्योग और स्वरोजगार की नई योजनाओं का डंका बज रहा है तो इस कच्चे मिट्टी के बर्तन को रोज अपनी छाती से लगाकर यहाँ क्या भीख मांगने का नया तमाशा खड़ा करते हो।₹ बिहारी लाल अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को धोती के छोर से साफ करते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि बेटा यह मिट्टी का घड़ा केवल कच्ची माटी नहीं है बल्कि इस पूरे उद्योग महकमे की वो खोखली कारीगरी है जिसे तुम्हारे ये बड़े-बड़े डिजिटल पोर्टल कभी नहीं समझ पाएंगे। आसपास खड़े तमाम मुंशी और दलाल उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बुढ़ापे में कुम्हार का दिमाग पूरी तरह सठिया गया है जो मिट्टी के घड़े को अपनी ढाल बनाकर पूरे मंत्रालय से अनुदान का हिसाब मांगने चला आया है।₹ बिहारी लाल किसी की बात का तनिक भी मलाल किए बिना उस घड़े की गोल मुहाने को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और चुपचाप गाड़ियों के काफिले का इंतजार करते रहते थे। उद्योग केंद्र के सभी बाबू और अधिकारी बिहारी लाल की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से पूरी तरह परिचित हो चुके थे और उन्हें एक सनकी बुजुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी सब्सिडी के चेक लेकर महाप्रबंधक के केबिन की तरफ बढ़ता तो बिहारी लाल बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि बाबू जी क्या आज उस पारंपरिक माटी कला वाले स्वरोजगार कर्ज.पर साहब के दस्तखत हो गए।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16 सितंबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - पंचमी 08:41 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - विशाखा 18:16 उपरांत अनुराधा
योग - वैधृति 14:24 उपरांत विष्कुंभ
करण - बालव
चन्द्रमा - तुला में हे 11:46 पर वृश्चिक मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 04तारिख

**मेष-** सप्तम भाव में चंद्रमा का गोचर व्यापारिक साझेदारों के साथ तालमेल बेहतर करेगा। नए सौदों में लाभ होगा।

**वृषभ-** दफ्तर में सहयोगियों का समर्थन मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं।

**मिथुन-** लव लाइफ में निकटता आएगी, जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। धन आगमन के रास्ते खुलेंगे।

**कर्क-** चतुर्थ भाव में चंद्र गोचर से घरेलू कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। प्रॉपर्टी से जुड़ा काम बन सकता है।

**सिंह-** कार्यक्षेत्र में मन थोड़ा विचलित रह सकता है, एकाग्रता बनाए रखें।

**कन्या-** प्परिवार और जीवनसाथी के साथ सुखद समय बीतेगा। वाहन या संपत्ति पर खर्च के योग हैं।

**तुला-** आपकी ही राशि में चंद्रमा का गोचर होने से मानसिक शांति और आकर्षण बढ़ेगा।

**वृश्चिक-** कार्यक्षेत्र में आपके फैसलों की तारीफ होगी, नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु-** दांपत्य जीवन में सुख-शांति रहेगी, लव लाइफ शानदार होगी। आर्थिक लाभ के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**मकर-** दशम भाव में चंद्रमा के प्रभाव से कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ-** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, मेहनत का फल धन रूप में मिलेगा। योग का सहारा लें।

**मीन-** कारोबार में नए सौदे फाइनल होंगे, सरकारी काम पूरे होंगे। लव लाइफ में काम की व्यस्तता के कारण कम समय दे पाएंगे।

## समसामयिक

# श्री गणेश वंदना मालवी में

ऊँ जय देवा गणेश, ऊँ जय देवा गणेश
तमतो रिद्धी - सिद्धी संग ले,
विराजो म्हारा घर
मूषक को वाहन लगे थारे प्यारो,
चोलो सिन्दुरी देवा,
लगे थारे प्यारो, विष्णु लक्ष्मी साथे शेष,
गौरा साथ मे महेश
तमतो रिद्धी सिद्धी संग ले, विराजो म्हारा घर
ऊँ जय देवा गणेश, ऊँ जय देवा गणेश
सरस्वति लावजो, लक्ष्मी संग आवजो,
विद्या बुद्धि लावजो, लाभ शुभ लावजो
न्यौतो मान लो गणेश, जल्दी आवजो गणेश,
तमतो रिद्धी झ्र सिद्धी संग ले,
विराजो म्हारा घर
ऊँ जय देवा गणेश, ऊँ जय देवा गणेश
भुल चूक म्हारी माफ करो देवा
निर्विघ्न काज सारा करो, म्हारा, देवा
थारी महीमा गावे रोज तीन लोक और दिनेश
तमतो रिद्धी झ्र सिद्धी संग ले,
विराजो म्हारा घर
ऊँ जय देवा गणेश, ऊँ जय देवा गणेश


कु. वर्षा जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

# गणपति बप्पा


गणपति बप्पा आए रे,
खुशियों के रंग लाए रे।
नन्हे-मुन्ने फूल सजाएँ,
मिलकर मंगल गीत सुनाएँ।
माथे चमके मुकुट सुहाना,
प्यारा मुखड़ा बड़ा सलोना।
बड़े-बड़े हैं कान तुम्हारे,
बप्पा लगते सबसे न्यारे।
मूषक संग जब बप्पा आए,
बच्चों के चेहरे खिल जाएँ।
मोदक की खुशबू मन को भाए,
देखो! बप्पा मुस्कुराए।
दूर्वा, फूल चढ़ाएँ सारे,
गूँजें जय-जयकार तुम्हारे।
बुद्धि, ज्ञान हमें दे जाना,
सच्ची राह सदा दिखलाना।
झूठ न बोलें, बात न टालें,
मिल-जुलकर हम कदम बढ़ाएँ।
पेड़ लगाएँ, स्वच्छ रहें हम,
सुंदर अपना देश बनाएँ।
नहीं किसी से बैर करेंगे,
सबके संग हम प्रेम करेंगे।
बप्पा का आशीष जो पाएँ,
हँसते-गाते आगे जाएँ।
गणपति बप्पा मोरया!
मंगलमूर्ति मोरया!
ज्ञान-बुद्धि का दीप जलाएँ,
भारत को हम खूब सजाएँ।


गोपाल कौशल
(दैनिक अवन्तिका)

# डेंगू से ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक रह सकते हैं ये साइड इफेक्ट

उत्तर और मध्य भारत में तेजी से पांव पसारने वाला मौसमी बुखार डेंगू इस बार पिछले साल के मुकाबले ज्यादा आक्रमक दिख रहा है। यूपी, दिल्ली और मध्य प्रदेश तक इसके मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी दिख रही है। वैसे तो इस जानलेवा बीमारी से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या अभी तक अच्छी है, लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि डेंगू से उबरने के बाद भी ऐसे लोगों को सेहत के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। डेंगू के खिलाफ जंग केवल इससे बचाव या इस संक्रमण से ठीक होने तक ही सीमित नहीं है। क्योंकि साधारण बुखार आता है और चला जाता है, लेकिन डेंगू के ठीक होने बाद भी लंबे समय तक समस्या बनी रहती है। जानकार इसकी वजह डेंगू के कारण शरीर पर पड़ने वाले साइड इफेक्ट्स को मानते हैं, इसलिए लोगों को पौष्टिक आहार और नियमित दिनचर्या अपनाने पर ध्यान देना चाहिए।

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के प्रमुख, डॉ जुगल किशोर ने बताया, डेंगू से उबरने के बाद दो सप्ताह तक खुद को आराम देने की कोशिश करें। संतुलित आहार जरूर लें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीएं। तनाव बिलकुल ना लें। पुराने लाइफस्टाइल में धीरे-धीरे लौटें। एकदम काम शुरू ना करें।



**शरीद में दर्द होना-** डेंगू मरीजों की मांसपेशियों में दर्द सबसे आम बात है। लेकिन यह समस्या ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक बरकरार रह सकती है।

**बाल झड़ना-** डेंगू मरीज के रोम रोम को प्रभावित करता है। इससे कई मरीजों में बाल झड़ने की समस्या भी देखने को मिलती है।

**विटामिन-मिनरल्स की कमी-** डेंगू के मरीजों में विटामिन ए, डी, बी 12, ई समेत कई विटामिन और मिनरल्स की कमी हो जाती है। इससे जोड़ों का दर्द और बढ़ जाता है। कुछ लोगों में त्वचा संबंधी समस्याएं भी देखने को मिलती है।

**कमजोरी-** मरीजों को प्लेट्लेट्स की कमी के कारण ठीक होने के बावजूद भी कमजोरी महसूस होती है। इन लोगों को ज्यादा कमजोरी का सामना करना पड़ा है जिनकी इम्यूनिटी कम है। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को ठीक होने के बाद काफी समय तक दिक्कत हो सकती है।

**अवसाद/डिप्रेशन-** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मेंटल हेल्थ सिस्टम्स में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, डेंगू बुखार से पीड़ित लोगों में तनाव, अवसाद और चिंता का लेवल बढ़ जाता है। ये प्रॉब्लम ठीक होने के बाद भी कुछ समय तक बरकरार रह सकती है।

### डेंगू से ठीक होने पर क्या करें

- बैलेंस डाइट के साथ नींबू पानी और ओआरएस घोल कुछ दिन तक लेते रहें
- अनार, संतरा और गन्ने का रस पीना खून की मात्रा बढ़ाने के लिए जरूरी है।
  अंडा, चिकन और मछली खाना फायदेमंद है।

### क्या ना करें

- मच्छरदानी लगाए बिना न सोएं, इससे संक्रमण रोकने में मदद मिलेगी।
- ऐसा ना सोचें कि दोबारा डेंगू नहीं हो सकता है, ये केवल भ्रम है।

## धर्म-आस्था

# एक गणेश, अनेक परंपराएं, एक ही आस्था

महाराष्ट्र के गणपति बप्पा से तमिलनाडु के पिल्लैयार और मध्यप्रदेश के खजराना गणेश तक, भाषा-भोग-पद्धति भले अलग, श्रद्धा का भाव एक भारत में भगवान गणेश केवल विघ्नहर्ता ही नहीं, बल्कि बुद्धि, विवेक, शुभारंभ, समृद्धि और मंगल के देवता माने जाते हैं। गणेश चतुर्थी का उत्सव देश के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग रूपों में दिखाई देता है। कहीं भव्य सार्वजनिक आयोजन होते हैं, कहीं घर-परिवार में पारंपरिक पूजा होती है तो कहीं गणेशजी विद्या और व्यापार के आराध्य के रूप में पूजे जाते हैं। पूजा की भाषा, प्रसाद और रीति बदलती है, लेकिन आस्था का भाव एक ही रहता है। महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की भव्यता देशभर में प्रसिद्ध है। मुंबई का लालबागचा राजा, सिद्धिविनायक और पुणे का दगडूशेठ गणपति श्रद्धा के प्रमुख केंद्र हैं। सार्वजनिक गणेशोत्सव ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता को भी मजबूत किया है। यहां गणपति बप्पा के जयघोष के साथ अगले वर्ष फिर आने का भाव जुड़ा है।


अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

गोवा में गणेश चतुर्थी को चवथ कहा जाता है। पुश्तैनी घरों में गणेश स्थापना और परिवार के साथ मिलकर पूजा करने की परंपरा विशेष महत्व रखती है। कर्नाटक में गणेश उत्सव का संबंध गौरी पूजा से भी जुड़ा है, जबकि आंध्रप्रदेश में इसे विनायक चविथि के नाम से जाना जाता है। कनिपाकम का वरसिद्धि विनायक मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है।

तेलंगाना में हैदराबाद का गणेश उत्सव और खैरताबाद की विशाल गणेश प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है। तमिलनाडु में गणेशजी पिल्लैयार के नाम से लोकप्रिय हैं और विनायक चतुर्थी पर कोझुकट्टई जैसे पारंपरिक नैवेद्य का विशेष महत्व है। केरल में भी विनायक की आराधना मंदिरों और परिवारों में श्रद्धा से की जाती है। गुजरात में गणेशजी को शुभारंभ और मंगल कार्यों से जोड़ा जाता है। मध्यप्रदेश में इंदौर का खजराना गणेश मंदिर गणेश भक्ति का प्रमुख केंद्र है। यहां वर्षभर श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिलती है। गणेशोत्सव के दौरान इंदौर, भोपाल, उज्जैन सहित अनेक शहरों में घरों और सार्वजनिक स्थलों पर गणेश स्थापना की जाती है।

राजस्थान में जयपुर का मोती डूंगरी गणेश और रणथंभौर का त्रिनेत्र गणेश विशेष प्रसिद्ध हैं। उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पंजाब और हरियाणा में गणेशजी को शुभ कार्यों के प्रथम पूज्य के रूप में स्मरण करने की परंपरा व्यापक है। विवाह, गृहप्रवेश, व्यापार आरंभ और धार्मिक अनुष्ठानों में श्री गणेश से शुरूआत का भाव इसी परंपरा से जुड़ा है।

पश्चिम बंगाल में गणेशजी व्यापार और शुभारंभ के देवता के रूप में पूजे जाते हैं तथा दुगार्पूजा की परंपरा में भी उनका विशेष स्थान है। ओडिशा में गणेशजी को विद्या और बुद्धि के देवता के रूप में विद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में विशेष सम्मान मिलता है। असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों में भी मंदिरों, परिवारों तथा विभिन्न समुदायों के बीच गणेश आराधना की परंपरा दिखाई देती है। पूर्वोत्तर राज्यों–सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा–में गणेश चतुर्थी का स्वरूप स्थानीय जनसंख्या और सांस्कृतिक विविधता के अनुसार अलग-अलग है। जहां हिंदू समुदाय और मंदिर हैं, वहां श्रद्धा के साथ गणेश पूजा की जाती है।

### अलग-अलग नैवेद्य, एक ही भक्ति

गणेशजी के भोग में भी भारत की सांस्कृतिक विविधता दिखाई देती है। महाराष्ट्र में उकडीचे मोदक, दक्षिण भारत में कोझुकट्टई, कहीं लड्डू, कहीं गुड़-नारियल और कहीं स्थानीय अनाज से बने पकवान भगवान को अर्पित किए जाते हैं। स्वाद और विधि अलग है, लेकिन भावना वही–प्रथम पूज्य गणेश के प्रति श्रद्धा। इंदौर में खजराना गणेश के प्रति लोगों की आस्था पीढ़ियों से चली आ रही है। आज गणेशोत्सव केवल मंदिरों तक सीमित नहीं है। निपानिया और विजय नगर सहित शहर की आवासीय सोसायटियों, विद्यालयों और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में भी गणेश स्थापना के साथ सांस्कृतिक और पर्यावरण जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मिट्टी की प्रतिमा और पारंपरिक पूजन के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का प्रयास भी दिखाई देता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,49,800 रवा- 1,49,600 चांदी- टंच- 2,35,000 पाट- 2,34,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



### हिंदी दिवस पर गूंजी हिंदी की सरस कविताएं

**शुजालपुर।** हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में इंद्रधनुष साहित्य परिषदए,शुजालपुर द्वारा सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी हरिचरण मंगलावत रहे, जबकि अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष हरीश सक्सेना ने की। मां शारदा की पूजा-अर्चना के साथ काव्य गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। हिंदी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में नगर के वरिष्ठ एवं युवा रचनाकारों ने हिंदी भाषा की महत्ता, साहित्य और संस्कृति को केंद्र में रखकर अपनी श्रेष्ठ रचनाएं प्रस्तुत कीं। हरीश सक्सेना, लीलाधर तिवारी, नरेंद्र त्रिवेदी फुरसती, नरेंद्र कुमार सक्सेना निर्दोष एवं देवकरण मालवीय ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर अनेक साहित्यप्रेमी सुधी श्रोता मौजूद रहे।

### भंडारे में घुसी तेज रफ्तार कार, पांच श्रद्धालु घायल

**शुजालपुर।** शहर से सटे हुए ग्राम भीलखेड़ी में रविवार शाम पीपलदेव महाराज धर्मस्थल के समीप चल रहे भंडारे में अचानक तेज रफ्तार कार आ जाने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कार की चपेट में आने से पांच लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे लगे इमली के पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में घायल 10 वर्षीय बालक जयंत मेवाड़ा को पैर में गंभीर चोट होने के कारण ऑपरेशन के लिए इंदौर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम करीब 7 बजे मेहंदी रंग की कार क्रमांक एमपी09 सीडब्ल्यू 5292 तेज गति से भंडारे की ओर आई। लोगों को संभलने का मौका मिलता, इससे पहले ही कार ने वहां मौजूद लोगों को अपनी चपेट में ले लिया।

### 8 दुकानों से चोरी के मामले में एक बदमाश गिरफ्तार

**खातेगांव।** सतवास के पीपलकोटा में आठ दुकानों में हुई चोरी का खुलासा हो गया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई से खुश होकर सोमवार रात पीपलकोटा के व्यापारियों ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी आशीष पाल समेत पूरी पुलिस टीम का सम्मान किया। उन्होंने सतवास थाने पहुंचकर पुलिस टीम को फूलमाला पहनाई और तेज कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया। व्यापारियों ने कहा कि इस कार्रवाई से पुलिस पर उनका भरोसा और बढ़ा है। रक्षाबंधन की रात पीपलकोटा में एक साथ आठ दुकानों से चोरी की घटना के बाद हड़कंप मच गया।

### श्री गणेश स्थापना के बाद हरितालिका तीज व्रत किया

**चन्देसरा।** इस वर्ष पहले श्री गणेश स्थापना के बाद रात्रि कालिनसमय में हरितालिका तीज का व्रत किया। प्रतिवषाद हरितालिका तीज व्रत के पश्चात इस दूसरे दिन श्री गणेशजी की स्थापना की जाती है। पंचांग के हिसाब से रिक्ता तीथि होने पर क्षेत्र के मन्दिरों एवं धर्म प्राण जनता द्वारा सजाए पाण्डालों में पहले श्री गणेश स्थापना की पश्चात पूरी रात्रि समय में भगवान शिव, माता पार्वती के सौभाग्येश्वर रूप में महिलाएं एवं अविवाहिता कन्याओं ने अखण्ड सौभाग्य एवं अच्छे वर की कामना से रात्रि जागरण में भजन कीर्तन करते करते भगवान सौभाग्येश्वर के विग्रह भी पांच बार पूजा आरती की। पश्चात प्रातःकाल भगवान के विग्रह से पति के चिरायु एवं परिवार में सुख समृद्धि की कामना के साथ जल में निसर्जित किया गया।

शाजापुर में मौलाना उस्मान लुधियानवी का भव्य इस्तकबाल, जेसीबी से बरसाए फूल

# बदलाव की बयार : जलसे में गूंजा भाईचारा और नशामुक्ति का संदेश, 800 नौजवानों ने की नशे से तौबा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर में अंजुमन व सीरत कमेटी के तत्वावधान में रविवार को आयोजित अजीमुश्शान जलसा सामाजिक सुधार और कौमी यकजहती की एक ऐतिहासिक मिसाल बन गया। इस जलसे में शाजापुर सहित आसपास के कई जिलों से हजारों की तादाद में अकीदतमंद पहुंचे। कार्यक्रम में मेहमान-ए-खुसूसी के रूप में पंजाब के शाही इमाम मौलाना उस्मान रेहमानी लुधियानवी तशरीफ लाए। जलसे का सबसे बड़ा और क्रांतिकारी पहलू यह रहा कि शाही इमाम की पुरअसर नसीहतों से मुतास्सिर होकर 800 से अधिक नौजवानों ने हमेशा-हमेशा के लिए नशे की लत छोडकर तौबा की।

शाही इमाम मौलाना उस्मान रेहमानी लुधियानवी के पहली बार शाजापुर आगमन को लेकर अवाम में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इंदौर से शाजापुर के पूरे सफर के दौरान जगह-जगह उनका इस्तकबाल किया गया। शाजापुर के सनकोटा बायपास





पर हजारों की तादाद में लोग उनके खैरमकदम के लिए उमड़ पड़े। यहां जेसीबी मशीनों के जरिए फूलों की बारिश कर उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। बायपास से कार्यक्रम स्थल तक उन्हें एक विशाल और अनुशासित जुलूस के रूप में लाया गया। पूरे रास्ते शहरवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर शाही इमाम पर पुष्पवर्षा की।

मौलाना उस्मान रेहमानी लुधियानवी ने सीरत कमेटी की नशामुक्ति अभियान के पहल की भरपूर सराहना की। उन्होंने अपने बयानों में पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की तालीमात का हवाला देते हुए कहा कि इस्लाम में हर उस चीज की सख्त मनाही है जो इंसान की अक्ल, सेहत और रूह को नुकसान पहुंचाए। नशा इंसान की जिंदगी को तबाह करने के साथ-साथ उसके पूरे परिवार को बबार्दी की कगार पर धकेल देता है। शाही इमाम ने समाज में गिरते नैतिक मूल्यों पर चिंता जताते हुए मां-बाप के हुकूक, भाई-बहन के आपसी रिश्ते और परिवार के महत्व पर रोशनी डाली। उन्होंने जोर देकर कहा कि नबी-ए-पाक के सिद्धांतों पर चलते हुए हर मुसलमान का यह फर्ज है कि वह बुराइयों से दूर रहे, मुल्क से बेपनाह मोहब्बत करे और समाज में आपसी एकता, मोहब्बत व अमन-चैन को बढ़ावा दे।

मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि अंजुमन व सीरत कमेटी के सद्र हाजी नईम कुरैशी की दूरदर्शिता और समाज सुधार की मुहिम इस जलसे का केंद्र बिंदु रही। उन्होंने नशे की गर्त में फंसे नौजवानों की सीधी मुलाकात मौलाना उस्मान लुधियानवी से करवाई। मौलाना ने बेहद शफकत और संजीदगी के साथ नौजवानों को पैगंबर साहब का पैगाम समझाया। शाही इमाम के रूहानी और असरदार अंदाज का ऐसा असर हुआ कि शाजापुर, देवास, उज्जैन और आसपास के इलाकों से आए 800 से ज्यादा नौजवानों ने उसी वक्त नशे से तौबा कर ली। हाजी नईम कुरैशी खुद रात 3.30 बजे तक एक-एक नौजवान को मौलाना के सामने पेश करते रहे ताकि वे अपनी पुरानी गलतियों से तौबा कर एक नई, पाकीजा जिंदगी की शुरूआत कर सकें। बता दें कि अंजुमन व सीरत कमेटी शाजापुर में नशामुक्ति को लेकर जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाले गए जुलूस की शुरूआत भी नशामुक्ति अभियान से की गई थी। कार्यक्रम के सफल और शांतिपूर्ण समापन पर सद्र हाजी नईम कुरैशी ने व्यवस्थाओं में सहयोग देने वाले सभी पक्षों का आभार व्यक्त किया।

#### ईदगाह परिसर हुआ खचाखच, रास्तों पर खड़े होकर लोगों ने सुनी तकरीर

अजीमुश्शान जलसे को लेकर आवाम में इस कदर जोश था कि ईदगाह मस्जिद और उसका विशाल परिसर पूरी तरह खचाखच भर गया। देर रात तक चलने वाले इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने मुख्य मार्गों और ईदगाह के आसपास खड़े होकर शांतिपूर्वक शाही इमाम के बयानों को सुना। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और संजीदगी देखने को मिली। कार्यक्रम के समापन पर मुल्क में अमन, खुशहाली, भाईचारे और नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष दुआ की गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अनीस खान ने दी।



### महावीर स्वामी के जन्म वचन महोत्सव पर निकला पालना जी का वरघोड़ा

**शुजालपुर।** पवित्र पर्यूषण पर्व के तहत सोमवार को श्री कुंथुनाथ जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी के जन्म वचन महोत्सव के अवसर पर पालना जी का वरघोड़ा निकाला गया। साध्वी श्री चारुदर्शनाश्रीजी महाराज साहब एवं साध्वी श्री कैवल्यदर्शनाश्रीजी महाराज की निश्रा में निकले वरघोड़े में बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए। वरघोड़ा श्री कुंथुनाथ जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए टेंपो चौराहा एवं रोकडि?ा हनुमान मंदिर मार्ग से वरिष्ठ समाजसेवी धनजी भाई एवं रमणीकभाई शाह के निवास पहुंचा। इस दौरान मार्ग में आकर्षक रंगोलियां सजाई गईं। समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में धार्मिक भजनों पर चंवर डुलाते हुए नृत्य करते नजर आए। जगह-जगह पालना जी की पूजा.अर्चना कर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया। आयोजन में धनजी भाई एवं रमणीकभाई शाह, संदीप शाह.ग्रीष्मा शाहए धीरेन्द्र शाह.रानी शाहए,यश शाह.दीक्षा शाह, रितेश पोखरना.रूपल पोखरना, सर्वेश पोखरना.सोनाली पोखरना सहित शाह परिवार के सदस्य,समाजजन एवं इष्ट मित्र शामिल हुए। शाम को धनजी भाई के निवास पर भक्ति भावना का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### सुहाग की लम्बी उम्र की कामना के साथ हुई आराधना हरतालिका तीज का पर्व मनाया



**शुजालपुर।** किशोरी व महिलाओं द्वारा हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धाभाव से सोमवार को मनाया गया। इस पर्व के चलते किशोरियों द्वारा जहां अच्छे वर की कामना व विवाहिताओं द्वारा अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना के साथ दिनभर निर्जल व निराहर रहकर भगवान की आराधना की। इस पर्व के चलते विभिन्न देवालय व सार्वजनिक स्थलों पर कथा का आयोजन भी हुआ। महिलाओं ने भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा की, माना जाता है कि इस दिन ही देवी पार्वती ने भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए व्रत और पूजन किया था। तब से ही सुहागन स्त्रियां अपने पति की लंबी उम्र का वरदान पाने के लिए यह व्रत करती हैं। इस दिन माता पार्वती को सुहाग का सभी श्रृंगार अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि इससे प्रसन्न हो देवी पार्वती भी व्रती स्त्री के सुहाग की लंबी उम्र होने का आशीर्वाद देती है।

गणेश चतुर्थी पर विधि-विधान से हुई प्रतिमाओं की स्थापना

# गजानन के जयकारों से गूंजा शहर, घर-घर विराजे गणपति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में गणपति भक्ति का उत्साह नजर आया। सुबह से ही बाजारों में गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रही। श्रद्धालु ढोल-ढमाकों और जयकारों के साथ प्रतिमाएं घरों और सार्वजनिक पंडालों तक लेकर पहुंचे। शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से भगवान गणेश की स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई। नगर के विभिन्न मोहल्लों में गणेश उत्सव के लिए पंडाल सजाए गए हैं। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह रहा। कई श्रद्धालु प्रतिमाओं को सिर पर रखकर तो कई ढोल-ढमाकों के साथ लेकर पहुंचे। स्थापना के साथ ही गणेशोत्सव की शुरूआत हो गई है। अब आगामी दिनों में पंडालों और घरों में नियमित पूजा अर्चना, आरती तथा धार्मिक आयोजन होंगे और अनंत चतुर्दशी पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

प्रतिमा लाने के दौरान वे न तो पैरों में चप्पल पहनते हैं और न ही प्रतिमा को किसी वाहन से लाते हैं। सिर पर गणेश प्रतिमा रखकर नंगे पैर चलना उनके लिए केवल परंपरा नहीं, बल्कि भगवान गणेश के प्रति समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है।

#### हर वर्ष नंगे पैर घर लाते हैं गणपति

गणेश उत्सव आते ही शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल दिखाई देने लगता है। इसी आस्था के बीच गांधी कॉलोनी निवासी प्रमोद कुमार खापरे की 35 वर्षों से चली आ रही गणेश स्थापना की परंपरा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वे हर वर्ष भगवान गणेश की प्रतिमा स्वयं सिर पर रखकर और नंगे पैर अपने घर लेकर आते हैं।

मजदूर बनकर पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापा मारा

# 14 आरोपी गिरफ्तार, 2.52 लाख नकद और वाहन जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में बीएनपी थाना पुलिस ने मजदूर बनकर जुए के अड्डे पर छापा मारकर 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। टीम रविवार देर रात ब्राह्मणखेड़ी रेलवे फाटक के पास एक फार्म हाउस पहुंची थी।

पुलिसकर्मियों ने मजदूरों के कपड़े पहने और हाथों में गेती-फावड़े लेकर पिकअप वाहन से मौके के पास पहुंचे। इसके बाद करीब आधा किलोमीटर कीचड़ भरे रास्ते से पैदल चलकर फार्म हाउस को घेरा। पुलिसकर्मियों ने अपनी पहचान छिपाई, ताकि जुआरियों को कार्रवाई की भनक न लगे। टीम ने फार्म हाउस से कुछ दूरी पर पिकअप वाहन खड़ा किया। इसके बाद खेतों के रास्ते पैदल आगे बढ़ी। बारिश के कारण खेतों में काफी कीचड़ था। पुलिसकर्मी करीब आधा किलोमीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से पैदल चले और फार्म हाउस को घेर लिया। टीम के अचानक पहुंचने पर पुलिस ने मौके से 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 लाख 52 हजार रुपए नकद और 15 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इसके अलावा दो बाइक, दो स्कूटर और दो ऑटो रिक्शा भी जब्त किए गए। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों में देवास के अलावा शाजापुर और आगर-मालवा जिले के लोग भी शामिल हैं।

चड्डी-बनियान गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

## शाजापुर में भी चोरी कबूली, सीसीटवी फुटेज की मदद से पुलिस ने पकड़ा

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर-मालवा में चड्डी-बनियान गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने 22-23 अगस्त की रात कोतवाली थाना क्षेत्र की अटल कॉलोनी में एक सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवर चुराए थे। आरोपी की पहचान धार जिले के टांडा थाना क्षेत्र के छढ़ावत निवासी कैल सिंह पिता डूडिया बामनिया के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी से पूछताछ में आगर क्षेत्र में पहले हुई चोरी की अन्य घटनाओं से जुड़ी जानकारी मिली है। आरोपी ने शाजापुर की द्वारकापुरी कॉलोनी में भी चोरी करना कबूल किया है।

पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों



की तलाश शुरू की थी। थाना प्रभारी नागेश यादव के नेतृत्व में जांच अधिकारी दिलीप कटारा और उनकी टीम ने उउळश फुटेज देखे। इसके साथ ही टोल नाकों की जानकारी, तकनीकी सबूत और मुखबिरों की मदद से पुलिस आरोपी तक पहुंची।

पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 10 दिन का पुलिस रिमांड मिला। रिमांड के दौरान चोरी का माल बरामद करने, अन्य घटनाओं और गिरोह के फरार सदस्यों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में और खुलासे होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कनार्दी जनपद पंचायत तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)**

क्रमांक / पंचा. / नीलामी / 2026 / दिनांक 15/09/2026

**// विज्ञप्ति //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कनार्दी 15 वाँ वित्त आयोग मद से 02 दुकान निर्माण किया गया जिसका कार्यालय जिला पंचायत उज्जैन आदेश क्रमांक PRD/6/0210/2026-0/oZp -ujj-COLLसंलग्न शर्तों के अधीन 99 वर्ष से अधिक कालावधि के लिए निलाम कर लीज पर दी जाना प्रस्तावित किया गया है। दुकानों का विवरण एवं शर्ते निम्नानुसार है ।

| क्रमांक | दुकान नम्बर | दुकान साईज | प्रस्तावित आरक्षण | प्रस्तावित राशि | दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | 10X26 | पि. वर्ग | 10,00,000 | 07/10/2026 को सुबह 11 बजे |
| 02 | 02 | 10X26 | अ.जा | 8,50,000 | 07/10/2026 को सुबह 11 बजे |

**नियम व शर्ते :-**

1. अग्रिम पंजीयन धनराशि 2 प्रतिशत 20,000/- जमा करने पर ही बोली लगाने का अधिकार होगा।
2. सबसे अधिक और ऊँची बोली ही स्वीकार की जायेगी किन्तु ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित शासकीय बोली से कम बोली नहीं लगाई जा सकेगी।
3. जिस व्यक्ति की बोली स्वीकार की जावेगी उसे निलाम राशि के मूल्य के 25 प्रतिशत धनराशि (अग्रिम धनराशि को समायोजित कर) निलामी के ठीक पश्चात जमा करना होगी व शेष धनराशि का संदाय 30 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से कराना होगा, रकम जमा न होने की स्थिति में धन राशि ग्राम पंचायत के पक्ष में राजसात हो जावेगी।
4. शेष बोली लगाने वाले व्यक्तियों की अग्रिम धन राशि वापस कर दी जायेगी।
5. नीलामी का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तराना अधिकृत अधिकारी होगा।
6. किसी भी प्रकार के वाद विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम व सर्वोपरि होगा ।
7. ग्राम पंचायत क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को ही बोली लगाने का अधिकार रहेगा।
8. आरक्षित दुकानों की अगर नीलामी नहीं होने पर आरक्षण परिवर्तन कर उक्त दुकान की नीलामी की जायेगी।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत कनार्दी**
**ज.पं. तराना, जिला उज्जैन**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत कनार्दी**
**ज.पं. तराना, जिला उज्जैन**

**कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. तनोडिया शाखा तनोडिया**

**पंजियन क.70 / 5.8.1957** **दिनांक 01.09.2026**

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

संस्था के समस्त सदस्य महानुभवो को सुचित करने में आता है। कि संस्था का वार्षीक व्यपक सम्मेलन साधारण सभा का आयोजन दिनांक 16.09.2026 वार बुधवार को संस्था मुख्यालय पर समय 11 बजे दिन / दोपहर को किया जाना तय किया गया है। अतः आप सभी महानुभवों की उपस्थिती प्रार्थनीय है।
**नोट-**: निर्धारित समय स्थान पर गणपूर्ति के आभाव में आधे घटें पश्चात उपस्थिती महानुभावो की उपस्थिति की मानकर सभा की कर्यवाही प्रारम्भकर दी जावेगी।

**संस्था प्रबंधक** — **प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. तनोड़िया**
**अध्यक्ष/प्रशासक** — **प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. तनोड़िया**

**विचारणीय विषय-** 1. आगामी वर्ष 2027-2028 हेतु संस्था प्रबंधकारिणी द्वारा किये कार्यक्रम का अनुमोदन करना।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने बापूसिंह पिता सवेसिंह जी निवासी ग्राम करणपुरा तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 506/2 रकबा 1.40 हैटकर भूमि स्थित ग्राम गुराडिया पित्रामल तहसील नागदा जिला उज्जैन में स्थित है को उनसे क्रय करने बाबत अनुबधं किया होकर बयाना राशि भी उन्हें अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर अनुबंधीत भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवाने जा रहे है । उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य का बकाया हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से (7) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे आकर मेरे कार्यालयीन समय मे संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 15.9.2026

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन**
**समय सुबह 11.00 से 07.00 बजे मोबाईल 9827792292**

**सार्वजनिक सूचना (आम सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती शुमायला खान पति श्री आसिफ खान, निवासीः 28/6 मालवा स्टील गली, महाकाल मार्ग, उज्जैन (म.प्र.), उज्जैन विकास प्राधिकरण (UDA) की आवासीय योजना क्षिप्रा विहार आवासीय योजना, उज्जैन में स्थित भूखण्ड क्रमांकः B-1/11, श्रेणीः E.W.S., कुल क्षेत्रफल 46.00 वर्ग मीटर (लंबाई 9.20 मीटर चौड़ाई 5.00 मीटर) की पूर्ण एवं वैध भू-स्वामिनी हूँ।

उक्त भूखण्ड की चतुःसीमा निम्नानुसार हैः
उत्तर-पूर्व दिशाः भूखण्ड क्रमांक B-1/12
दक्षिण-पश्चिम दिशाः भूखण्ड क्रमांक B-1/10
पश्चिम-उत्तर दिशाः 09.00 मीटर चौड़ी सड़क
पूर्व-दक्षिण दिशाः आदर्श नगर का नाला

उक्त भूखण्ड पर नियमानुसार भवन निर्माण हेतु नगर पालिक निगम, उज्जैन द्वारा भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र क्रमांक PMT/UJJ/0203/01471/2026 (दिनांकः 04/08/2026) विधिवत जारी किया जा चुका है। इस अनुज्ञा के आधार पर निर्माण कार्य हेतु फर्म ईशा इन्टरप्राईजेस (प्रो. श्री अरशद खान, पिता श्री सलीम खान) के साथ दिनांक 01/11/2026 को पंजीकृत अनुबंध निष्पादित कर निर्माण कार्य सौंपा गया है।

यह भूखण्ड विकास प्राधिकरण द्वारा विधिवत आवंटित है तथा किसी भी प्रकार के वक्फ बोर्ड अथवा अन्य विवादित सर्वे क्रमांकों से पूर्णतः मुक्त है।

अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण एवं असामाजिक तत्वों को सचेत किया जाता है कि उक्त भूखण्ड पर चल रहे वैध निर्माण कार्य में किसी भी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप, व्यवधान अथवा आपत्ति न की जाए। यदि किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा निर्माण कार्य को रोकने, विवाद उत्पन्न करने अथवा ठेकेदार/श्रमिकों को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया, तो उनके विरुद्ध सक्षम न्यायालय एवं पुलिस प्रशासन के समक्ष कठोर कानूनी/दाण्डिक कार्यवाही की जाएगी, जिसके समस्त हर्जा-खर्चा व जिम्मेदारी स्वयं संबंधित व्यक्तियों की होगी।

दिनांकः 15/09/2026 स्थानः उज्जैन

**निवेदक**
**श्रीमती शुमायला खान पतिः श्री आसिफ खान, निवासीः 28/6 मालवा स्टील गली, महाकाल मार्ग, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. नं.: 9713470702**

## बड़ौद में किसानों ने कृषि, फसल और सरकारी योजना को लेकर रैली निकाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़ौद

भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई ने मंगलवार दोपहर किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर रैली निकाली। रैली दोपहर 2 बजे बस स्टैंड से शुरू हुई और डग मार्ग होते हुए तहसील परिसर पहुंची।

तहसील परिसर पहुंचने के बाद किसान संघ के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने किसानों की समस्याएं सरकार के सामने रखीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार रामकृष्ण अहिरवार को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की।

ज्ञापन में कृषि संबंधी समस्याओं, फसलों से जुड़े मुद्दों और किसानों को सरकारी योजनाओं का सही लाभ दिलाने सहित कई मांगें शामिल थीं। किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों को खेती और फसलों से जुड़ी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

किसान संघ पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समय पर समाधान होना जरूरी है। उन्होंने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री तक मांगें पहुंचाईं और किसानों के हित में जरूरी कार्रवाई करने की अपील की। इस मौके पर थाना प्रभारी रूप सिंह बेस, कृषि विभाग के अधिकारी, किसान संघ के तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह आंजना, लक्ष्मण सिंह, श्याम सिंह सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने 1-शंकरलाल पिता श्री देवीसिंह जाति-गुर्जर (अन्य पिछड़ा वर्ग) निवासी-सुल्याखेड़ी कृषक-ग्राम बरखेड़ी खालसा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-40/2 रकबा 0.61 हैक्टर व 2-होशियार सिंह पिता श्री शंकरलाल जाति-गुर्जर (अन्य पिछड़ा वर्ग) निवासी-सुल्याखेड़ी कृषक-ग्राम बरखेड़ी खालसा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-40/1/2 रकबा 0.60 हैक्टर संयुक्त कुल किता-2 संयुक्त कुल रकबा 1.21 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम बरखेड़ी खालसा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो ।

दिनांक-14.09.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मो० नं0-98268.87494**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि सर्वे नंबर 119/2 रकबा 0.85 हेक्टर व सर्वे नंबर 120/2/2 रकबा 0.90 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.75 हेक्टर भूमि ग्राम कडाई तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे स्थित है जो भू अभिलेखो मे मुकेश पिता रामचंद्रजी के नाम से दर्ज है को उनके क्रय किया है इसी प्रकार भूमि सर्वे नंबर 119/3 रकबा 0.09 हैक्टर भूमि ग्राम कडाई तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है जो भू अभिलेखों में अनिता पति मुकेश के नाम से दर्ज है को उनसे क्रय किया है इसी प्रकार भूमि सर्वे नंबर 120/1 रकबा 0.76 हैक्टर भूमि ग्राम कडाई तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है जो भू अभिलेखो मे मनोहर वाणिया पिता राजारामजी निवासी उज्जैन के नाम से दर्ज है को उनसे क्रय किया है । उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य का बकाया हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से (7) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे आकर मेरे कार्यालयीन समय मे संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 15.09.2026

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन**
**सुबह 11.00 से 07.00 बजे समय**
**मोबाईल 9827792292**

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

BHOPAL-GWALIOR REGIONAL

उज्जैन, बुधवार 16, सितम्बर 2026 | 08

## एमपी में फ्लायऐश सीमेंट से बनेगी सड़के

**भोपाल।** राज्य स्तरीय अभियंता दिवस समारोह को सीएम मोहन यादव ने संबोधित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इंजीनियरों के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की योजनाओं से जनता का लाभ हुआ है। इस दौरान सीएसआईआर, एम्प्री भोपाल और मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के बीच इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए एमओयू किया गया। यह अपनी तरह का पहला प्रयोग है। इसमें फ्लायऐश आधारित सीमेंट से सड़कें बनाई जाएंगी।

## शासकीय महाविद्यालय मे हिन्दी दिवस पर पुस्तक प्रदर्शनी

**शुजालपुर।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय गौलाना में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी दिवस पर भाषण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा और हिंदी साहित्य से संबंधित पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. विद्या शंकर विभूति तथा विशेष अतिथि डॉ. भीमराव आंबेडकर सांदीपनी विद्यालय की व्याख्याता नेहा तिवारी रहीं। अतिथियों ने हिंदी की विशेषताओं के साथ मातृभाषा के रूप में इसके महत्व तथा साहित्य और स्वदेश प्रेम में हिंदी की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। इसके बाद विद्यार्थियों के अवलोकन के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा एवं हिंदी साहित्य से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्राचार्य ने हिंदी की कुछ उपयोगी पुस्तकें महाविद्यालय के पुस्तकालय को प्रदान कीं। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर पुस्तकों के माध्यम से हिंदी साहित्य एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को समझा। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. आलोक परमार तथा आभार डॉ. बप्पी राय ने माना। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में हिंदी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## रजिस्ट्री का दायित्व पटवारियों पर नही, पंचायत स्तर पर हो

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला शाजापुर ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026 के तहत होने वाले रजिस्ट्री एवं संबंधित निष्पादन कार्यों से पटवारी संवर्ग को पूर्णतः अलग रखने की मांग की है। पटवारी संघ जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया का कहना है कि ग्रामीण आबादी भूमि से संबंधित स्वामित्व एवं स्थानीय सत्यापन की प्रकृति सामान्य कृषि भूमि के राजस्व कार्यों से अलग है। ऐसे में पटवारियों पर अतिरिक्त एवं व्यक्तिगत कानूनी दायित्व डालना उचित नहीं है। संघ ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण नागरिकों को अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है और पटवारी संवर्ग इसके क्रियान्वयन में सहयोग करता रहा है। लेकिन रजिस्ट्री निष्पादन, ई केवाईसी और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसे कार्यों में पटवारी को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी बनाया जाना उचित नहीं है। इन कार्यों से संबंधित प्राथमिक जानकारी और स्थानीय सत्यापन की जिम्मेदारी अन्य संबंधित विभागीय स्तर पर निर्धारित की जा सकती है। पटवारी संघ के अनुसार पूर्व में ग्रामीण आबादी क्षेत्र से जुड़े पट्टे, भवन निर्माण और नक्शा अनुमोदन जैसे कार्य पंचायत स्तर पर संपादित होते रहे हैं। ऐसे में स्वामित्व रजिस्ट्री के निष्पादन का कार्य भी पंचायत अथवा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से कराया जाना अधिक उपयुक्त होगा। इससे पटवारी संवर्ग पर अनावश्यक कानूनी एवं व्यक्तिगत दायित्व नहीं आएगा।

## पेड के फंदे पर लटका मिला 40 वर्षीय व्यक्ति, जांच शुरू

**शुजालपुर।** थाना शुजालपुर मंडी क्षेत्र के ग्राम धौलपुर में मंगलवार दोपहर एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव खेत में पेड़ से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए शुजालपुर मंडी अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान जसमत सिंह मेवाड़ा 40 वर्ष निवासी ग्राम धौलपुर के रूप में हुई है। मृतक के भाई मांगीलाल ने पुलिस को बताया कि वह दोपहर करीब 2 बजे खेत पर घास लेने गया था। वहां जसमत सिंह खेत की मेड़ पर लगे इमली के पेड़ के पास दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर वह फंदे पर लटका मिला। परिजनों को सूचना देने के बाद शव को नीचे उतारा गया और डायल112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया है। मामले की जांच जारी है।

## शिक्षकों ने पदोन्नति की मांग लेकर सौंपे ज्ञापन

**गुना।** नवीन प्राचार्य उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के द्वारा जीएल पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में हाई स्कूल प्राचार्य के पद पर पदोन्नति के लिए भोपाल में एक दिया गया। जिसमें उच्च माध्यमिक शिक्षकों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति के लिए मुख्यमंत्री निवास, ओएसडी मनीष रस्तोगी, शिक्षा मंत्री ओएसडी आलोक खरे, प्रमुख सचिव ओएसडी अरविंद चोरगडे, चंद्रशेखर सोलंकी मुख्य सचिव, उप सचिव शिक्षा श्रीमती मंजूषा विक्रांत राय, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त लोक शिक्षण को ज्ञापन देते हुए समस्याओं से अवगत कराया गया। वर्तमान में सभी संवर्गों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति दी जा रही है किंतु उच्च माध्यमिक शिक्षकों को परीक्षा का हबाला देकर पदोन्नति से रोका जा रहा है जो कि न्योंचित नहीं है। यह जानकारी नवीन हाईस्कूल प्राचार्य संघ के मीडिया कॉर्डिनेटर एवम मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के सम्भागीय अध्यक्ष विकास चौहान द्वारा दी गई। ज्ञापन देने वालों में जीएल पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष, शंभू सिंह सोलंकी, संजय जैन, विकास चौहान, अरविंद श्रीवास्तव, मूलचंद कौशिक, सुधीर शर्मा आदि शामिल हैं।

# वर्धमान अस्पताल में उपचार और ऑपरेशन को लेकर उठे सवाल,मजिस्ट्रियल जांच की मांग

### कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों से न्याय की गुहार

**गुना।** शहर के चौधरन कॉलोनी स्थित वर्धमान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान एक मरीज की सर्जरी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन, संबंधित चिकित्सकों और सोनोग्राफी सेंटर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष मजिस्ट्रियल जांच कराने की मांग की है।

परिजनों के अनुसार मनीषा कोरी की उपचार और ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही अथवा उपचार में हुई किसी गंभीर त्रुटि के कारण उसकी हालत बिगड़ती चली गई। खास बात ये है कि सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में होने वाली गंभीर सर्जरी को एक अकेले डॉक्टर ने गुना के मल्टीस्पेशलिटी वर्धमान अस्पताल में कर दिया, जो विशेषज्ञ टीम की निगरानी में किया जाना था। क्रिटिकल ऑपरेशन के बाद मरीज को जीवन रक्षक उपकरणों पर रखा जाता है। इससे स्पष्ट है कि अस्पताल में मौजूदा संसाधनों की स्थिति को भांपते हुए अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर ने आनन फानन में मनीषा को भोपाल रैफर कर दिया। ऐसी गंभीर सर्जरी के 4 घंटे बाद गुना अस्पताल से भोपाल लेकर पहुंचे जहां मनीषा कोरी को उसकी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मनीषा के पति रानू उर्फ राजकुमार पंत ने बताया कि मेरी पत्नी को पहले से ऐसी कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। वह सामान्य रूप से स्वस्थ थी और केवल थोड़ी बीमारी के कारण उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी। उपचार प्रक्रिया के दौरान भी परिजनों को गुमराह कर रखा, उनसे सिर्फ छोटा ऑपरेशन करने की बोला था कि लेजर प्रक्रिया से जल्द ही ऑपरेशन कर देंगे, लेकिन ओटी में करीब 4 घंटे लगे और कहां गया कि आंत फटी थी, आँतों में छेद थे और इंफेक्शन था। इस कारण मल द्वार भी



साइड से बनाना पड़ा जो बेहद जटिल होता है।

**ऑपरेशन के बाद डॉक्टर ने भी माना जांच रिपोर्ट में थी कमी-** मनीषा निवासी बांसखेड़ा की जांच रिपोर्ट के आधार पर लेप्रोस्कोपिक सर्जरी किए जाने की बात सामने आई थी, लेकिन आरोप है कि चिकित्सक द्वारा लेप्रोस्कोपी के बजाय लेप्रोटोमी सर्जरी कर दी गई। परिजनों का दावा है कि अस्पताल की कुछ जांच रिपोर्टों को लेकर स्वयं चिकित्सक द्वारा भी आपत्ति स्वीकार किए जाने की बात कही गई है। हालांकि, इन सभी दावों की स्वतंत्र जांच होना आवश्यक है। फिलहाल ऑपरेशन फैल होने से मनीषा को हमने खो दिया। सोमवार दिनभर परेशानियों का सामना करने के बाद रातभर आई कठिनाइयों के चलते पत्रकार साथी रानू उर्फ राजकुमार पंत अपनी पत्नी मनीषा को वापस घर ले आए। परिजनों का आरोप है कि मरीज को आनन-फानन में भोपाल भेजने का निर्णय भी पूरे मामले में कई सवाल खड़े करता है।

**सोनोग्राफी सेंटर की भूमिका की भी जांच की मांग-** परिजनों ने कहा कि यदि जांच रिपोर्ट और सर्जरी की प्रक्रिया में कोई विसंगति सामने आती है तो इसकी जिम्मेदारी केवल अस्पताल तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। संबंधित सोनोग्राफी सेंटर सहित उपचार से जुड़े सभी स्तरों की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने अस्पताल में किए गए उपचार, जांच रिपोर्ट, ऑपरेशन की प्रक्रिया, मेडिकल रिकॉर्ड, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ और क्रिटिकल केयर स्टाफ सहित रेफरल से जुड़े दस्तावेजों की स्वतंत्र विशेषज्ञों से जांच कराने की मांग की है।

## In The Court Of IX Civil Judge Class - I, District Court, Ujjain

**Presiding Officer:श्रीमती प्रियंका मालपानी राठी**

**आवेदन अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन**

**प्रकरण क्रमांक ( MjC SUC/0000007/2025 )**

**रवि कुमार ठाकुर ........आवेदक**

**विरूद्ध**

**बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रबंधक..........अनावेदक**

**Process Id-/-/2026**

**पेशी दिनांक-19/09/2026**

प्रेषिती

(1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि कुमार ठाकुर पिता चंद्रशेखर ठाकुर, आयु-51 वर्ष, व्यवसाय-शासकीय नौकरी, निवासी-9/3, रावजी बाजार जूनी इंदौर, इंदौर की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन उसकी मौसी स्व सुश्री सुशीला पंडित पुत्री बालकृष्ण पंडित की मृत्यु दिनांक 12/09/2001 को शहर उज्जैन में हो चुकी है तथा उसकी मौसी ने अपने जीवनकाल में विवाह नही किया था जिसके कारण उनकी कोई संतान नहीं है एवं उसकी मौसी के माता-पिता का पूर्व में ही स्वर्गवास हो चुका है। आवेदक द्वारा उनकी मौसी का देहांत तक भरण पोषण एवं देखभाल की गई थी। आवेदक के अंतिरिक्त स्व. सुशीला पंडित का अन्य कोई अन्य उत्तराधिकारी नहीं है। आवेदक की मौसी के द्वारा कुल 02 फिक्स डिपाजिट क्रमशः दिनांक 18/06/2001 को बैंक ऑफ इंडिया शाखा सेडी नगर उज्जैन में राशि रुपये 25000-25000/- की गई थी। आवेदक पता ने मृतिका सुश्री सुशीला पंडित पुत्री बालकृष्ण पंडित निवासी 9/3, रावजी बाजार जूनी इंदौर, इंदौर की उक्त अनावेदक के। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रबंधक, कार्यालय सेठी नगर उज्जैन की बैंक में जमा उक्त दोनों एफडी की राशि लगभग 250000/- राशि/संपत्ति प्राप्ती हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 19 सितम्बर 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रनाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनाक 19 सितम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 11 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई मे लिया जायेगा।

**न्यायाधीश**
**( प्रियंका मालपानी राठी )**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ**
**खंड उज्जैन मध्य प्रदेश**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा कय करने का सौदा (01) शाकिर खान पिता बसीर खान (02) पुष्पाबाई पति रामचन्द्र जाति बागरी (03) गोविंद पिता रामचन्द्र जाति बागरी (04) परमानंद पिता रामचन्द्र जाति बागरी (05) ललिता पिता रामचन्द्र जाति बागरी (06) सीमा पिता रामचन्द्र जाति बागरी (07) रामकन्याबाई पिता रामचन्द्र जाति बागरी (08) शारदा पिता रामचन्द्र जाति बागरी (09) रूखमाबाई पिता रामचन्द्र जाति बागरी (10) कृष्णा पिता रामचन्द्र जाति बागरी (11) राजाराम पिता अंबाराम जाति बागरी (12) कनीराम पिता अंबराम जाति बागरी (13) मांगुबाई विधवा प्रताप जाति बागरी (14) महेश पिता प्रताप जाति बागरी (15) विष्णुबाई पिता प्रताप जाति बागरी (16) शारदा पिता प्रताप जाति बागरी (17) सीमाबाई पिता प्रताप जाति बागरी (18) जितेन्द्रसिंह पिता बलंवतसिंह जाति राजपुत (19) अनिताकुंवर पिता बलंवतसिंह जाति राजपुत (20) सुनिताकुंवर पिता बलवंतसिंह जाति राजपुत (21) राजकुंवरबाई पति बलवंतसिंह जाति राजपुत (22) प्रेमलताबाई पति महेशचन्द्र जाति कलाल, समस्त कृषकगण ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. के मालकी, आधिपत्य की कृषि भुमि ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. मे होकर जिसका भुमि सर्वे कमांक 1826/1 रकबा 1.46 है. सर्वे क्रमांक 1824/1 रकबा 0.19 है. सर्वे क्रमांक 1824/2 रकबा 0.18 है. सर्वे क्रमांक 1824/3 रकबा 0.18है. सर्वे क्रमांक 1824/4 रकबा 0.19 है. सर्वे क्रमांक 1824/5 रकबा 0.19 है., सर्वे क्रमांक 1824/6 रकबा 0.19 है. सर्वे क्रमांक 1824/7 रकबा 0.19 है., सर्वे क्रमांक 1824/8 रकबा 0.19 है., सर्वे क्रमांक 1824/9 रकबा 0.19 है., सर्वे क्रमांक 1828/1 रकबा 0.08 है., सर्वे क्रमांक 1828/2 रकबा 0.08 है., सर्वे क्रमांक 1825 रकबा 0.03 है., सर्वे क्रमांक 1801/1 रकबा 0.80 है. कुल किता 14 कुल रकबा 4. 13 है. का किया गया है। उपरोक्त वर्णित कृषि भुमि को कय करने का सौदा मेरे पक्षकार से तय कर, विक्रय राशि मेसे कृषि भुमि स्वामी द्वारा बयाना पेटे राशि साक्षियो के समक्ष प्राप्त कर ली है तथा शेष विकय मुल्य राशि प्राप्त कर विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाना शेष है तथा उक्त संपति पर किसी व्यक्ति, सस्था, बैंक का कोई ऋण भार बोझ, हक, कर्जा या लेना देना या किसी प्रकार का स्वत्व संबधी या न्यायालय मे किसी प्रकार का कोई प्रकरण विचाराधीन हो या आपत्ति हो तो आज सुचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस के अंदर लिखित प्रमाण दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। अन्यथा उक्त समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नही होगा और मेरे पक्षकार के मुकाबले आपत्ति अवैध तथा शुन्यवत मानी जावेगी।

इति दिनांक 15/09/2026

**अर्जुन राठौड़ ( पटेल ) अभिभाषक**
**कार्यालय- कोर्ट परिसर बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 7000749457**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की ओर से इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद असलम मंसूरी पिता श्री बाबा अब्दुल हामिद मंसूरी, निवासी- 82, लाला लाजपत राय मार्ग, उज्जैन के स्वामित्व का एक भवन म्यु. क्रमांक 84/2 जो कि गणेश नगर, आगर रोड़, उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 214.80 वर्गमीटर है, जिसकी चर्तुसीमा में पूर्व में भवन नसरूददीन साहब का, पश्चिम में भवन प्रकाशचंद्र कोमलचंद्र का, उत्तर में रास्ता तथा दक्षिण में रास्ता मिला है। उक्त सम्पत्ति को श्री मोहम्मद असलम मंसूरी पिता श्री बाबा अब्दुल हामिद मंसूरी ने इसके पूर्व स्वामी श्री मोहम्मद अरबाज नागोरी पिता श्री मोहम्मद जलील नागोरी एवं श्री मोहम्मद फराज नागोरी पिता श्री मोहम्मद जलील नागोरी से रजिस्टर्ड पंजीयन क्रमांक एमपी 17 आई जी आर 18842026 ए 100103376 दिनांक 28.01.2026 के माध्यम से कय किया है। उक्त सम्पत्ति के चेन दस्तावेजों में रजिस्टर्ड पंजीयन क्रमांक 3999 दिनांक 02.11.1999 जो कि श्री गणेश चंद्र पिता श्री शिवनारायण पोरवाल द्वारा मोहम्मद शाहिद नागोरी पिता श्री आबिद हुसैन एवं श्री मोहम्मद असलम नागोरी पिता श्री आबिद हुसैन के हित में निष्पादित किया गया है, की मूल प्रति श्री मोहम्मद असलम मंसूरी पिता श्री बाबा अब्दुल हामिद मंसूरी के पास उपलब्ध नहीं है इस हेतु उक्त दस्तावेज की सर्टिफाईड कॉपी के आधार पर अन्य मूल चेन दस्तावेजों के साथ उक्त सम्पत्ति को आई.सी. आई.सी.आई. बैंक में बंधक रखकर उनके द्वारा ऋण प्राप्त किया जा रहा है। अत: सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति को बंधक बनाये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का टाईटल क्लीयर मानते हुए बैंक के पक्ष में बंधक बनाने की कार्यवाही को पूर्ण कर लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य एवं स्वीकार्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 15-09-2026

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट**
**शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन**
**मो. 70679-09621**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार Aadhar Housing Finance Limited की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 115 जो कि भुमि सर्वे क्रमांक 1839 रकबा 0.355 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1840 रकबा 0.679 हेक्टेयर का भाग स्थित राधे नगर अमन नगर के पास वार्ड नं.17 कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. है। जिसका कुल क्षेत्रफल 390 वर्गफीट अर्थात 36.24 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तु:सीमा . पूर्व में - रास्ता, पश्चिम में- भु.भाग क्रमांक 126, उत्तर में - भु.भाग क्रमांक 116 व दक्षिण में - भु.भाग क्रमांक 114 स्थित है। उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी विशाल सोलंकी पिता मुकेश सोलंकी व विजेश पिता मुकेश निवासीगण 30 छोटी मायापुरी राधे नगर उज्जैन म.प्र है उक्त संपत्ति को संपत्ति के वर्तमान स्वामी ने इसके पूर्व स्वामी दुर्गेश चौहान पिता भुपेंद्र चौहान व युवराज सिह पंवार पिता महेंद्र सिह पंवार से जर्ये ई- विक्रय पत्र क्रमांक MP 17I GR 18842026 A 101068468 दिनांक 03.09.2026 के माध्यम से क्रय किया है तभी से उक्त संपत्ति पर वर्तमान स्वामी का स्वामित्व एवं आधिपत्य निरंतर चला आ रहा है। उक्त सम्पत्ति के पुर्व का लिंक डाक्युमेंट विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022017ए 1472416 दिनांक 16.08.2017 कि मुल प्रति पूर्व स्वामी द्वारा विक्रय पत्र के निष्पादन के समय मुझे दी गई थी उक्त पुर्व का मुल विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022017ए1472416 दिनांक 16.08.2017 की कापी मेरे द्वारा कही गुम हो गई है तथा उक्त संपत्ति पर संपत्ति के वर्तमान स्वामी विशाल सोलंकी पिता मुकेश सोलंकी व विजेश पिता मुकेश द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु Aadhar Housing Finance Limited में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक,हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त पूर्व के लिंक डाक्युमेंट वसीयत व पावर आफ अटार्नी को लेकर किसी प्रकार कि कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर Aadhar Housing Finance Limited द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार Aadhar Housing Finance Limited का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 15.09.2026

**कमलेश बामनिया एडव्होकेट**
**210 प्रथम मंजिल कलवानी टावर फ्रीगंज उज्जैन म.प्र.**
**मो. 6260038664, 9575990464**

## केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का चार दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम

**गुना।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 16 सितम्बर से 19 सितम्बर 2026 तक गुना जिले के भ्रमण पर रहेंगे। भ्रमण में गुना में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन, जनसंपर्क, हितग्राही संवाद, युवा संवाद तथा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे।

प्राप्त जानकारी अनुसार केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया 16 सितंबर को भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 09:30 बजे बीनागंज एवं कुंभराज में स्थानीय कार्यक्रम शामिल होकर रात्रि विश्राम गुना सर्किट हाऊस में करेंगे। दिनांक 17 सितंबर को केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया सुबह 10:30 बजे सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला चिकिसालय गुना में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में शामिल होगें। इसके बाद सुबह 11:45 बजे बमोरी में नवीन डिग्री कॉलेज भवन एवं मूढ़रा हनुमान 33/11 केवीए सब-स्टेशन का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 02:15 बजे बमोरी के ग्राम सिरसी में गुना-उमाई-सिरसी से उदयपुरी मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य का लोकार्पण करने के साथ सहरिया चौपाल कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। तत्पश्चात केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया दोपहर 03:50 बजे सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सांगई प्राथमिक विद्यालय का भ्रमण भी करेंगे। इसके पश्चात केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया शाम 05:20 बजे गुना में चिंताहरण मंदिर से हनुमान चौक मार्ग के ऐतिहासिक सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन, विनायकखेड़ी-मुहालपुर-खेजरा मार्ग तथा औद्योगिक क्षेत्र के 33/11 केवीए सब-स्टेशन का लोकार्पण करेंगे। शाम 07 बजे केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया हनुमान टेकरी पर आयोजित एक दीप सेवा संकल्प के नाम कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें तथा गुना सर्किट हाऊस में रात्रि विश्राम करेंगे।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सेवाराम पित: परबतसिंहजी जाति जाट, निवासी ग्राम लाम्बीखेड़ी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम लाम्बीखेड़ी तहसील महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 304/1 रकबा 2.99 हैक्टयर में से रकबा 0.75 हैक्टयर कृषि भूमि जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में काकंड, पश्चिम में बैरागी जी की जमीन, उत्तर में आशीष पटेल की जमीन एवं दक्षिण में- विक्रेता की शेष भूमि स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा सौदा चिटठी भी निष्पादित करवा ली है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेता से उक्त कृषि भूमिं का रजिस्टर्ड विकय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो। दिनांक 15-09-2026

**अतुल लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर**
**जिला उज्जैन मध्यप्रदेश मो. 9669443020**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी मोहम्मद सोहराब पिता इमाम, निवासी-ग्राम धतरावदा, तहसील व जिला उज्जैन से कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 197/4/2 रकबा 1.202 हेक्टर में से अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य का रकबा 0.993 हेक्टर में से 0.306 हेक्टर, ग्राम धतरावदा, तहसील कोठी महल, जिला उज्जैन में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो।

दिनांक- 15/09/2026, उज्जैन

**मोनिका सिंह, एडवोकेट**
**ऑफिस-सीएफ-10, भरतपुरी, उज्जैन**
**मो. 98263 42244**

## सार्वजनिक सूचना ( आम सूचना )

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती शुमायला खान पति श्री आसिफ खान, निवासी: 28/6 मालवा स्टील गली, महाकाल मार्ग, उज्जैन (म.प्र.), उज्जैन विकास प्राधिकरण (uda)की आवासीय योजना क्षिप्रा विहार आवासीय योजना , उज्जैन में स्थित भूखण्ड क्रमांक- ब-1/11, श्रेणी ए..स., कुल क्षेत्रफल 46.00 वर्ग मीटर (लंबाई 9.20 मीटर चौड़ाई 5.00 मीटर) की पूर्ण एवं वैध भू-स्वामिनी हूँ।

उक्त भूखण्ड की चतु:सीमा निम्नानुसार है-

उत्तर-पूर्व दिशा- प्लॉट संख्या बी-1/12

दक्षिण-पश्चिम दिशा- प्लॉट संख्या बी-1/10

पश्चिम-उत्तर दिशा: 09.00 मीटर चौड़ी सड़क

पूर्व-दक्षिण दिशा आदर्श नगर की नाली

उक्त भूखण्ड पर नियमानुसार भवन निर्माण हेतु नगर पालिक निगम, उज्जैन द्वारा भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र क्रमांक pmt/ujj/0203/01471/2026 (दिनांक 04/08/2026) विधिवत जारी किया जा चुका है। इस अनुज्ञा के आधार पर निर्माण कार्य हेतु फर्म ईशा इन्टरप्राईजेस (प्रो. श्री अरशद खान, पिता श्री सलीम खान) के साथ दिनांक 01/11/2026 को पंजीकृत अनुबंध निष्पादित कर निर्माण कार्य सौंपा गया है। यह भूखण्ड विकास प्राधिकरण द्वारा विधिवत आवंटित है तथा किसी भी प्रकार के वक्फ बोर्ड अथवा अन्य विवादित सर्वे क्रमांकों से पूर्णतः मुक्त है। अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण एवं असामाजिक तत्वों को सचेत किया जाता है कि उक्त भूखण्ड पर चल रहे वैध निर्माण कार्य में किसी भी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप, व्यवधान अथवा आपत्ति न की जाए। यदि किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा निर्माण कार्य को रोकने, विवाद उत्पन्न करने अथवा ठेकेदार/श्रमिकों को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया, तो उनके विरुद्ध सक्षम न्यायालय एवं पुलिस प्रशासन के समक्ष कठोर कानूनी दाण्डिक कार्यवाही की जाएगी, जिसके समस्त हर्जा-खर्चा व जिम्मेदारी स्वयं संबंधित व्यक्तियों की होगी।

दिनांक-15/09/2026 स्थान-उज्जैन

**श्रीमती शुमायला खान पति-श्री आसिफ खान,**
**निवासी-28/6 मालवा स्टील गली, महाकाल मार्ग,**
**उज्जैन मो. 9713470702**

# सेवा संकल्प अभियान मे जनसेवक बने कार्यकर्ता- विधायक पांडेय

## जिला टोली बैठक मे दीपक वितरण के साथ लिया संकल्प




दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जन्म दिवस 17 सितम्बर से शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर रंगोली सभागार मे जिला टोली की बैठक हुई। इसमें मंडलवार दीपक वितरण कर कार्यकर्ताओं को अभियान सफल बनाने का संकल्प दिलाया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि मोदीजी के जन्मदिन को आमजन से जोड़कर व्यापक स्तर पर मनाना है। टोली प्रभारी विधायक डॉ.राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ता सेवा संकल्प अभियान में जनसेवक बनने का प्रयास करें। बैठक के दौरान टोली संयोजक महेश सोनी सदस्य जुबीन जैन, पद्मा जायसवाल, गोविंद डामोर मंचासीन रहे।

बैठक मे आरंभ मे अतिथियों ने भाजपा के पितृ पुरुष एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने स्वागत भाषण देते हुए सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर को हितग्राहियों के यहां आशीर्वाद का दीपक प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया जायेगा। इससे पूर्व युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भी होगा। 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान की मॉनिटरिंग केन्द्रीय नेतृत्व करेगा, इसलिए जिले मे इसके हर आयोजन को सफल बनाना है। जिला टोली संयोजक महेश सोनी ने प्रत्येक मंडल मे 4 हजार दीपक के वितरण की जानकारी देते हुए कहा कि जिले मे मोदीजी के जन्मदिवस पर एक लाख दीपक प्रज्वलित किए जायेगे।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष अनुकूल सोनी ने मोदी जी के जन्म स्थल बडनगर से कर्मस्थल वाराणसी से निकलने वाली यात्राओं के जिले मे प्रवास तथा इस दौरान होने वाले आयोजनों की जानकारी दी।

विधायक डॉ.पाण्डेय ने कहा कि मोदी जी के कामों को अभियान के तहत जन-जन तक ले जाना है। देश मे आज जो नकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है उससे विचलित हुए बिना सभी कार्यकर्ताओं को मोदी जी सेवा कार्य जन-जन तक ले जाना है। डॉ. पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को जनसेवक के रूप मे कार्य करने का मूल मंत्र भी बताया। बैठक का संचालन महेश सोनी ने किया एवं आभार मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने माना।

## न्यूज-कॉलम

### रवि माली हत्या के 2 और आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

**मंदसौर।** कोतवाली थाना पुलिस ने जग्गाखेड़ी रोड पर हुई रवि माली की हत्या के मामले में फरार चल रहे 2 अन्य आरोपियों को गुजरात के भीलोडा से गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि 27 जून को अभिनंदन नगर क्षेत्र में रवि माली की हत्या हुई थी। फरियादी सुमित माली की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मेंधारा 103 (1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस पूर्व में आरोपी अजय वर्मा, आशीष वर्मा निवासीगण नरसिंहपुरा, संदीप उर्फ काला निवासी जोगीखेड़ा तथा लकी कुमावत निवासी नयागांव सहित दो बालकों को न्यायालय में पेश कर चुकी है। प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी आकाश पिता नानावटी तथा रौनक पिता नाहरु वर्मा निवासीगण बालागंज को मुखबिर की सूचना पर गुजरात से अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया जाएगा।

### दशनाम गोस्वामी समाज धूमधाम से मनायेगा दत्तात्रेय जयंती

**मंदसौर।** दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा इस वर्ष भगवान दत्तात्रेय जयंती का आयोजन पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण स्थित दत्तात्रेय मंदिर में धूमधाम से किया जाएगा। मालवा-मेवाड़ क्षेत्र के सभी सामाजिक मंडलों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर ग्राम कचनारा में समाज के वरिष्ठों, प्रबुद्धजनों एवं महंतों की एक विशेष बैठक संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। समारोह की जानकारी देते हुए शैलेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए मालवा-मेवाड़ के प्रत्येक मंडल के पूज्य महंतों को औपचारिक निमंत्रण भेजा जाएगा। तैयारियों को अंतिम रूप देने और व्यवस्थाओं के विभाजन के लिए शीघ्र ही एक वृहद समन्वय बैठक बुलाई जाएगी। इस निर्णय से संपूर्ण दशनाम गोस्वामी समाज में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है।

### शहर से सटे इलाकों में पैंथर की दहशत

**मंदसौर।** मंदसौर शहर के समीपवर्ती क्षेत्रों में बीते एक सप्ताह से पैंथर की आवाजाही से किसानों और आम नागरिकों में भारी भय व्याप्त है। फोरलेन मार्ग के आसपास नरसिंहपुरा, नाका नंबर 10, प्रतापगढ़ चौराहा, रेशम केंद्र तथा शिवना नदी के तटीय इलाकों में पैंथर लगातार गाय, बकरी व भैंस पर हमला कर पशुधन को नुकसान पहुंचा रहा है। दहशत के कारण किसान खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने जिला वन मंडल अधिकारी संजय रायखेरे से दूरभाष पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने डीएफओ से मांग की है कि किसानों के बाड़ों में पशुधन को शिकार बना रहे पैंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा व आवश्यक संसाधन लगाकर ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनहानि की आशंका को देखते हुए वन विभाग अपनी टीम की गश्त बढ़ाए शीघ्र रेस्क्यू कर किसानों के मन से डर दूर करें।

# हिंदी हमारी संस्कृति, ज्ञान परंपरा और रोजगार की सशक्त भाषा : प्रो. बोरीवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी



पं. अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विशेष व्याख्यान एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए प्रो प्रीति गिरवाल ने बताया की कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेशचंद्र बोरीवाल ने कहा कि हिंदी केवल बोलने और लिखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और सामाजिक जुड़ाव की भाषा है।

हिंदी भाषा हमारी विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज को एक-दूसरे से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रकला चौहान ने हिंदी के व्यापक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल सरकारी कार्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका क्षेत्र साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता और डिजिटल माध्यमों तक विस्तृत है।

उन्होंने बताया कि हिंदी साहित्य में अनेक कवियों और लेखकों ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट लेखन किया है तथा समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। साथ ही, उन्होंने हिंदी भाषा के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता पाठ एवं निबंध वाचन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. गोविंद तंवर ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रो. प्रेरणा शर्मा ने माना। इस अवसर पर डॉ. डी.एल. बामनिया, प्रो. प्रीति गिरवाल, रेखा, डॉ. के.एल. लोहार, डॉ. मालवीय, डॉ. श्याम सुंदर, विजय शर्मा एवं मनुजेंद्र शर्मा सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# अवैध रेत खनिज के 6 प्रकरणों में 4 लाख 31 हजार 475 रुपये का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत 6 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन मालिकों पर कुल 4 लाख 31 हजार 475 रुपये की शास्ति अधिरोपित की है। यह कार्रवाई जिला खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आधार पर की गई है।

जिला खनिज अधिकारी के अनुसार 3 सितम्बर को तहसील नीमच के ग्राम ग्वालटोली में जांच के दौरान ट्रैक्टर से रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर वाहन मालिक नन्दकिशोर पिता मदनलाल, निवासी ग्वालटोली, तहसील नीमच के विरुद्ध कार्रवाई की गई। प्रकरण में रॉयल्टी की 15 गुना राशि 3 हजार 750 रुपये तथा 25 हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति सहित कुल 28 हजार 750 रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई। इसी दिन ग्राम ग्वालटोली में ट्रैक्टर से रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर वाहन मालिक कुन्दल पिता छोटेलाल पटेल, निवासी ग्वालटोली, तहसील नीमच के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

प्रकरण में रॉयल्टी की 15 गुना राशि 1 हजार 875 रुपये तथा 25 हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति सहित कुल 26 हजार 875 रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई। 26 अगस्त को तहसील नीमच के ग्राम चेनपुरा में भूमि सर्वे नंबर 368 पर खनिज गिट्टी का अवैध भंडारण पाए जाने पर के.के. गुप्ता कंस्ट्रक्शन प्रा. लि., के के जी हाउस, ओप. ट्रांसपोर्ट नगर, गोवर्धन विलास, उदयपुर, राजस्थान-313002 के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

## सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में जिले में सेवा संकल्प अभियान 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अभियान के मुख्य 13 घटकों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन के दिशानिर्देशों का गहन अध्ययन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद दीप प्रज्वलन तथा शिवना नदी स्वच्छता कार्यक्रम के संपादन हेतु एसडीएम शहर को जिम्मेदारी सौंपी। पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में वृहद दीप प्रज्वलन एवं अन्य आईकॉनिक स्थलों पर आयोजनों की रूपरेखा तय की गई। स्कूलों एवं कॉलेजों में चित्रकला व रचनात्मक गतिविधियों के लिए शिक्षा विभाग तथा पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि नगरीय निकायों व पंचायतों को दीपक वितरित किए जा रहे हैं। 17 सितंबर से शुरू हो रहे इस आयोजनों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये।

## जिनालयों में आज से दसलक्षण पर्व का आगाज

**मंदसौर।** दिगंबर जैन समाज का पवित्र दसलक्षण पर्व आज से अपार श्रद्धा व उत्साह के साथ प्रारंभ हो रहा है। 16 से 25 सितंबर तक चलने वाले इस महापर्व में उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं ब्रह्मचर्य धर्म की विशेष आराधना की जाएगी। पर्व के दौरान नगर के सभी जैन मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहेगी। डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया कि संत भवन में विराजित पूज्य मुनि 108 श्री शुद्धसागर जी महाराज के आशीर्वाद से शहर के सभी 12 जिनालयों में सुबह से देर रात तक पूजा-अभिषेक, विधान, स्वाध्याय व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। बाहर से पधारे विद्वान एवं पंडितगण धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराएंगे। 21 सितंबर को सुगंध दशमी पर्व मनाया जाएगा, जबकि 25 सितंबर को जलयात्रा एवं कलश यात्रा के साथ पर्व का समापन होगा। क्षमावाणी पर्व 27 सितंबर को मनाया जाएगा।




## कलेक्टर ने सुनीं 93 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने आम जनता की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में जांच कर निराकृत करने हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम देवरी के गिरधारी ने सी.सी. रोड निर्माण, बापचच्या निवासी शंकरलाल ने नक्शा बटांकन, काटिया निवासी दीपक ने संबल योजना तथा शेरगढ़ के जीवन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। साठखेड़ा निवासी रेखा ने फसल नुकसान पर कार्रवाई की गुहार लगाई। इसके अतिरिक्त पेंशन, बीमा राशि, आवासीय पट्टा, मुआवजा एवं भू-स्वामी अधिकार पत्र से संबंधित मामलों पर भी सुनवाई की गई।

**राष्ट्रीय लोक अदालत में 1538 प्रकरणों का हुआ निराकरण**

**नीमच।** जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति और समझौते के माध्यम से 1538 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें न्यायालय में लंबित 357 प्रकरण तथा 1181 प्रीलिटिगेशन प्रकरण शामिल हैं। लोक अदालत के माध्यम से 1895 पक्षकार लाभान्वित हुए। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, वीरेन्द्र सिंह राजपूत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

## न्यूज कालम



### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक से टकराई कार, 3 की मौत, 1 गंभीर

**मंदसौर।** गरोठ थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के करीब 4.30 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार सभी लोग हरियाणा से सांवरिया सेठ और खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे की सूचना पर पहुंची गरोठ पुलिस ने मृतकों की पहचान अरविंद अहीर (39) निवासी सिकंदरपुर गुड़गांव, बिन्दर अहीर (33) निवासी नाथुपुर गुड़गांव तथा कैलाश चंद्र गुर्जर (34) निवासी बहरोड़ अलवर (राजस्थान) के रूप में की है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल जितेंद्र अहीर (40) निवासी गुड़गांव को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि तड़के तेज बारिश और अंधेरे के बीच एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक बिना किसी इंडिकेटर या लाइट के खड़ा था, जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर पीछे से ट्रक में जा घुसी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संत नागरजी को जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग



**पिपलिया मंडी।** नागर समाज के तथा हिंदू संस्कृति के गौरव संत श्री पंडित कमल किशोर जी नागर को दिनांक 4 सितंबर को श्री गुरु कृपा शबरी गौशाला, भूरा डाबरा, झाबुआ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक पत्र के माध्यम से पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इस कायरतापूर्ण एवं निंदनीय कृत्य को नागर ब्राह्मण परिषद, महिला परिषद, युवा परिषद, मंदसौर क्षेत्र एवं हाटकेश्वर नागर ब्राह्मण समाज धर्मशाला एवं छात्रावास समिति ने घोर निंदा करते हुए। 15 सितंबर दोपहर 12 बजे पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मिणा को एक ज्ञापन सौंपकर संत कमल किशोर जी और उनके पूरे परिवार को जान से मारने वाले अज्ञात और असामाजिक तत्वों एवं षड्यंत्र कार्यों की निष्पक्ष जांच कर त्वरित पहचान कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष बाबूलाल नागर, सचिव सतीश नागर, ओम प्रकाश नागर, विश्वास नागर, गोपालकृष्ण नागर, संतोष नागर, प्रवीण मेहता, हरीश दवे, जगदीश नागर, सुनील मेहता, श्रीमती मुक्ति मेहता, मुकेश नागर, गोविंद नागर, बालकृष्ण दवे, विजय नागर, गोविंद नागर, सतीश नागर, पंडित मुकेश नागर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव सतीश नागर ने किया। आभार अध्यक्ष बालकृष्ण दवे ने माना।

### एमडी ड्रग्स व डोडाचूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



**मंदसौर।** थाना नई आबादी पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स एवं डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मोईन पिता इरफान मेवाती निवासी खानपुरा मंदसौर तथा शेरु पिता युनुस खान निवासी नारायण नगर खानपुरा मंदसौर को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स, 4.7 किलोग्राम डोडाचूरा, एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्र. एमपी 14 जेडआई 036 तथा दो मोबाइल जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी मजीद खान निवासी काजी चौक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### सीएम हेल्पलाईन शिविर मे 59 लोगो के आवेदन प्राप्त

**नीमच।** एस.पी. श्री राजेश व्यास द्वारा शिविर में सीएम हेल्पलाइन की 14 शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण सहित जन सुनवाई में आयें लगभग 59 आवेदकों की शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

# राम मर्यादा पुरुषोत्तम बने थे कैकेयी के कारण -अशोक श्रीवास्तव

## कृति संस्था का हिंदी दिवस पर राम कथा और कैकेयी पर संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच




कृति संस्था द्वारा पूर्व में राम कथा के पात्रों हनुमान और भरत पर आयोजित संवाद की तीसरी कड़ी में राम कथा में कैकेयी की भूमिका को लेकर हिंदी दिवस पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में अशोक श्रीवास्तव व्याख्याता विद्यार्थी ने कहा कि राम चरित मानस जीवन दर्शन है । राम कथा का कुछ पात्र ऐसे हैं जिनके बारे में यह तय करना मुश्किल है कि वे निंदनीय हैं या वन्दनीय। इनमें एक नाम है कैकई का और दूसरा नाम है विभीषण का । इन दोनों का इस कथा में भूमिका महत्वपूर्ण है । यदि ये न होते तो राम कथा का स्वरूप बिलकुल भिन्न होता ।

कैकेयी अत्यंत रूपवती , बुद्धिमान , युद्ध कला में निपुण राज कुमारी थी । वे केकय नरेश राजा अश्वपति की सुपुत्री थी । कैकयी राम को उनकी माता कौशल्या से भी ज्यादा चाहती थी इसी प्रेम की पुष्टि करते हुए कौशल्या ने कहा था कैकेयी तुम धन्य हो जो राम को अपने आंचल में शयन करा लेती हो ।

आपने विभिन्न राम कथाओं से उद्धरण देते हुए कहा कि दशरथ ने कैकेयी के लिए जो कनक भवन बनाया था उसे कैकेयी ने सीताजी को उपहार में दे दिया था । रामचरित मानस कहता है कि राम का वनवास उनकी इच्छा थी । इसकी पुष्टि करते हुए अशोकजी बताते हैं कि रामजी ने अपने बाल्य काल में ही माता कैकेयी से यह वचन ले लिया था कि वे उन्हें वे जो चाहें वे वरदान देंगी । साथ ही राम ने यह भी कहा था कि माता इससे आपकी बहुत बदनामी होगी। आपका सुहाग भी उजड़ सकता है और आपका पुत्र आपका त्याग कर सकता है। लेकिन माता कैकेयी ने कहा कि मैं अपने राम के लिए अपने प्राण भी न्यौछावर कर सकती हूँ । और इसी वचन बद्धता का परिणाम था राम वनवास ।

यदि कैकेयी न होती तो राम का इस पृथ्वी पर अवतार लेने का उद्देश्य कभी पूरा नही होता ,उनकी वन गमन लीला नही होती ।

कैकेयी के कारण ही लक्ष्मण का सेवाभाव और सीता का अपने पति के प्रति समर्पण भाव ,भरत का अपने भाई के प्रति अनन्य प्रेम उजागर हुआ। कैकेयी ने अपने राम की प्रसन्नता के लिए , जगत के कल्याण के लिए अपमान का दंश सहा । और यही कारण है कि जो राम अपने पिता दशरथ के अंतिम समय में उनके समक्ष नही थे वे राम माता कैकेयी के अंतिम समय में उनके सामने थे।

## पिलामोजक,घरों में पानी घुसने से नुकासानी का मुआवजा

**मल्हारगढ़** क्षेत्र में सोयाबीन एवं उड़द की फसलों पर पिलामोजक, इल्लियों के प्रकोप नगर के ईदगाह क्षेत्र में तेज बारिश से घरों में पानी घुसने से हुवे नुकसान का आंकलन कर मुआवजे की मांग,बोरखेड़ी में आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत उपकरण के नुकसान का आंकलन करने को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,अजहर हयात मेव बाबुखा मेवाती,अजित कुमठ,रामचन्द्र करुण की उपस्थिति में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार पंकज जी जाट से मिला किसान अपने साथ पिलामोजक वाली उड़द व सोयाबीन फसल साथ आये व सर्वे करवाकर मुआवजे की मांग की।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सुरेश पिता अयोध्या प्रसाद चौरसिया क्रेता- भावेश पिता चेतन चौहान वार्ड क्र. 56 पता- 14/4 प्र.क्र. 102 बालाजी अपार्टमेंट स्नेहलतागंज इन्दौर पिन- 1000886079 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- महेश कुमार पिता रामेश्वर चिचाणी क्रेता- पुनीत पिता स्व. सागर सोनी, सागर पिता स्व. सुरेश सोनी, बबीता पति स्व. सुरेश सोनी वार्ड क्र. 58 पता- 77, जूना पीठा इन्दौर पिन- 1000680219 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अनोखीलाल पिता गंगाराम साहू क्रेता- नरसीराम पिता थाना राम, गणपतराम पिता थानाराम वार्ड क्र. 58 पता- 37 बाफना मार्ग सिरीमल इमली बाजार इन्दौर पिन- 1000895349 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
साकेत नगर झोन क्रमांक-10

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री दीपक वछेर पिता श्री चंद्रमोहन वछेर वार्ड नं. 43 पता- 92-93/2 पलासिया हाना प्रकोष्ठ क्रमांक एल.जी. 23-वन सेंटर इन्दौर पिन- 1001082237 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर

# 'गणपति बप्पा मोरया की गूंज: ढोल-नगाडों और अपार उत्साह के साथ विराजे विघ्नहर्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर





प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की आराधना का महापर्व 'गणेशोत्सव सोमवार को सारंगपुर शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में अपार उत्साह, भक्ति और उल्लास के साथ शुरू हुआ। सुबह से ही शहर गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से गुंजायमान रहा। दस दिनों तक चलने वाले इस गणेश महोत्सव के पहले दिन गणेश चतुर्थी पर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से लेकर कॉलोनियों तक भक्तिमय माहौल नजर आया।

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सारंगपुर के मुख्य बाजारों में सुबह से ही रौनक देखते ही बन रही थी। मूर्तिकारों की दुकानों और अस्थाई स्टॉलों पर अपनी मनपसंद गणेश प्रतिमाएं खरीदने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में बप्पा को अपने घर लाने की एक अलग ही खुशी दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदीं। कई स्थानों पर युवाओं की टोलियां ढोल-ढमाकों, ताशों और गुलाल उडाते हुए बप्पा की प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ पंडालों और घरों की ओर ले जाती दिखाई दीं। गाजे-बाजे की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालुओं ने पूरे शहर के वातावरण को धर्ममय बना दिया।

दस दिनों तक गूंजेंगे भजन-कीर्तन, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

आगामी दस दिनों तक सारंगपुर शहर पूरी तरह गणेश भक्ति में लीन रहेगा। पंडालों में सुबह और शाम आरती के समय भारी भीड उमडेगी। रात 10 बजे तक भजन-कीर्तन और गणेश वंदना के स्वर गूंजेंगे। कई गणेशोत्सव समितियों द्वारा दस दिवसीय आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाआरती, सुंदरकांड पाठ, नृत्य, नाटक और बच्चों के लिए विभिन्ना खेल व कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी पर विशाल शोभायात्रा और प्रतिमा विसर्जन के साथ होगा।

सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क

गणेश उत्सव के दौरान शहर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। प्रमुख चौक-चौराहों, भीड भाड वाले बाजारों और प्रमुख पंडालों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। यातायात सुचारू रूप से चलता रहे, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

### घरों में भी विराजे सिद्धिविनायक, गूंजे मंगल गीत

सार्वजनिक पंडालों के साथ-साथ शहरवासियों ने अपने-अपने घरों में भी पूरी श्रद्धा के साथ श्रीगणेश की स्थापना की। शुभ मुहूर्त में पूजन-अर्चन कर बप्पा को स्थापित किया गया। महिलाओं ने पूजा की थालियां सजाकर मंगल गीत गाए और सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने अपने घरों के आंगन में खूबसूरत रंगोलियां बनाकर बप्पा का स्वागत किया। इसके अलावा, शहर के विभिन्ना निजी व सरकारी स्कूलों में भी गणेश चतुर्थी पर विशेष धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जहां बच्चों को गणेशोत्सव के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

**खाचरोद**

नगर के मध्य स्थित श्री गणेश मंदिर पर गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर प्रातः अभिषेक पूजन कर आरती की गई। तत्पश्चात संध्या मोतीचूर के लडडू का महाभोग लगाया गया। गणेशदेवली पर डोल ताशे के साथ भक्तों द्वारा भव्य महाआरती की गई। आरती में अधिक संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। नगर में भव्य गणेश पंडाल बनाए गए। गणेश जी की स्थापना के साथ महाआरती ओर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**बड़नगर**

गणेश चतुर्थी पर सोमवार से गणेश महोत्सव की धूम शुरू हो गई है। घर-घर में विघ्नहर्ता विराजमान हो गए हैं और गली-गली में आकर्षक झांकियां सजी हैं। शहर में करीब 70 स्थानों पर भगवान गणेश की स्थापना हुई है।

श्रद्धालु बप्पा को ढोल-नगाड़ों और डीजे पर भजनों की धुन पर नाचते-गाते, रंग-गुलाल उड़ाते हुए पंडालों तक लेकर पहुंचे। मुहूर्त के अनुसार विधि-विधान से स्थापना की गई। इस बार 1 फीट से लेकर 7 से 10 फीट तक की अलग-अलग रूपों वाली प्रतिमाएं विराजमान हुई हैं। पिछले 3-4 दिनों से गांधी चौक, हजारी बाग रोड, धानमंडी और शिवाजी रोड पार्क पर मूर्तियों का बाजार सजा है। बाजार में मिट्टी से बनी इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की मांग अधिक देखी गई।

## रिमझिम बारिश के बीच निकली रामदेव बाबा की झांकी

**खरसौदकलां।** रामदेव बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार शाम नरसिंह मंदिर परिसर से रामदेव बाबा की भव्य झांकी निकाली गई। रिमझिम बारिश के बीच निकले झांकी एवं चल समारोह में बड़ी संख्या में रामदेव भक्त शामिल हुए। झांकी के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ चल रहे थे। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने रामदेव बाबा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। बारिश के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकले चल समारोह का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं रामदेव भक्त मौजूद रहे।

## हरतालिका तीज पर महिलाओं ने मांगा अखंड सौभाग्य



**बड़नगर।** प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी पर सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने सामूहिक रूप से हरतालिका तीज का उपवास कर पूजा की। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि इस दिन पाटले पर बालू रेती से भगवान शिव, माता पार्वती, पुत्र गणेश, कार्तिकेय, चंद्रमा, सूरज की आकृति बनाई गई। महिलाओं ने नए वस्त्र धारण कर निर्जल निराहार व्रत रख पूजा की थाली सजाकर शाम 5:00 के शुभ मुहूर्त में बालू रीति से बने भगवान शिव, माता पार्वती, की विधि विधान से पहली पूजा की, बाद हरतालिका तीज की कथा का श्रवण किया । पश्चात महिलाओं ने पूरी रात्रि मधुर भजनों से भगवान शिव, पार्वती की आराधना कर पांच बार आरती कर भगवान से अपने पति की लंबी उम्र एवं परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। प्रातः 6:00 बजे बालू रेती से बने भगवान शिव के परिवार का विसर्जन किया।

## बड़नगर की बेटी उदयपुर नगर निगम में पार्षद निर्वाचित



**बड़नगर।** उदयपुर नगर निगम निर्वाचन के घोषित चुनाव परिणाम में वार्ड क्रमांक 27 से बड़नगर की बेटी निधि गोधा ने शानदार विजयश्री प्राप्त की। नगर के नरेन्द्र जैन- ममता जैन दम्पत्ति की सुपुत्री निधि गोधा को नगर निगम के वार्ड क्र. 27 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में 2309 मत प्राप्त हुए। तथा निकटतम कॉंग्रेस प्रत्याशी रीतु मेहता को मात्र 775 मत प्राप्त हुए। निधि गोधा 1534 मत से विजयी घोषित हुई। बडनगर की बेटि के उदयपुर नगर निगम में पार्षद निर्वाचित होने पर स्नेहीजनों ने बधाईयां दी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में उदयपुर नगर निगम में पार्षद निर्वाचित निधि गोधा की माता ममता जैन सन 1997-2002 मे बड़नगर नगर पालिका में पार्षद रही तथा पिता नरेन्द्र जैन 2007-2012 में स्थानीय पालिका में पार्षद रहे। जानकारी परिवार से जुड़े विजय गोखरू ने दी।

## गुर्जर समाज ने मनाई सम्राट मिहिर भोज जयंती

**ब्यावरा-राजगढ़।** राजगढ़ जिला मुख्यालय राजगढ़ में रविवार को गुर्जर समाज द्वारा खुजनेर रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप देवनारायण मंदिर परिसर में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं युवाओं ने सम्राट मिहिर भोज के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर पुष्पांजलि दी तथा उनके जीवन, शौर्य, शासन व्यवस्था और ऐतिहासिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने सम्राट मिहिर भोज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय इतिहास के प्रमुख शक्तिशाली शासकों में गिने जाते हैं। उनके शासनकाल में गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य ने उत्तर भारत में महत्वपूर्ण राजनीतिक और सैन्य शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई।

# राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक का अभिनंदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद



शासकीय हाईस्कूल बापचा बड़ौद में हिन्दी दिवस के अवसर पर जिले के सांदीपनी विद्यालय सुसनेर के राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक साथी शिवलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य, विकास खंड शिक्षा अधिकारी तथा संकुल प्राचार्य की अध्यक्षता , जनशिक्षक मनीष परमार के विशेष आतिथ्य तथा बापचा पंचायत उपसरपंच प्रतिनिधि गोपाल सिंह परिहार की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक आयोजन हुआ । विद्यालय स्टॉफ, अतिथिगणों, पंचायत प्रतिनिधि और बच्चों के द्वारा शिवलाल दांगी की राज्य स्तरीय उपलब्धि पर भावपूर्ण अभिनंदन करते हुए सभी ने उनके साथ बिताए पलों को याद किया और उनके व्यक्तित्व और कार्यों पर प्रकाश डाला ।

स्वागत गीत रक्षा कुंवर ने जबकि साधना और आशा कुंवर ने हिन्दी की महिमा पर जुगलबंदी के साथ सुन्दर कविता प्रस्तुत की। विद्यालय के विषय शिक्षक सुनील जोशी का छात्र छात्राओं ने अभिनंदन किया। जोशी ने हिन्दी दिवस और भाषा का महत्व बताया । मनीष परमार ने अपनी समाचार पत्र और पुस्तकें पढ़ने की नियमित आदत से बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि व्याकरण और शब्दों को सीखने से भाषा समृद्ध होती है। विभिन्न लगभग 300 चालीसा और अनेक पुस्तकें लिख चुके शिवलाल दांगी ने पुरस्कार के पीछे अपने कार्यों और अनुभवों को साझा किया और स्वरचित हिन्दी चालीसा गाकर सुनाया। बापचा विद्यालय पुस्तकालय के लिए दो पुस्तकें भी भेंट की। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अनिल दामके ने कहा कि स्वामी विवेकानंद अंग्रेजी के भी विद्वान थे परंतु विश्व पटल पर उन्होंने अपनी भाषा हिन्दी का परचम लहराया।

### फर्म के खातों में हेराफेरी एवं कूटरचना कर

# लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में धोखाधड़ी एवं आर्थिक अपराधों पर अंकुश लगाने तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु अभियान चलाए जा रहा जिसके अंतर्गत थाना ब्यावरा देहात पुलिस ने फर्म के खातों में हेराफेरी एवं कूटरचना कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी सिद्धांत पिता विनीत कुमार गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी सेठ एंड संस टाटा मोटर्स शोरूम ए.बी. रोड गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी फर्म के ब्यावरा स्थित टाटा मोटर्स शोरूम में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत संजय कुमार पिता कैलाश नारायण सक्सेना द्वारा फर्म के अकाउंट में हेराफेरी एवं कूटरचना कर फर्म की राशि में गबन एवं धोखाधड़ी की है। फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना ब्यावरा देहात पुलिस ने तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी।

### प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के आह्वान पर

# मुरली मोरवाल ने छात्रों के गूंज कार्यक्रम से कराया अवगत

अवन्तिका ▸▸ खरसौदकला

लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी की इंदौर में आयोजित छात्रों के गूंज कार्यक्रम के आह्वान पर पूर्व विधायक मूल्य मोर वाले ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों बच्चों के बीच पहुंचकर कार्यक्रम से अवगत कराया यहां तक के कार्यक्रम स्तर पर पहुंचने का हवन भी किया।

इस दौरान उन्होंने सांदीपनी सीएम राइज स्कूल, विद्यांजलि हाई स्कूल, श्रवण गुरुकुल स्कूल, ग्राम खरसोद कला के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय और चामलेश्वर स्थित फ्यूचर साइन एकेडमी में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने आगामी 19 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले छात्रों की गूँज-आवाज आपकी, मुद्दे आपके कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए युवाओं को शिक्षा, रोजगार और भविष्य के मुद्दों पर मुखर होने के लिए प्रेरित किया।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में जीरापुर की दो बेटियों तोमर व चौहान का चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर





विजया कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीरापुर की दो प्रतिभावान छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा और मेहनत के दम पर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्थान बनाकर विद्यालय एवं नगर का गौरव बढ़ाया है।

विद्यालय की अनुराधा तोमर का चयन जेवलिन थ्रो (भाला फेंक) तथा अंजना चौहान का चयन हाई जंप (ऊंची कूद) प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों छात्राओं ने जिला एवं चयन प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर तक अपनी जगह बनाई। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय मैनेजर रेव. फादर जॉस कोंडूर, प्राचार्य बेबी पैथ्रोस, उप-प्राचार्य रवि राठौर, हेडमास्टर जित्तू के. इग्नाटियस, खेल शिक्षक एवं ढफ्ड एम.एस. कुरैशी, महेंद्र सिंह, सुनीता तोमर, शुभव सिंह सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों छात्राओं को बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जाता है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है।

### कड़वा पाटीदार धर्मशाला ट्रस्ट की 14वीं साधारण सभा सम्पन्न

# कड़वा पाटीदार धर्मशाला ट्रस्ट के गामी अध्यक्ष मनोनीत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





कड़वा पाटीदार धर्मशाला ट्रस्ट कुशलपुरा की 14वीं साधारण सभा एवं निर्वाचन चिंतामण रोड स्थित श्रीराम वाटिका में सम्पन्न हुई जिसमें पाँच वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के पश्चात ट्रस्ट के पदेन अध्यक्ष रामेश्वर गामी को 5 वर्ष के लिए पुनः सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया।

साधारण सभा में शाजापुर, राजगढ़, देवास और उज्जैन जिले के समाजजनों ने विचार-विमर्श कर आम सहमति से पदेन अध्यक्ष रामेश्वर गामी को पुनः ट्रस्ट का अध्यक्ष मनोनीत किया गया जिसकी घोषणा निर्वाचन अधिकारी बद्रीलाल पालोत्रा ने की। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल गामी ने कुशलपुरा ट्रस्ट प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा पाँच के कार्यकाल में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर गामी ने उपस्थित समाजजनों को समाज के हीरे-मोती बताते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में धर्मशाला में हुए निर्माण कार्य समाज के दानदाताओं एवं प्रबंधकारिणी के सहयोग के बिना संभव नहीं था। साधारण सभा को रामप्रसाद चौधरी तिलावद गोविन्द, जुगलकिशोर पाटीदार शाजापुर एवं नन्दकिशोर पाटीदार दत्तोतर ने भी संबोधित किया।

ट्रस्ट उपाध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार ने संचालन करते हुए अतिथियों का शब्दों के स्वागत किया। ट्रस्ट के सचिव अशोक कटारिया ने साधारण सभा में पांच वर्ष में धर्मशाला में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। धर्मशाला निर्माण में समाज के दानदाताओं ने बढ़चढ़ कर 2 करोड़ 15 लाख रुपये का दान दिया इसी दौरान धर्मशाला की आय भी 2 करोड़ रुपये हुई। इस प्रकार ट्रस्ट प्रबंध कार्यकारिणी ने लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च कर धर्मशाला नवीनीकरण एवं नवीन बिल्डिंग का निर्माण किया। समाजजनों सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के संबंध में विचार कर भव्य पैमाने पर अन्नक्षेत्र संचालन करने का निर्णय लिया।

इससे पूर्व मंचासीन श्री मालवा कुल्मी पाटीदार समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल गामी, कड़वा पाटीदार धर्मशाला ट्रस्ट कुशलपुरा के अध्यक्ष रामेश्वर गामी, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पाटीदार, शरदचंद्र पाटीदार ने माँ उमिया एवं सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया। साधारण सभा में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रेमनारायण पाटीदार, सहसचिव रामचंद्र पाटीदार, समाजसेवी इन्दरसिंह, रामप्रसाद पाटीदार, बद्रीलाल पाटीदार, चन्द्रप्रकाश पाटीदार सहित समाजजन उपस्थित रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी कैलाश पाटीदार ने दी।



## बाबा रामदेवजी के जन्मोत्सव पर निकला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

**सुसनेर।** भादवा माह की दूज के अवसर पर रविवार को मेना रोड स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर में बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर से बाबा रामदेवजी के चल समारोह की शुरूआत हुई। धार्मिक उत्साह के साथ निकला चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। चल समारोह मेना रोड स्थित रामदेव मंदिर से प्रारंभ होकर इतवारिया बाजार, शुक्रवारिया बाजार, हाथी दरवाजा, पालिका बाजार, पांच पुलिया, बस स्टैंड चौराहा और डाक बंगला होते हुए वापस रामदेव मंदिर पहुंचा। मार्ग में श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी के दर्शन किए तथा धार्मिक माहौल बना रहा। चल समारोह के रामदेव मंदिर पहुंचने के बाद मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन किया गया।श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। जन्मोत्सव को लेकर दिनभर श्रद्धालुओं में उत्साह और धार्मिक वातावरण बना रहा।

## बड़नगर में पर्यूषण पर्व की तैयारियों को लेकर जैन समाज की बैठक सम्पन्न



**बड़नगर।** दिगंबर जैन समाज के सबसे बड़े महापर्व पर्यूषण पर्व को लेकर श्री ऊं वीर परम ज्योति महासंघ द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। यह बैठक स्थानीय स्वाध्याय भवन आयोजित हुई, जिसमें आगामी पर्व की रूपरेखा तय की गई। बैठक में बताया गया कि पर्यूषण पर्व के दौरान विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दसलक्षण पर्व की 15 सितंबर पंचमी से शुरूआत होगी और 27 सितंबर रविवार एकम को क्षमावाणी पर्व एवं सोलहकारण पर्व के साथ समापन होगा। 10 दिनों तक प्रतिदिन अभिषेक, शांतिधारा, प्रवचन, भक्ति, तत्वार्थसुत्र वाचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सुगंधदशमी पर्व पर सभी जैन मंदिर में रंगोली द्वारा मण्डलजी बनाए जायेंगे एवं झांकीयां भी बनाई जाएगी। समिति ने सभी समाजजनों से पर्व के दौरान संयम और तपस्या के साथ भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में बड़ी संख्या में युवा सदस्य मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष सुशील गोधा ने आह्वान किया है कि सभी युवा साथी प्रोग्राम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेवे। बैठक में विनोद टोंग्या, संजय पाटनी, गुणवन्त विनायका, दीपक टोंग्या, मनीष टोंग्या, प्रणय पाटनी, नितेश गोधा, अंकुर कासलीवाल, रजत टोंग्या, विकास शाह, सन्दीप कासलीवाल, राजेंद्र अग्रवाल, प्रमोद गोधा आदी सदस्यों ने अपने सुझाव दिये।

## हरतालिका तीज पर मंदिरों में रतजगा कर भजनों पर महिलाओं ने किया नृत्य



**सारंगपुर।** सारंगपुर नगर में हरतालिका तीज का पावन पर्व अपार श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। अखंड सौभाग्य और पति की दीघार्यु की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं व कुंवारी कन्याओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। सुबह से ही नगर के प्रमुख शिवालयों और देवालयों में पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं का तांता लगा रहा। महिलाओं ने 16 श्रृंगार कर टोली के रूप में एकत्रित होकर बालू (रेत) से शिव-पार्वती और गणेश जी की प्रतिमाएं बनाईं। इसके बाद धूप, दीप, फूल, फल, और सुहाग सामग्री अर्पित कर कथा का श्रवण किया। हरतालिका तीज को लेकर पूरे नगर के बाजारों में भी खासा उत्साह देखा गया। पूजन सामग्री, फल, फूल और श्रृंगार की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड रही। रात्रि में महिलाओं ने रतजगा कर भजन-कीर्तन किए और भगवान शिव-पार्वती के भजनों पर जमकर नृत्य किया। अगले दिन सुबह आरती और पूजन के बाद मिट्टी की प्रतिमाओं का पवित्र कालीसिंध नदी और स्थानीय जलाशयों में विसर्जन किया गया। इसके पश्चात महिलाओं ने पारण कर अपने व्रत को पूर्ण किया। नगर पालिका प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रमुख मंदिरों और विसर्जन स्थलों पर आवश्यक प्रबंध किए गए थे, जिससे पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## आज भी कायम है 700 साल पुरानी परंपरा, हर शुभ कार्य की पहली पत्रिका बड़े गणपति के नाम

**सुसनेर।** गणेश चतुर्थी के पर्व पर जहां घर-घर और पंडालों में प्रथम पूज्य भगवान गणेश की स्थापना की जाती है. वहीं सुसनेर में भगवान गणेश से जुड़ी एक अनूठी और सदियों पुरानी परंपरा आज भी श्रद्धा के साथ निभाई जा रही है। नगर से करीब एक किलोमीटर दूर बामनीयाखेड़ी मार्ग पर स्थित बड़े गणपति मंदिर में हर मांगलिक कार्य की पहली पत्रिका भगवान गणेश के चरणों में अर्पित करने की परंपरा है। विवाह हो या गृह प्रवेश, नामकरण संस्कार हो या कोई अन्य शुभ कार्य– गरवासी सबसे पहले बड़े गणपति को निमंत्रण देते हैं। बड़े गणपति मंदिर का इतिहास करीब 700 वर्ष पुराना बताया जाता है। प्राकृतिक हरियाली और शांत वातावरण के बीच स्थित यह मंदिर लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केन्द्र बना हुआ है। मंदिर में विराजित भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। गणेश चतुर्थी के दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक वातावरण देखने को मिलता है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। समय के साथ मंदिर की स्थिति जीर्ण-शीर्ण हो गई थी। श्रद्धालुओं की भावना और सहयोग से करीब सात वर्ष पूर्व मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया गया, जिसके बाद मंदिर को नया और भव्य स्वरूप मिला। वर्तमान में मंदिर परिसर में पहुंचते ही श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण का अनुभव होता है।

# क्या कम खाने से तेजी से घटता है वजन?





वजन कम करने की बात आते ही ज्यादातर लोग अपनी डाइट में सुधार करने लगते हैं। जो लोग दिन में तीन मील लेते हैं, वे वजन कम करने के चलते दो मील लेने लगते हैं। ऐसे में यह सवाल जरूर उठता है कि क्या वाकई कम खाकर वजन कम किया जा सकता है? हालांकि, इस बारे में एक्सपर्ट का कहना है कि कम खाना खाकर वजन कम करने में मदद मिलती है।

## क्या वाकई कम खाकर वजन कम किया जा सकता है?

यह पूरी तरह सच है कि कम खाकर वजन कम किया जा सकता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि इसकी वजह से शरीर में कैलोरी की कमी होने लगती है। इस बारे में डायटिशियन दिव्या गांधी का कहना है, जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, वे अपनी डाइट में कटौती करके ऐसा कर सकते हैं। निश्चित रूप से कम खाने से वजन पर असर पड़ता है।

असल में हमारे शरीर को एनर्जी की जरूरत होती है, जिसके लिए डाइट के जरिए हम कैलोरी लेते हैं। वहीं, अगर हमारा कैलोरी इनटेक कम हो जाता है, लेकिन एनर्जी की खपत बढ़ती रहती है, तो ऐसे में धीरे-धीरे वजन कम होने लगता है।

### कम खाने से वजन कम कैसे होता है?

हमारे शरीर को रोजमर्रा के कामकाज करने के लिए एनर्जी की जरूरत होती है। इसकी कमी की पूर्ति हम सही खान-पान की मदद से कर पाते हैं। जब आप कम खाना खाते हैं, तो इसकी वजह से शरीर स्टोर फैट को एनर्जी के रूप में उपयोग करता है। इस तरह बॉडी फैट बर्न होता है और वजन कम होने लगता है।





हालांकि, आप दिन भर में कितनी मात्रा में कैलोरी ले रहे हैं, यह बात बहुत ज्यादा मायने रखती है। एक्सपर्ट की मानें, तो दिन भर में 500 तक कैलोरी कम करना पर्याप्त होता है। इससे सेफ वेट लॉस में मदद मिलती है डायटिशियन दिव्या गांधी स्पष्ट करती हैं कि एक दिन में बहुत ज्यादा मात्रा में कैलोरी काउंट कम करना सही नहीं है। इसे क्रैश डाइटिंग कहा जाएगा, जिससे शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है और एनर्जी का स्तर भी गिर सकता है।

एक्सपर्ट यह भी कहती हैं कि आप दिन भर में भले ही कम चीजें खाएं, लेकिन क्या और कितनी मात्रा में खा रहे हैं, यह बात भी मायने रखती है। अगर आप हेल्दी तथा पोषक तत्वों से भरपूर चीजों का सेवन कर रहे हैं, तो वजन कम होने के बावजूद शरीर में न्यूट्रिशन की कमी नहीं होती है।

### बहुत कम खाने के नुकसान-

दिन भर में सिर्फ मील कम करने पर जोर न दें। इसके अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल करें।

## कम खाने के स्मार्ट तरीके

**अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं इसलिए कम खाने लगे हैं, तो जरा सावधानी बरतने की जरूरत है। डाइट में एकदम से चीजें कम न करें। इसके बजाय, बताए गए स्मार्ट तरीके अपनाएं-**

### 1. प्रोटीन इनटेक बढ़ाएं

कम खाना, लेकिन हेल्दी खाना जरूरी होता है। डायटिशियन बताते हैं कि वजन कम करने की चाह में जरूरी है कि आप प्रोटीन इनटेक बढ़ाएं। इससे मसल लॉस रिकवरी में मदद मिलती है और शरीर सुचारू ढंग से काम करता है।

### 2. फाइबर जरूर लें

आप चाहें खाना कम खाएं या ज्यादा। हर रूप में आपको फाइबर आवश्यक रूप में लेना चाहिए। फाइबर खाने से लंबे समय तक पेट भरे होने का एहसास होता है, जिससे जल्दी भूख नहीं लगती है। साथ ही, पाचन क्रिया भी दुरुस्त रहती है।

### 3. लिक्विड कैलोरी न लें

वजन कम करने के क्रम में लिक्विड कैलोरी भी लेने से बचें। इसमें चाय वाली चीनी आदि शामिल हैं। ध्यान रखें कि इस तरह की चीजें भी बॉडी में कैलोरी काउंट बढ़ाती हैं, जिससे वेट गेन हो सकता है।

### 4. पोर्शन साइज पर रखें नजर

कम खा रहे हैं, लेकिन कितनी मात्रा में खा रहे हैं, यह बात बहुत मायने रखती है। कम खाते हुए भी पोर्शन साइज को संतुलित रखें। कई लोग दिन में भर में तीन के बजाय दो मील लेते हैं, लेकिन हर बार ओवर ईटिंग कर बैठते हैं। यह सही नहीं है। इससे वजन बढ़ता है। हमेशा धीरे-धीरे खाना खाएं और सीमित मात्रा में खाएं।




### सबसे लंबे समय तक वनडे खेलने वाले क्रिकेटर बने; 22 साल 4 महीने का हुआ करियर

# जिम्बाब्वे के ब्रेंडन ने तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी ▸▸ जिम्बाब्वे**



जिम्बाब्वे के विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने मंगलवार को भारत के सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हरारे में पहला वनडे खेलने उतरे। इसके साथ ही वे सबसे लंबे समय तक वनडे खेलने वाले खिलाड़ी बन गए।

टेलर का वनडे करियर अब 22 साल 4 महीने का हो गया है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 22 साल और 3 महीने को पीछे छोड़कर यह उपलब्धि हासिल की। टेलर ने करियर में 207 मैच खेले। उन्होंने इस दौरान 11 शतकों और 39 अर्धशतकों के साथ 6704 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर145 रन रहा।

सचिन ने 2012 में 50 ओवर के फॉर्मेट से संन्यास लिया था। उन्होंने अपने करियर में 463 वनडे मैच खेले और 18426 रन बनाए। वे अब भी वनडे में सबसे ज्यादा मैच खेलने और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 40 साल के टेलर ने 2021 में संन्यास ले लिया था। 2022 में क्ळउ के एंटी-करप्शन और एंटी-डोपिंग कोड तोड़ने पर उन पर साढ़े तीन साल का प्रतिबंध लगा था। प्रतिबंध पूरा करने के बाद वे 2025 में संन्यास से लौटे हैं। टेलर 2004 में जिम्बाब्वे के सबसे शानदार बल्लेबाजों में शामिल हुए थे। वे जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी हैं। सचिन के कई बड़े रिकॉर्ड हैं, जिनका टूटना मुश्किल नजर आता है। इंटरनेशनल में उनके 34357 रन के करीब विराट कोहली हैं।

### कोहली ने वनडे शतकों का रिकॉर्ड तोड़ा था



इससे पहले सचिन के 3 बड़े रिकॉर्ड टूटे थे। विराट कोहली ने वनडे शतक का रिकॉर्ड तोड़ा था। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रुट ने हाल ही में हुई पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 69वां अर्धशतक बनाया था। अब टेलर ने सबसे लंबे वनडे करियर का रिकॉर्ड तोड़ा है।

## भुवनेश्वर बोले- 2019 वर्ल्ड कप की हार चुभती है

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा है कि 2019 वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार उनके करियर का सबसे दुखद पल था। उन्होंने जतिन सप्रू के यूट्यूब शो में कहा- 240 रन का टारगेट हासिल किया जा सकता था, इसलिए वह हार ज्यादा चुभती है। भारत 2019 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच न्यूजीलैंड से 18 रन से हार गया था। टीम 240 रन के जवाब में 49.3 ओवर में 221 रन पर ही ऑलआउट हो गई थी। 36 साल के भुवनेश्वर नवंबर 2022 से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि अब वह वापसी की उम्मीद में नहीं बैठे हैं।

## नैनो न्यूज

- **महिला एशिया कप चैंपियन बनी भारत-** भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप खिताब जीता। टीम सोमवार को दिल्ली लौटी।
- **अभियान में भारत का बड़ा लक्ष्य-** भारत एशियन गेम्स में लगातार दूसरी बार 100 से ज्यादा पदक जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगा।
- **एशियन गेम्स में भारतीय दल तैयार-** भारत के खिलाड़ी एथलेटिक्स, शूटिंग, हॉकी, क्रिकेट, कुश्ती और बैडमिंटन सहित कई खेलों में पदक की दावेदारी पेश करेंगे।
- **आठ भारतीय खिलाड़ियों का वीजा अटका-** एशियन गेम्स से पहले भारत के आठ ट्रैक एंड फील्ड खिलाड़ियों के वीजा में देरी हुई, जिससे तैयारी प्रभावित होने की चिंता बढ़ी।
- **जापान में भारत का क्रिकेट मुकाबला-** एशियन गेम्स के दौरान 22 सितंबर को भारत और जापान के बीच टी20 मुकाबला होगा। जापान के लिए यह ऐतिहासिक क्रिकेट अवसर है।
- **जोकोविच रैंकिंग में 12वें स्थान पर-** यूएस ओपन के पहले दौर में हार के बाद नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंच गए।
- **नेमार की राष्ट्रीय टीम वापसी नहीं-** ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा कि नेमार राष्ट्रीय टीम में वापसी नहीं करेंगे, हालांकि उन्होंने खिलाड़ी की क्षमताओं की प्रशंसा की।

### प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट रहे; अब वैभव से मिल रही चुनौती

# अश्विन बोले- संजू की जगह कोई क्यों नहीं समझता, टी-20 वर्ल्ड कप जिताया

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

संजू सैमसन की टीम इंडिया में जगह को लेकर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने उनके लगातार टीम में आने-जाने की स्थिति पर चिंता जताई है। अश्विन के मुताबिक, टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट बनने के बाद भी अगर किसी खिलाड़ी को अपनी जगह को लेकर भरोसा न हो, तो यह उसके लिए मानसिक रूप से मुश्किल हो सकता है।

इंग्लैंड सीरीज के बाद संजू को जिम्बाब्वे दौरे की टी-20 टीम में जगह नहीं मिली थी। हालांकि चयनकताओं ने इसे ड्रॉप किए जाने के बजाय आराम बताया था। इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में उनकी टीम में वापसी हुई। दिल्ली में खेले गए पहले टी-20 में संजू 8 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने अभिषेक शर्मा की 82 रन की पारी और अर्शदीप सिंह के 3 विकेट की मदद से यह मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया।

संजू ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा 5 पारियों में 321 रन बनाए। उनका औसत 80.25 और स्ट्राइक रेट 199.37 रहा। ग्रुप मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 89 और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी 89 रन बनाए। फाइनल में उनकी पारी के दम पर भारत ने 255/5 का स्कोर बनाया और न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता।




**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### तालाब में डूबने से राजस्थान के 2 युवकों की मौत

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के सारंगी चौकी क्षेत्र अंतर्गत कालीघाटी-बोड़ायता मार्ग पर स्थित तालाब में नहाने उतरे राजस्थान के दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। दोनों युवक जल जीवन मिशन के तहत माही डैम से सारंगी-मठमठ तक पाइपलाइन बिछा रहे मजदूरों से मिलने आए थे। सोमवार शाम करीब 4 बजे वे तालाब में नहाने उतरे थे। युवकों को गहराते पानी में डूबता देख पास मौजूद चरवाहों ने तुरंत शोर मचाया। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तालाब में छलांग लगाई और एक युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मृतक की पहचान जोधपुर (राजस्थान) निवासी भोमसिंह पिता राणु के रूप में हुई।

### वराह मार्च से पहले आयोजक समेत 40 लोग हिरासत में

**धार।** शहर में मंगलवार को प्रस्तावित वराह मार्च को लेकर पुलिस-प्रशासन की सख्ती जारी है। मार्च में शामिल होने के लिए जा रहे कई लोगों को पुलिस ने त्रिमूर्ति चौराहे से गिरफ्तार किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस टीम शहर के अलग-अलग चौराहों और प्रमुख मार्गों पर लगातार भ्रमण कर रही है। सनातन प्रहरी समिति ने दोपहर 2 बजे पीजी कॉलेज से विजय कीर्ति मंदिर तक बाइक रैली निकालने का आह्वान किया है। प्रशासन ने रैली की अनुमति निरस्त कर दी है। इसके बावजूद मार्च में शामिल होने के लिए लोगों के पहुंचने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मार्च के लिए समिति से जुड़े लोगों के पीजी कॉलेज ग्राउंड में जुटने की संभावना थी। इसे देखते हुए प्रशासन ने पीजी कॉलेज ग्राउंड को पूरी तरह सील कर दिया है।

### फरार आरोपियों को शरण देने वालों पर कार्रवाई की मांग

**झाबुआ।** जिले के कालीदेवी में अंजली की संदिग्ध मौत और हत्या के मामले में न्याय मांग रहे परिजनों ने मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार को एक ज्ञापन सौंपा। परिजनों ने मांग की है कि इस गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपियों को शरण देने वाले और पीड़ित परिवार को धमकाने वाले लोगों पर तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। अंजली की मौत के मामले में उसके पति, ससुर और सास लंबे समय से फरार हैं। पुलिस इनकी तलाश कर रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों की जानकारी के अनुसार, कुछ नामजद लोगों पर इन फरार आरोपियों को पुलिस से बचाने का आरोप है। इन पर आरोप है कि वे आरोपियों को छिपाने, सुरक्षित रखने और एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में मदद कर रहे हैं।

### खनन से गहरे गड्ढे ब्लास्टिंग से मकानों में दरार



**कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण ईटीएस से जांच कराने की मांग**

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर विकासखंड के ग्राम अमनकुआ के ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने शासकीय भूमि पर चल रही पत्थर और मुरम खदान की जांच कराने की मांग को लेकर कलेक्टर को एक आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने खदान की ईटीएस मशीन से पैमाइश कराने, खुदाई की मात्रा जांचने और गड़बड़ी मिलने पर खदान बंद कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अमनकुआ के शासकीय सर्वे नंबर 620 की जमीन पर करीब आठ साल से पत्थर और मुरम की खुदाई हो रही है। ग्रामीणों ने खदान संचालक हेमंत गणपतलाल बारिया पर आरोप लगाया कि लंबे समय से खनन के कारण मौके पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, पहले इन गड्ढों में मवेशियों के गिरने से मौतें भी हो चुकी हैं। अभी भी हादसे का खतरा बना हुआ है। ग्रामवासी रमेश ने बताया कि खदान में ब्लास्टिंग के दौरान आसपास के इलाके में तेज कंपन होता है। ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लास्टिंग की वजह से आसपास के मकानों में दरारें आ गई हैं।

## नैनो न्यूज

- **न्यूजीलैंड से व्यापार बढ़ेगा-** भारत-न्यूजीलैंड एफटीए अक्टूबर से लागू होने की संभावना से इंदौर के निर्यात कारोबारियों को नया बाजार मिलने की उम्मीद।
- **सोना-चांदी कारोबार में हलचल-** कीमती धातुओं के भाव में बदलाव से इंदौर के सराफा कारोबार में खरीदारी और ग्राहकों की गतिविधियां प्रभावित हुईं।
- **सियागंज में व्यापारिक गतिविधियां तेज-** न्यू सियागंज मार्केट में किराना और थोक कारोबार से जुड़े व्यापारियों की गतिविधियां जारी रहीं।
- **कपड़ा बाजार में ग्राहकी बढ़ी-** त्योहारी सीजन को देखते हुए कपड़ा कारोबारियों ने नई वैरायटी और स्टॉक बढ़ाने पर जोर दिया।
- **ऑटो पार्ट्स बाजार में मांग-** वाहनों की सर्विसिंग और मरम्मत के चलते इंदौर के ऑटो पार्ट्स कारोबार में मांग बनी हुई है।
- **किराना थोक बाजार सक्रिय-** शास्त्री मार्केट क्षेत्र में थोक कारोबारियों के बीच रोजमर्रा की वस्तुओं की खरीद-बिक्री जारी रही।
- **एमआर-10 क्षेत्र में व्यापार विस्तार-** इंदौर के बाहरी हिस्सों में व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ने से नए गोदाम और कारोबारी प्रतिष्ठानों की मांग बढ़ रही है।
- **दाल कारोबार में कीमतों पर नजर-** थोक व्यापारियों की नजर आवक और मंडी भाव पर बनी हुई है, जिससे आगे कीमतों की दिशा तय होगी।
- **खाद्य कारोबार में त्योहारी तैयारी-** त्योहारों को देखते हुए नमकीन, मिठाई और खाद्य कारोबारियों ने उत्पादन तथा स्टॉक बढ़ाना शुरू किया।

आईडीए का 12 हजार वर्गमीटर मैदान मिला, सुरक्षा व्यवस्था खुद करेगी कांग्रेस

# इंदौर में राहुल गांधी की सभा को पांच शर्तों पर मंजूरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को आईडीए ने 5 शर्तों के साथ मंजूरी दे दी है। 19 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम के लिए आईडीए ने सिर्फ खाली जमीन उपलब्ध कराने की बात कही है। सुरक्षा समेत बाकी व्यवस्थाएं आयोजकों को खुद करनी होंगी।

राहुल गांधी 19 सितंबर को इंदौर आएंगे। कार्यक्रम के लिए रीजनल पार्क के सामने स्थित आईडीए का 12 हजार वर्गमीटर मैदान दिया गया है। कांग्रेस ने इसके लिए 10.08 लाख रुपए जमा किए हैं। कांग्रेस के मुताबिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र पहुंचेंगे। करीब 5 एकड़ में हाईटेक वॉटरप्रूफ डोम तैयार किया जा रहा है। इसमें 1 लाख युवाओं के बैठने की क्षमता होने का दावा किया गया है।



**बारिश सबसे बड़ी चुनौती**

कांग्रेस नेता दिलीप सुरागे ने बताया कि फिलहाल कार्यक्रम स्थल पर सबसे बड़ी चुनौती बारिश है। लगातार बारिश के कारण मैदान में कीचड़ हो रहा है। इसे देखते हुए मिट्टी डालकर जमीन को समतल किया जा रहा है। डोम का काम भी तेजी से चल रहा है, ताकि बारिश की स्थिति में छात्रों को परेशानी न हो। पार्किंग और आने-जाने की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है।

बारिश के कारण मैदान में कीचड़ है। मिट्टी और गिट्टी डालकर जमीन समतल करने का काम चल रहा है। डोम और मंच तैयार करने के लिए दिल्ली से आई टीम व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही है। राहुल गांधी 19 सितंबर को इंदौर आएंगे। इससे पहले छात्रों की गूंज कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां तेज हो गई हैं। करीब 5 एकड़ में हाईटेक वॉटरप्रूफ डोम तैयार किया जा रहा है, जिसमें कांग्रेस के मुताबिक 1 लाख युवाओं के बैठने की क्षमता होगी। बारिश से मैदान में कीचड़ है, फिर भी मिट्टी डालकर जमीन समतल करने का काम जारी है। बारिश की संभावना को देखते हुए डोम और अन्य व्यवस्थाएं भी उसी हिसाब से की जा रही हैं। राहुल का मंच उत्तर दिशा में होगा, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आयोजन में प्रवेश नहीं मिलेगा।

**ढाई लाख वर्गफीट में तैयार हो रहा डोम**

कार्यक्रम स्थल पर करीब ढाई लाख वर्गफीट क्षेत्र में डोम लगाने की तैयारी है। डोम का सामान बड़े ट्रकों से लाया जा रहा है। इसके लिए भोपाल से सामग्री मंगाई गई है। बारिश के बीच मजदूर और तकनीकी टीमें काम कर रही हैं। मैदान में मिट्टी डालकर उसे मजबूत और समतल किया जा रहा है। दूसरी ओर डोम की संरचना खड़ी की जा रही है।

**उत्तर दिशा में बनेगा राहुल का मंच**

कार्यक्रम के लेआउट के मुताबिक राहुल गांधी का मंच उत्तर दिशा में बनाया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आयोजन स्थल पर एंट्री प्रतिबंधित रहेगी। छात्रों के लिए मुख्य प्रवेश रीजनल पार्क की ओर से रखा गया है। राहुल गांधी के मंच तक पहुंचने के लिए अलग रास्ता बनाया जा रहा है। वे पीछे के रास्ते से सीधे मंच तक पहुंचेंगे। इस रास्ते पर राहुल गांधी की कार के अलावा किसी अन्य वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वीआईपी मूवमेंट को छात्रों की आवाजाही से अलग रखने की तैयारी है। कई जगह इस तरह के कटआउट लगाए गए हैं। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए दिल्ली से टीम इंदौर पहुंची है। यह टीम डोम, मंच, मैदान के लेआउट और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दिशा-निर्देश दे रही है। डोम की डिजाइन से लेकर कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं से जुड़े कई फैसले इसी टीम की निगरानी में लिए जा रहे हैं।

मंदिर प्रबंध समिति ने पहली बार कराया इतना बड़ा इश्योरेंस, सुरक्षा व्यवस्था के भी हैं पुख्ता इंतजाम


# खजराना मंदिर में भक्तों का 20 करोड़ का बीमा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खजराना गणेश मंदिर में 10 दिवसीय गणेशोत्सव के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर प्रबंध समिति ने पहली बार 20 करोड़ रुपए की पब्लिक लायबिलिटी इंश्योरेंस पॉलिसी कराई है। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए बीमा को सुरक्षा व्यवस्था के अतिरिक्त कवच के तौर पर लिया गया है।

पॉलिसी के तहत गणेशोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को निर्धारित नियम और शर्तों के अनुसार बीमा सुरक्षा मिलेगी। किसी दुर्घटना, अप्रिय घटना या जनहानि की स्थिति में पॉलिसी के प्रावधानों के मुताबिक बीमा कंपनी की ओर से भुगतान किया जा सकेगा।

मंदिर समिति के अध्यक्ष और कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं का बीमा कराया गया है।



इसकी क्लेम राशि 20 करोड़ रुपए रहेगी। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश से यही प्रार्थना है कि इसकी जरूरत न पड़े। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि भगवान गणपति की कृपा से बीमा सुविधा का उपयोग करने की स्थिति न आए, यही कामना है।

**सीसीटीवी से निगरानी सहित पुलिस और गार्ड भी बढ़ाए**

गणेशोत्सव के 10 दिनों में खजराना गणेश मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। दर्शन व्यवस्था के साथ सुरक्षा के लिए भी अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। पुलिस बल के साथ सुरक्षा गार्डों की संख्या भी बढ़ाई गई है। मंदिर समिति के मुताबिक श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के साथ भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मंदिर में पहले भी इंश्योरेंस कराया जाता था, लेकिन उस समय करीब 2 करोड़ रुपए का बीमा रहता था। इस साल पहली बार बीमा राशि बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए की गई है।

विजयवर्गीय ने रैपर्स और सिंगर्स को लेकर कसा तंज

## हमारे लिए तो राहुल गांधी ही काफी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर फिर तंज कसा है। दरअसल भाजपा द्वारा आयोजित सेवा संकल्प की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। दरअसल पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि राहुल गांधी के कार्यक्रमों में भीड़ बुलाने के लिए रैपर्स को बुलवाया गया है, सिंगर्स को बुलवाया गया है।

इस पर विजयवर्गीय ने कहा कि जनता राहुल गांधी को सुनने नहीं आ रही। हमारे लिए तो राहुल गांधी ही काफी हैं, इस तीखे तंज पर पलटवार और चुटकी लेते हुए वहां मौजूद भाजपा खेमे की तरफ से हाजिरजवाबी आई। खुद विजयवर्गीय ने भी जमकर ठहाका लगाया। इस टिप्पणी का साफ इशारा इस ओर था कि भाजपा विपक्ष के चेहरे के रूप में राहुल गांधी को खुद के लिए राजनीतिक रूप से मुफीद मानती है। इसके पूर्व जब उनसे राहुल गांधी को लेकर और सवाल किए तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि आज वे भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के बारे में बोलेंगे। फिर आखिरी सवाल पर सबको खूब हंसाया। वहां मौजूद पत्रकारों से मजाकिया अंदाज में फिटनेस और उम्र को लेकर भी संवाद किया, जिससे सियासी माहौल पूरी तरह खुशनुमा हो गया। उधर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी नहीं चूके। उन्होंने कांग्रेस द्वारा अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में झांकी की अनुमति को लेकर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को तो कार्टून शो की अनुमति मांगना चाहिए।

## गणेश शोभायात्रा में नाबालिगों पर चाकू से हमला, एक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

आजाद नगर इलाके में गणेश उत्सव के जुलूस के दौरान सोमवार रात चाकूबाजी हो गई। इसमें दो नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से 16 वर्षीय कृष्णा पंवार की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका साथी साहिल आईसीयू में भर्ती है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। आजाद नगर टीआई लोकेश भदौरिया के मुताबिक देर रात एमवाय अस्पताल से सूचना मिली थी कि असरावद खुर्द निवासी कृष्णा (16) पिता शेरू पंवार और उसके साथी साहिल पिता रमेश कजोले को चाकू मारे गए हैं। अस्पताल में उपचार के दौरान कृष्णा की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दोनों नाबालिग गणेश उत्सव के जुलूस में शामिल होने तेजाजी नगर से आजाद नगर आए थे। इलाके में एक साथ 9 से ज्यादा डीजे वाहन निकल रहे थे। दोनों जयदीप डीजे की गाड़ी के पीछे नाच रहे थे। इसी दौरान उनका कुशाल उर्फ कुणाल नाम के युवक से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने चाकू से कृष्णा की छाती पर वार कर दिया। वह जमीन पर गिर गया। कृष्णा को बचाने के लिए साहिल आगे आया तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया।

## युवक को धमकाकर 55,700 रुपये लूटे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में एमआर-10 ब्रिज के पास तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर मोबाइल, पर्स और क्रेडिट कार्ड लूट लिया। आरोपियों ने पहले उसे डराकर अपने लिए बीयर खरीदवाई। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल का पासवर्ड और यूपीआई पिन पूछा और क्रेडिट कार्ड व बैंक खाते से 55,700 रुपए ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार, स्कीम नंबर 136 निवासी दुर्गेश (33) पुत्र राधाकिशन गौर 29 अगस्त की रात करीब 11.30 बजे एमआर-10 ब्रिज स्थित वाइन शॉप पर गए थे। इसी दौरान तीन युवक वहां पहुंचे और दुर्गेश को डराकर अपने लिए बीयर खरीदवाई। इसके बाद आरोपी उन्हें दुकान से बाहर ले गए और मारपीट करते हुए मोबाइल, एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड और पर्स छीन लिया। पर्स में 2 हजार रुपए नकद, आधार कार्ड और पैन कार्ड की कॉपियां थीं।

लूट के बाद आरोपियों ने दुर्गेश को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उससे मोबाइल का पासवर्ड और यूपीआई पिन पूछा। आरोपियों ने क्रेडिट कार्ड से 51,500 रुपए और पीएनबी खाते से 4,200 रुपए अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए। इस तरह कुल 55,700 रुपए ट्रांसफर किए गए। वारदात के बाद आरोपी बाइक से मौके से फरार हो गए। दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि भागते समय तीनों आरोपी एक-दूसरे को 'चूचू', 'किट्टू' और 'कालू' कहकर बुला रहे थे। दुर्गेश की शिकायत पर शुरूआत में पुलिस ने आवेदन लिया था। तीनों आरोपियों के हिरासत में आने के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## करणी सेना का पदाधिकारी हत्या के केस में गिरफ्तार

### गाय चोरी के शक में युवक की पीट-पीटकर हत्या

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



निरंजनपुर इलाके में करीब 10 दिन पहले हुई चंदर लोहार की हत्या के मामले में पुलिस ने करणी सेना के पदाधिकारी मान सिंह राजावत को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि चंदर की सूरज जाट, भूरा यादव और उनके साथियों ने गाय चोरी के आरोप में पिटाई की थी। इस दौरान मान सिंह भी उसके साथ मारपीट करते वीडियो में दिखाई दे रहा है। मामले में अब तक 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

करीब 10 दिन पहले सूरज जाट, भूरा यादव और उनके साथियों ने चंदर लोहार की पिटाई की थी। आरोप था कि चंदर ने डेयरी संचालक की गाय चुराई थी। गंभीर चोटों के कारण चंदर की रात में ही मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस के हाथ एक वीडियो लगा। इसमें करणी सेना के पदाधिकारी मान सिंह राजावत भी चंदर के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मान सिंह को नामजद आरोपी बनाया और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी सूरज जाट फरार है। वहीं, सूरज की पत्नी की ओर से उसके वकील ने कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें दावा किया गया है कि सूरज पुलिस की हिरासत में है और उसके साथ कोई अनहोनी हो सकती है।

**तुरंत आवश्यकता**

आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक

अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

# डीएवीवी गेट पर एबीवीपी का धरना

### आईटी पार्क जाने वाले मार्ग पर लगा आधा किमी लंबा जाम



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

छात्र से जुड़ी मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। मंगलवार दोपहर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के मेन गेट पर बड़ी संख्या में छात्र जुटे और नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने नगर निगम से समस्याओं का जल्द निराकरण की मांग की है। वहीं, प्रदर्शन के चलते मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

जबकि भंवरकुआ से आईटी पार्क जाने वाले मार्ग पर आधा किमी मीटर से ज्यादा मार्ग पर गाड़ियां फंसी और जाम लगा रहा। वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रहे हैं। बस स्टॉप और बस पास शुल्क कम करने की मांग एबीवीपी की प्रमुख मांगों में स्कूल ऑफ फामेर्सी के सामने सिटी बस स्टॉप की व्यवस्था करना और सिटी बस के बढ़े हुए बस पास शुल्क को कम करना शामिल है। साथ ही डीएवीवी के मुख्य गेट के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग है।

गर्ल्स हॉस्टल रोड पर कैमरे और लाइट लगाने की मांग एबीवीपी ने डीएवीवी गर्ल्स हॉस्टल के सर्विस रोड पर सुरक्षा के लिए कैमरे लगाने और पर्याप्त लाइट की व्यवस्था करने की मांग भी की है।

एबीवीपी पदाधिकारियों का कहना है कि इन समस्याओं के कारण रोजाना बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर विश्वविद्यालय परिसर और गर्ल्स हॉस्टल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर छात्राओं की ओर से लगातार मांग उठाई जा रही है।

**श्री गणेश बैंड उज्जैन**
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दुल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

**जय श्री महाकाल**
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
**ए.के. ट्रेडर्स**
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
**कटे कान जुड़वाएं**
**किडनी की पथरी का अंत तुरंत**
**नि:शुल्क दवा प्राप्त करें**
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
**पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर**
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com